# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 09 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 155, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ का उछाल

शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह कुल 1,00,850 .96 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। } 14

## विदेश मंत्री जयशंकर यूरोप की यात्रा पर रवाना

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए जहां वह फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ वार्ता करेंगे। } 16

संक्षेप

### टेक्सास नप चुनाव में जीते दो भारतीय अमेरिकी

ह्यूस्टन (अमेरिका)। अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी मुकाबले के लिए मतदान हुआ। शुगरलैंड के डिस्ट्रिक्ट 2 में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। फोर्ट बेंड काउंटी के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले।

### इजराइली गोलीबारी में पांच लोग मारे गये

देर अल-बला (गाजा पट्टी)। गाजा पट्टी में इजराइल और अमेरिका समर्थित समूह द्वारा संचालित राहत सहायता वितरण केंद्र से लगभग एक किलोमीटर दूर इजराइली गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपने सैनिकों के नजदीक आने वाले लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल में चार शव लाए गए। वहां मौजूद फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सेना ने उन पर एक गोल चक्कर पर गोलीबारी की थी जो पास के शहर राफा में गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित एक राहत सहायता केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने उन लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं जो संदिग्ध थे। इसने कहा कि वे उसकी सेना की ओर बढ़ रहे थे और पीछे हटने की चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया था। वहां 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव... शेष पृष्ठ 14 पर

### सूडा के परियोजना प्रबंधक ने फंदा लगाकर दी जान

लखनऊ। राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) के परियोजना प्रबंधक ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुधाकांत मिश्रा (59) के रूप में हुई है और उन्होंने शनिवार रात गाजीपुर थाना क्षेत्र में इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर फंदा लगा लिया। घटना के समय मिश्रा की पत्नी दूसरे कमरे में थी और उनका बेटा घर पर नहीं था। पुलिस ने बताया कि जब बेटा घर लौटा तो उसने अपने पिता को फंदे पर लटका पाया और उन्हें एक निजी अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि ... शेष पृष्ठ 14 पर



लखनऊ स्थित एक होटल में टीम इंडिया के युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह व सांसद प्रिया सरोज ने सगाई की रस्म पूरी की। इस मौके पर खेल जगत की कई दिग्गज हस्तियां मौजूद रहीं।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे

## पहले की तरह मजबूत और आत्मविश्वास में नजर आ रहे प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ जून 2024 को जब तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी, तो उस वक्त राहुल गांधी बेहद उत्साहित नजर आये थे क्योंकि लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने से चूक गई थी, जबकि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उसने 543 सदस्यीय निचले सदन में 400 से अधिक सीट जीतने का दावा किया था। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद आलोचकों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता नीतीश कुमार पर निर्भरता को रेखांकित किया था।

आलोचकों ने कहा था कि नायडू और कुमार का गठबंधन बदलने का इतिहास रहा है और उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में लोकसभा चुनाव में इसका (भाजपा) प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा है, जिससे भविष्य में राजनीतिक उथल-पुथल की संभावना है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा था, हमने मोदी को मनोवैज्ञानिक रूप से खत्म कर दिया है। उनकी सरकार को जल्द ही सत्ता से हटा दिया जायेगा। सोमवार को मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ तथा कुल मिलाकर 11वीं वर्षगांठ मनायेगी और



प्रधानमंत्री पहले की ही तरह मजबूत स्थिति में और पूरे आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करते नजर आ रहे हैं। वहीं, उनके दो प्रमुख सहयोगी (नायडू और कुमार), जिन्हें विपक्ष बैसाखी बता रहा था, न केवल भरोसेमंद साबित हुए हैं, बल्कि जमकर मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहे हैं। भाजपा ने अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच को नये सिरे से तैयार करने के लिए फिर से काम शुरू किया है और विधानसभा चुनावों में आश्चर्यजनक रूप से बड़ी जीत हासिल करके अपनी गति फिर से हासिल कर ली। लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन हरियाणा और महाराष्ट्र में उम्मीद से कम रहा था, लेकिन इस पार्टी ने अपने कल्याणकारी उपायों और क्षेत्रीय नेतृत्व के प्रयासों से स्थिति को बदल दिया और विधानसभा चुनाव में इन दोनों राज्यों में जीत हासिल की। भाजपा ने अंततः 26 वर्षों के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल की और अपने प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को पछाड़ दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और केजरीवाल जैसे अन्य भाजपा के प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से दूर हो गए हैं और शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (एसपी) जैसे दलों का भविष्य अनिश्चित है। दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर मनोज कुमार इस बात पर जोर देते हैं कि विपक्ष द्वारा मोदी के खिलाफ लड़ाई में विफल रहने के बावजूद मोदी के नेतृत्व की स्थिति लगभग निर्विवाद है। उन्होंने कहा कि राजनीति में किसी भी मोड़ पर हमेशा अवसर और चुनौतियां होती हैं। ... शेष पृष्ठ 14 पर

# मोदी सरकार में राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बने किसान

## पहले कृषि वैज्ञानिकों के अलावा और कोई भी स्वॉइल हेल्थ कार्ड के बारे में जानता ही नहीं था: योगी

एजेंसी

औरैया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार किसान सरकार के राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बने और उनके लिये विभिन्न नवोन्मेषी योजनाएं लागू की गयीं। मुख्यमंत्री ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत औरैया में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अन्नदाता किसान भी किसी सरकार के राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बन सकता है, यह आपको पहली बार वर्ष 2014 में देखने को मिला होगा, जब प्रधानमंत्री नरन्द्र मोदी ने सॉइल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था शुरू की थी।

उन्होंने कहा कि पहले कृषि वैज्ञानिकों के अलावा और कोई भी सॉइल हेल्थ कार्ड के बारे में जानता ही नहीं था। उसके बाद प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई की योजना और फिर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना शुरू की गयी। आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ देश के 12 करोड़ किसान प्राप्त



कर रहे हैं। आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि अकेले उत्तर प्रदेश में ही अब तक अब तक दो करोड़ 86 लाख किसानों के खाते में 85 हजार करोड़ रुपए भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, वर्ष 2017 में हमने सबसे पहले 86 लाख किसानों का 36000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। इसके अलावा अब तक 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी गयी है। मुख्यमंत्री ने मक्का के लिये खरीद केन्द्र स्थापित करने का ऐलान करते हुए कहा, हम औरैया के किसानों को इस बात के लिए आश्वस्त करेंगे कि बहुत जल्द हम इसके लिए क्रय केंद्र स्थापित करके न्यूनतम समर्थन मूल्य की भी घोषणा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार ने पहली बार कृषि विश्वविद्यालयों और आईसीआर के वैज्ञानिकों को उनके केंद्रों से निकालकर खेतों में भेजने का काम किया है। योगी ने कहा कि लैब टू लैंड की इस प्रक्रिया को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीज से बाजार तक अन्नदाता किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए चलायी जाने वाले अभियान का ही हिस्सा मानना चाहिये। उन्होंने पिछली सरकारों पर महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, पिछली सरकारें महापुरुषों का अपमान करती थीं। जनता के साथ मक्कारी करती थीं लेकिन डबल इंजन की भाजपा सरकार मक्के की खेती के उत्पादन को बढ़ाती है। महापुरुषों का सम्मान करने का काम करती है। यही वजह है कि प्रदेश सरकार ने औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखा है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, याद करिए पिछली सरकारों के समय गुंडे और माफिया हावी हुआ करते थे। ना बेटी सुरक्षित थी ना व्यापारी सुरक्षित था। नौजवान के लिए निकलने वाली नौकरियों पर चाचा (शिवपाल सिंह यादव) और भतीजे (अखिलेश यादव) की दृष्टि ऐसे लगती थी की पूरी भर्ती ही विवादित हो जाती थी। उन्होंने कहा, हमने अब तक आठ लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। हमने अभी प्रदेश पुलिस में 60 हजार नई ... शेष पृष्ठ 14 पर

# नेपाल का अस्थायी संरक्षित दर्जा खत्म

एजेंसी



काठमांडू। ट्रम्प सरकार ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि इस वर्ष 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा।

हिमालयन टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक, अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि लाभार्थियों को मियाद समाप्त होने के बाद, पांच अगस्त तक 60 दिन का समय दिया जाएगा। टीपीएस, बिना किसी अन्य कानूनी दर्जे के निर्दिष्ट देशों से आने वाले आप्रवासियों को 18 महीने तक अमेरिका में रहने की अनुमति देता है तथा सामाजिक परिस्थितियों के कारण सुरक्षित वापसी में बाधा उत्पन्न होने पर कानूनी तौर पर काम करने की सुविधा भी देता है। नेपाल को सबसे पहले 24 जून 2015 को 18 महीने की अवधि के लिए टीपीएस के लिए नामित किया गया था, यह निर्णय विनाशकारी भूकंप के बाद लिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप वहां जीवन स्तर में काफी, लेकिन अस्थायी रूप से व्यवधान उत्पन्न हुआ था। अमेरिका के गृह मंत्रालय ने 26 अक्टूबर 2016 को इस दर्जे को और 18 महीने के लिए बढ़ाया और इसके बाद इस अवधि में कई बार विस्तार किया गया। इसके अनुसार, लगभग 12,700 नेपाली नागरिकों को यह दर्जा प्राप्त है, जिनमें से 5,500 से अधिक लोग अमेरिका के कानूनन स्थायी निवासी बन गए हैं। हालांकि, यह दर्जा समाप्त होने पर 7,000 से अधिक नेपालियों को स्वदेश लौटना पड़ेगा।

# समान नागरिक संहिता से हर धर्म को मिला न्याय: धामी

## किसानों के हित में 14 हजार करोड़ की सात नई परियोजनाएं कीं गईं लागू

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार। प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू कर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना साकार किया गया है। यह कानून सभी धर्मों और वर्गों के लिए समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि यह रैली मेरा नहीं, बल्कि सवा करोड़ उत्तराखंडवासियों का सम्मान है।

यह उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के मंगलौर में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून लागू किए जाने के उपलक्ष्य में हरिद्वार के मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में एक भव्य धन्यवाद रैली का आयोजन किया गया,



जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर किया। रैली स्थल पर आमजन का भारी सैलाब उमड़ा और रैली में हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू कर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना साकार किया गया है। यह कानून सभी धर्मों और वर्गों के लिए समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि यह रैली मेरा नहीं, बल्कि सवा करोड़ उत्तराखंडवासियों का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। किसानों के लिए अनेक ऐतिहासिक ... शेष पृष्ठ 14 पर

# मंदिर, श्मशान और जलाशय पर सबका अधिकार : मोहन भागवत

## जातिवाद की विषमता से मुक्त समाज का निर्माण करें स्वयंसेवक

जिला संवाददाता

कानपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि पंच परिवर्तन के आधार पर संपूर्ण समाज में एक बड़े परिवर्तन की ओर जाने का प्रयास हो रहा है। संघ और स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वह ऐसे समाज का निर्माण करें जो जातिवाद की विषमताओं से मुक्त हो। मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। ऐसा न हो कि अमुक व्यक्ति मंदिर नहीं जाएगा तो अमुक व्यक्ति जलाशय से पानी नहीं लेगा।

बौद्धिक के दौरान संघ प्रमुख ने विशेष और सामान्य वर्ग के स्वयं सेवकों की चार टोलियों से अलग-अलग बात की। वह तीन दिवसीय कानपुर प्रवास पर हैं। आजादनगर स्थित दीनदयाल विद्यालय में भागवत ने कहा कि ऐसा समाज बनाएं जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो। ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवनशैली का निर्माण करें। यह पंच परिवर्तन का मूल सार भी है।



रविवार को सुबह से शाम तक संघ पदाधिकारियों के साथ भागवत की चार बैठकें हुईं। संघ शिक्षा वर्ग में शिक्षार्थियों से बातचीत के दौरान उन्होंने शिक्षार्थियों के कार्य क्षेत्र में संचालित हो रहे संघ कार्य, शाखाओं और सेवा कार्य की जानकारी भी ली। भागवत ने कहा कि शिक्षार्थी परिवार या समाज की ऐसी कड़ी होता है जिसकी बात का वजन होता है। इस कारण वह राष्ट्रभक्ति के संदेश की अलख जगाने में अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन कर सकता है। मोहन भागवत ने शाम को एक और टोली से बात करते हुए कहा कि शाखा क्षेत्र के हर परिवार तक हमारा संपर्क होना चाहिए। व्यक्ति निर्माण अर्थात परिवार के साथ समाज, राष्ट्र तथा सम्पूर्ण मानव जाति अर्थात विश्व के प्रति भी अपने दायित्व की अनुभूति होनी चाहिए। संघ कहता है कि विश्व एक परिवार है। संघ जैसे-जैसे बढ़ा, वैसे-वैसे दायरा बढ़ाकर अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य का विस्तार किया। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दीनदयाल विद्यालय में सुबह 5:15 बजे लगी शाखा में शिरकत की। रोज की तरह जैसे ही शाखा शुरू हुई तो संघ प्रमुख ने स्वयं सेवकों की गतिविधियों को बारीकी से परखा। स्वयंसेवकों ने खेलकूद, आपसी भाईचारा, ग्रुप मंत्रणा जैसे कार्यों को रोज की तरह पेश किया। संघ प्रमुख ने 321 स्वयं सेवकों को बौद्धिक देते ... शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.04 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 31.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- कॉरिडोर बनने से बढ़ेगी श्रद्धालुओं की संख्या (पृष्ठ-02)
- सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के साथ जीवों के लिए बड़ा खतरा (पृष्ठ-02)
- अमेरिका से व्यापार वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत (पृष्ठ-14)
- वैश्विक रुझान से तय होगी बाजार की चाल (पृष्ठ-14)
- एफपीआई शुद्ध विक्रेता बने, इक्विटी से 8,749 करोड़ निकाले (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

## प्रयारागज 43 डिग्री के साथ रहा सबसे गर्म शहर, लखनऊ में 40 .4 डिग्री रहा तापमान

# गर्म पछुआ हवाओं का रहेगा जोर, 14 जिलों में पारा 40 डिग्री पार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। दक्षिण भारत में बेमौसम बरसात के बाद अब देश में मौसम शुष्क हो जाने का उत्तर प्रदेश में भी व्यापक असर होगा। मौसम शुष्क होने के कारण प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान में व्यापक बढ़ोतरी हुई है।

अब प्रदेश में 11 जून तक भीषण गर्मी पड़ेगी और तेज लू भी चलेगी। रविवार को प्रदेश के लगभग 14 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। प्रयागराज, आगरा और झांसी में दोपहर में तापमान 43 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में रविवार को अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार से रूखी और गर्म पछुआ हवाओं के जोर से अगले तीन दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के आसार



हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 9 से 11 जून के बीच विंध्य, बुंदेलखंड और आगरा मंडल में लू के थपेड़े चलने का पूर्वानुमान है। 11 जून के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश में हवा का रुख पछुआ से पूर्वा हो जाएगा। बंगाल की खाड़ी से उठी नम हवाओं के असर से प्रदेश के पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर दोबारा देखने को मिलेगा। मौसम विभाग और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों को लू के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार साफ आसमान के चलते सूर्य की किरणें सीधे धरातल पर पड़ रही हैं, जिससे विकिरणीय ऊष्मन में तीव्र बढ़ोत्तरी हुई है। साथ ही, सतही पछुआ हवाएं प्रदेश के पश्चिमी एवं दक्षिणी भागों में प्रबल हो गई हैं। इन हवाओं के कारण वायुमंडलीय नमी में गिरावट आई है, जिससे तपिश और अधिक महसूस हो रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 11 जून से प्रदेश में हवाओं के रुख में बदलाव आना शुरू होगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में पुरवा हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा, जिससे नमी युक्त हवाओं का प्रवाह शुरू होगा। इसके कारण वर्षा की एक नई श्रृंखला पूर्वी जिलों से प्रारंभ होकर धीरे-धीरे ... शेष पृष्ठ 14 पर

# 66 अवैध बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में, निर्वासन प्रक्रिया जारी



नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शहर में कई वर्षों से अवैध रूप से रह रहे 66 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे इन लोगों को बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन विदेशी नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पहचान सत्यापन की प्रक्रिया ... शेष पृष्ठ 14 पर

# योग और हास्य सत्र से दिया खुशहाल रहने का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय सेवा योजना की बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ईकाई के ₹आनन्दम क्लबर और जीवन ज्योति हास्य संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में योग और हास्य सत्र आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता

- **एनएसएस बीबीडीयू और जीवन ज्योति हास्य संस्थान का संयुक्त कार्यक्रम**

और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक और कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः डॉ सैयद अनस अंसार, डॉ राजेश कुमार वर्मा, संदीप सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, कौशलेंद्र सिंह और चंचल निगम द्वारा किया गया। जिसमें जीवन ज्योति हास्य संस्थान से कमलेश यादव, वाई.एन. शुक्ला, श्याम बिहारी वर्मा, महेश कुमार के साथ साथ रासेयो के स्वयंसेवकों ने योग और हास्य सत्र के माध्यम से सभी को निरोगी और खुशहाल रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा ने कहा कि योग और हंसना हमारे शरीर के लिए बहुत उपयोगी है, योग और हंसने से शरीर तो निरोगी होता ही है साथ ही जीवन में खुशहाली भी आती है। नियमित योग करने से जीवन? तनावमुक्त होता है, इसलिए हमें नियमित योग को अपने जीवन में स्थान देना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ प्रभास पाठक ने कहा कि योग और हास्य से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के लाभ होते हैं, और शरीर को रोगों से लडने में मदद मिलती है। योग केवल व्यायाम और योगाभ्यास ही नहीं बल्कि यह भी बताता है, कि आप किसी भी परिस्थिति में कैसे कुशलता से काम कर सकते हैं। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की और कार्यक्रम में सम्मिलित सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एनएसएस के सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के साथ जीवों के लिए बड़ा खतरा

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सेवा योजना बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय की यूनिट- स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एवं सीएसआईआर-एनबीआरआई-ईआईएसीपी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सीए ब्लाक स्थित

- **बीबीडी विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**
- **पोस्टर, स्केच और डार्ट गेम प्रतियोगिताओं के साथ आयोजित हुआ कार्यक्रम**




सभागार में आयोजित हुआ। इस वर्ष की थीम ₹प्लास्टिक प्रदूषण का वैश्विक अंतर₹ पर आधारित रहा। कार्यक्रम में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति डॉ एस सी शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.)एस. एम. के. रिजवी, रासेयो के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ). प्रभास चन्द्र पाठक, रासेयो के सभी कार्यक्रम अधिकारी और कार्यक्रम की मुख्य वक्ता वैज्ञानिक और पर्यावरण प्रौद्योगिकी प्रभाग, सीएसआईआर-एनबीआरआई एवं सह-संयोजक, एनबीआरआई-ईआईएसीपी-पीसी-आरपी डॉ अंजू पटेल रहीं। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता, इसके पारिस्थितिक तंत्र पर प्रभाव और व्यवहारिक परिवर्तन व नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त डॉ. संध्या मिश्रा( कार्यक्रम अधिकारी एनबीआरआई-ईआईएसीपी), ने एनबीआरआई-ईआईएसीपी के महत्वपूर्ण कार्यों एवं उद्देश्यों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में श्रीमती शिखा राज, संस्थापक एवं सीईओ, ग्रेशियस ग्लोरी इनोवेटिव एजुकेशन फाउंडेशन की, विशेष सहभागिता रही जिन्होंने युवाओं को नवाचार और सामाजिक योगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो की यूनिट क्र, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के कार्यक्रम अधिकारी कौशलेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसमें मुख्य अतिथियों एवं रासेयो के स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी व्यक्त की। कार्यक्रम में छात्रों ने इस वर्ष की थीम पर आधारित रचनात्मक पोस्टर और स्केच प्रस्तुत किए और एक विशेष डार्ट गेम गतिविधि के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेशों को मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत किया गया और साथ ही, अपशिष्ट वस्तुओं से निर्मित मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण हेतु मिशन लाइफ शपथ भी दिलाई गई और सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीबीडी विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के साथ जीवों के लिए भी बहुत बड़ा खतरा है, हमें प्लास्टिक के कम से कम इस्तेमाल से इस पर अपनी निर्भरता को खत्म करना होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) प्रभास चन्द्र पाठक ने कहा कि प्लास्टिक जैसे प्रदूषण को नियंत्रित करना एक वैश्विक चुनौती है, इसलिए इसे वैश्विक स्तर पर समाप्त करने के लिए प्रयासरत होने की आवश्यकता है। वैश्विक अभियानों के साथ साथ हमें अपने घरों और अपने आस पास इस चुनौती से निपटने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, तभी हम इस चुनौती से निपट सकते हैं। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षा, भागीदारी और क्रियान्वयन का समुचित संगम रहा, जिसने प्लास्टिक प्रदूषण के विरुद्ध युवा नेतृत्व की भूमिका और सतत विकास की संस्कृति को प्रोत्साहित करने का सार्थक संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बीबीडी विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कॉरिडोर बनने से बढ़ेगी श्रद्धालुओं की संख्या, रोजगार मिलेगा और व्यापार बढ़ेगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनाने की दिशा में काम कर रही है। यह कॉरिडोर वर्षों से श्रद्धालुओं की मांग रही है। श्री बांके बिहारी मंदिर घनी आबादी और संकरी गलियों के

- **सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनाने की दिशा में काम शुरू**
- **होल्डिंग एरिया, शौचालय, परिक्रमा व्यवस्था जैसी जनसुविधाएं मिल सकेंगी**

बीच स्थित है। श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए कुंज गलियों से गुजरना पड़ता है, जो न केवल असुविधाजनक है बल्कि भीड़भाड़ के चलते कई बार अव्यवस्था और दुर्घटनाओं का कारण भी बनता रहा है। होल्डिंग एरिया, शौचालय, आपातकालीन मार्ग, परिक्रमा व्यवस्था जैसी आवश्यक जनसुविधाओं का भी घोर अभाव है। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के अनुपात में यह स्थान अत्यंत अपर्याप्त है। यही नहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 1939 में ही सिविल कोर्ट की ओर से यहां रिसीवर की नियुक्ति हुई थी, लेकिन रिसीवर की अनुपस्थिति में यहां श्रद्धालुओं को घोर अव्यवस्था और शोषण का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही, रास्ते में पड़ने वाले जर्जर भवन भी हादसों की वजह बन चुके हैं। ऐसे में यह कॉरिडोर जन सुविधा और समय की अनिवार्यता बन गया है। कॉरिडोर बनने से न सिर्फ सुविधा बढ़ेगी, बल्कि श्रद्धालुओं की संख्या में भी व्यापक इजाफा होगा जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर और व्यापार की संभावनाएं दोनों बढ़ेंगी।

वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में देश-विदेश से दर्शन को आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए अब काशी, अयोध्या और विंध्याचल की तर्ज पर विश्व स्तरीय मंदिर कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में एक बड़ी पहल शुरू हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद योगी सरकार श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए तेजी से काम में जुट गई है। कॉरिडोर निर्माण की इस पहल को समाज के विभिन्न वर्गों, सेवायतों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और कलाकारों का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय के कॉरिडोर निर्माण के निर्देश दिए जाने के बाद राज्य सरकार ने मंदिर के आसपास लगभग 5 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मंदिर क्षेत्र में व्यवस्थित, सुरक्षित और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। तंग गलियों की जगह चौड़े मार्ग, सुविधाजनक प्रवेश और सुगठित भीड़ प्रबंधन श्रद्धालुओं को एक नया अनुभव प्रदान करेगा। इससे और अधिक श्रद्धालु बांके बिहारी के दर्शनों को आएंगे। पर्यटन बढ़ेगा तो रोजगार के नए-नए अवसर सृजित होंगे। व्यापारियों की आय में भी गुणात्मक वृद्धि होगी और आय के नए-नए स्रोत बनेंगे।



**अव्यवस्था से मिलेगी मुक्ति :** बांके बिहारी मंदिर में 1939 से ही सिविल कोर्ट ने रिसीवर को तैनात कर रखा है, लेकिन सामान्यतः यहां रिसीवर अनुपस्थित ही रहते हैं। ऐसे में मंदिर का सारा काम गोस्वामी और यहां के सेवायत ही देखते हैं। कई श्रद्धालुओं का आरोप है कि मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्र में इनके कारण अव्यवस्था और शोषण का शिकार होना पड़ता है। कई बार देश विदेश से आए श्रद्धालुओं ने इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन से भी की है। रास्ते में पड़ने वाले भवन भी काफी जर्जर हैं, जिसके चलते कई बार हादसे हो चुके हैं। श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर इन सारे विवादों का हल हो सकता है।

**श्रद्धालुओं को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं :** कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, विश्राम स्थल, लॉकर, चिकित्सा केंद्र, कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था और सुगम दर्शन प्रणाली जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वृद्धजनों और महिलाओं को जो असुविधाएं वर्तमान में होती हैं, वे दूर होंगी और हर वर्ग के भक्त को सहज, सम्मानजनक दर्शन सुलभ हो सकेंगे। कॉरिडोर निर्माण से मथुरा-वृंदावन के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को नया आयाम मिलेगा। इससे देश-विदेश से श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में चार गुना तक वृद्धि की संभावना है। इसका सीधा लाभ स्थानीय व्यापारियों, होटल व्यवसायियों, परिवहन, सेवाक्षेत्र और रोजगार से जुड़े नागरिकों को मिलेगा। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति और मजबूती मिलेगी।

**दुकानदारों के लिए समुचित व्यवस्थापन :** सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ निर्देश दिया है कि कॉरिडोर बनाने का काम शासन का है न कि कोर्ट का। ऐसे में प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं के साथ-साथ मंदिर से जुड़े और आसपास के लोगों के हितों का भी ध्यान रखकर आगे कदम बढ़ा रही है। इस दिशा में बातचीत कर समन्वय से एक विचार के साथ आगे बढ़ने की नीति पर काम हो रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मंदिर के आसपास की दुकानों को हटाए जाने की प्रक्रिया पुनर्वास नहीं, बल्कि व्यवस्थापन की नीति पर आधारित होगी। प्रभावित दुकानदारों को समुचित मुआवजा, वैकल्पिक दुकानें या आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा, और व्यापारियों को नई दुकानों में बेहतर अवसर और बढ़ता ग्राहक आधार मिलेगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि कॉरिडोर निर्माण केवल आधारभूत संरचना तक सीमित रहेगा। मंदिर के आंतरिक धार्मिक स्वरूप, परंपराएं और सेवायतों की भूमिका में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। गोस्वामी समाज की परंपरा, अधिकार और सेवाएं पूर्ववत बनी रहेंगी।

**सेवायतों और कलाकारों की सकारात्मक पहल :** कॉरिडोर परियोजना को लेकर सेवायत समाज का भी सरकार को पूर्ण समर्थन मिल रहा है। श्री बांके बिहारी मंदिर के पुजारी दिनेश गोस्वामी ने इस पहल को वृंदावन के विकास के लिए आवश्यक बताया है। उन्होंने सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश का समर्थन करते हुए कहा कि कॉरिडोर और मंदिर न्यास, दोनों वृंदावन की भव्यता और दिव्यता को बढ़ाने वाले हैं। वहीं 'महाभारत' धारावाहिक में अर्जुन की भूमिका निभाने वाले फिरोज खान ने एक वीडियो संदेश जारी कर वृंदावन वासियों से अपील की है कि वे सरकार की इस ऐतिहासिक पहल में सहयोग करें और बांके बिहारी कॉरिडोर निर्माण को सफल बनाने में सहभागी बनें।

# भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार धोखा देने में अव्वल है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था वो वादा भी पूरा नहीं हुआ है।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में किसानों को खेती के कार्य के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है। किसानों की मक्का और अन्य फसलों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। फूलों की खेती भी सूख रही है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। खेती किसानी की दशा दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और भाजपा के नेता किसानों, नौजवानों को भ्रमित करने और बरगलाने के लिए नये-नये बहाने गढ़ने में लगे रहते है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों के फसलों की खरीद नहीं हो रही है।



फसलों की खरीद में भाजपा के लोगों ने भारी भ्रष्टाचार किया। धान, गेहूं खरीद में सरकारी धन का बंदरबांट हुआ। भारी भ्रष्टाचार हुआ है। भाजपा सरकार में योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार और लूट हुई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में फसलों की लूट है। इस सरकार ने समाजवादी सरकार के दौरान बनाई जाने वाली मंडियों का काम रोक दिया। सरकार बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए फसलों की खरीद कर रही है। सरकारी खरीद नहीं हो रही है। भाजपा सरकार का एजेंडा उद्योगपतियों को लाभ दिलाने का रहता है। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में किसानों पर लगातार संकट बढ़ता जा रहा है। पूरी सरकार मक्का और अन्य फसलों के लिए सिर्फ ढिंढोरा पीट रही है। जमीन पर कोई काम नहीं किया। प्रदेश में बिजली का संकट है। मक्का किसानों को पानी के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है। पानी नहीं मिलने से फसलें सूख रही है एक तरफ किसान की फसल सूख रही है।

# डिजिटल प्रक्रिया से हुआ सिंचाई विभाग के अभियंताओं का स्थानांतरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सशक्त रूप देते हुए आज राजधानी लखनऊ स्थित परिकल्प भवन में एक ऐतिहासिक और सुचारु स्थानांतरण प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जलशक्ति मंत्री

- **सिंचाई विभाग (यांत्रिक) के 19 अधिशासी अभियंताओं, 86 सहायक अभियंताओं तथा 244 अवर अभियंताओं को मिली मनचाही तैनाती**

स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग (यांत्रिक) के अधीक्षण अभियंताओं, अधिशासी अभियंताओं, सहायक अभियंताओं तथा अवर अभियंताओं के स्थानांतरण की प्रक्रिया न केवल पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की गई, बल्कि यह



प्रशासनिक उत्तरदायित्व के प्रति सरकार की सजगता का भी प्रमाण भी बनी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जलशक्ति मंत्री ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि हर प्रकार की नियुक्ति, पदस्थापन और स्थानांतरण की कार्यवाही बिना किसी पक्षपात, दबाव और मनमानी के पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए। यही कारण है कि अभियंताओं से उनके ऐच्छिक विकल्प आमने-सामने बैठकर लिए गए और उनके द्वारा चुने गए विकल्प के आधार पर स्थानांतरण आदेश अलग से निर्गत किए जाएंगे। परिकल्प भवन के सभागार में आयोजित स्थानांतरण कार्यक्रम में सिंचाई विभाग (यांत्रिक) के 19 अधिशासी अभियंताओं, 86 सहायक अभियंताओं तथा 244 अवर अभियंताओं को बुलाया गया और उन्हें अपने इच्छित तैनाती स्थलों के विकल्प प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। इस प्रक्रिया में डिजिटल प्रणाली, विभागीय नियमावली और वरिष्ठता-अनुसार न्यायपूर्ण प्राथमिकता का पालन किया गया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इसे पारदर्शिता का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति है कि बिना किसी दबाव या भेदभाव के, योग्यता और विकल्पों के आधार पर स्थानांतरण किया जाएगा, किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सेवा और विभागीय उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इस प्रक्रिया में सहभागिता और पारदर्शिता का जो स्तर सुनिश्चित किया गया है, वह पूरे देश में आदर्श प्रस्तुत करता है। जलशक्ति मंत्री ने सभी अभियंताओं से अपील की कि वे अपने कार्यस्थलों पर पूरी दक्षता, प्रतिबद्धता और निष्पक्षता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग का मूल उद्देश्य है किसानों के खेतों तक समय से पानी पहुँचाना और उनकी आय की वृद्धि में सहयोग देना। जलशक्ति मंत्री ने विशेष जोर देते हुए कहा कि हमारा प्रत्येक कार्य किसानों के हित में होना चाहिए। उनकी को निर्बाध रूप से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध रहे। इसके लिए हमें योजनाओं को समयबद्ध तरीके से और गुणवत्ता के साथ पूरा करना होगा।

# यूपी में भर्ती होंगे 44 हजार होमगार्ड जवान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 44 होमगार्ड की भर्ती के लिए विभागीय तैयारियां तेज हो गई हैं। बड़ी तादाद में होने वाली इस भर्ती के लिए आवेदन जुलाई के अंत तक मांगे जाने की संभावना है। वर्ष 2011 के बाद यह

- **पुलिस भर्ती की तर्ज पर हो सकती है परीक्षा**
- **जुलाई के अंत तक मांगे जा सकते हैं आवेदन**

होमगार्ड भर्ती हो रही है। इसे सिपाही भर्ती परीक्षा की तर्ज पर ही कराने का विचार है। इसमें भी मुख्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। हाईस्कूल पास होने के साथ उम्र 18 से 45 वर्ष का मानक रहेगा। महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। भर्ती की नियमावली तैयार की जा चुकी है। माना जा रहा कि इस बार 15 लाख से अधिक आवेदन आ सकते हैं।



होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने इसकी तैयारियों को लेकर मुख्यालय के अफसरों के साथ बैठक भी कर ली है। कुछ बिन्दुओं पर सहमति के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक संशय यह है कि सभी 44000 पदों पर भर्ती एक साथ कराई जाए अथवा दो चरणों में भर्ती पूरी की जाए। इसी साल 60244 सिपाही भर्ती परीक्षा बिना विवाद के सम्पन्न हो गई। निर्णय लिया जा रहा है कि इस बार होमगार्ड जवानों की भर्ती जिला स्तर पर न होकर मुख्यालय स्तर पर हो। कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही भर्ती का विज्ञापन निकाला जाएगा। होमगार्ड की मृत्यु होने पर आश्रितों को नौकरी के साथ ही बीमा कम्पनी से एमओयू होने की वजह से आश्रित परिवार को 35 लाख रुपये भी मिलते हैं। सरकार की ओर से पांच लाख रुपये अलग आर्थिक सहायता दी जाती है।

विभाग के मुताबिक सिपाही भर्ती की तरह होमगार्ड जवान बनने के लिए अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा होगी। इसमें सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण, दस्तावेज परीक्षण होगा। चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण होगा। विभागीय सूत्रों के मुताबिक अभी तक होमगार्ड भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को दो किमी दौड़ कराई जाती थी। अब इसे बढ़ाकर ढाई किमी करने पर भी विचार चल रहा है। होमगार्ड के लिए एक लाख 18 हजार 348 पद स्वीकृत हैं। इस समय करीब 74 हजार जवान है। एक अधिकारी के मुताबिक तैयारियां मुख्यालय स्तर पर पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री ने गत वर्ष जून में 44 हजार होमगार्ड के जवानों की भर्ती की घोषणा की थी। भर्ती के प्रस्ताव पर शासन में लगभग सहमति बन गई है। अफसरों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में काफी संख्या में होमगार्ड जवान रिटायर हो गए हैं। इसकी वजह से काफी पद रिक्त हो गए हैं।

# सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजेश्वर सिंह सम्मानित

## कानून और शासन में योगदान हेतु हाउस ऑफ लॉर्ड्स में राजेश्वर सिंह को मिला सम्मान

**लखनऊ।** वर्तमान में भारत, यूके का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 57 बिलियन (48,720 करोड़) से बढ़कर 2030 तक $120 बिलियन (10 लाख करोड़+) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें वस्तुओं और सेवाओं दोनों का समावेश है। यहएफटीए व्यापार को बढ़ावा देने, रोजगार सृजित करने, विदेशी निवेश आकर्षित करने और दोनों देशों की जीडीपी को बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। यह समझौता चीन पर निर्भरता कम करेगा, अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों का मुकाबला करेगा और ब्रेक्ज़िट के बाद यूके की वैश्विक रणनीति को नया आकार देगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद, जिन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व प्रदान किया है! यह उत्तर प्रदेश के लिए भी एक सुनहरा अवसर है। राज्य से निर्यात



2017 में 84,000 करोड़ से बढ़कर आज ?1.70 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। यदि यूके-इंडिया एफटीए का प्रभावी उपयोग किया जाए और सुधारों को जमीन पर उतारा जाए, तो अगले 3झ्र5 वर्षों में इसे दोगुना किया जा सकता है। कानून के रक्षक, व्याख्याता और विधेयक निमार्ता के रूप में मेरी अनोखी यात्रा लोकसेवा सदैव मेरे हृदय के निकट रही है। यह सम्मान राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्टता पुरस्कार मेरी विधान सभा क्षेत्र के प्रति निरंतर समर्पण को समर्पित है। ईश्वर की कृपा से मेरी यात्रा विविध सेवाओं से भरी रही – एक कानून प्रवर्तन अधिकारी के रूप में पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में कार्य किया, जहां एफईएमए और पीएमएलए मामलों को संभाला; एक वकील के रूप में एनजीटीऔर एनसीएलएटी में क्षेत्रीय जनहित से जुड़े विषयों को उठाया; और एक विधायक के रूप में, राज्य राजधानी क्षेत्र अधिनियम (एससीआर) और 2024 के यूपी धर्मांतरण संशोधन कानून जैसे सशक्त विधायी कार्यों में योगदान दिया। लंदन स्थित ऐतिहासिक हाउस ऑफ लॉर्ड्स, वेस्टमिंस्टर पैलेस जो ब्रिटिश विरासत का आधार, लोकतंत्र का स्तंभ और संवैधानिक विवेक का रक्षक है। वहां उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा। इस मंच पर भारत के विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, लॉर्ड्स वीरेंद्र शर्मा और रामी रेंजर, पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी, दुबई और ऑस्ट्रेलिया के न्यायाधीशों, अंतरराष्ट्रीय कानूनविदों, युवा संगीत प्रतिभा स्टेबिन बेन और विश्व भर के न्यायाधीशों और विधायकों के साथ शामिल होना मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का विषय रहा।

# ज्येष्ठ माह के चौथे शनिवार को उमड़ी आस्था, जगह-जगह लगे भंडारे





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के चौथे शनिवार पर भी राजधानी के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिखायी दी। सुबह से लगी कतारें देर शाम तक लगी रहीं।इस मौके पर शहर में कई जगह भंडारे भी लगाये गये। अलीगंज के नए पुराने हनुमान मंदिर और हनुमान सेतु मंदिरों घंटों श्रद्धालु लाइन में लगे रहे। हालांकि नए हनुमान मंदिर में दोपहर बाद श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई और देर रात तक लगी रही।

हनुमान सेतु मंदिर का मुख्य द्वार पर कतारें लगी रहीं। डंडइया स्थित गुलाचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर, चौक स्थित छांछीकुंआं मंदिर, हजरतगंज के दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी वाले बाबा मंदिर के अलावा कल्याण गिरि मंदिर, इंदिरानगर सी-ब्लाक हनुमान मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, स्वप्नेश्वर महादेव मंदिर, बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बारा बिरवा स्थित हनुमान मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, आशियाना के छुआरेवाले हनुमान मंदिर, महानगर हनुमान मंदिर, शिव दुर्गा हुनमान मंदिर समेत तमाम मंदिरों में श्रृंगार के बाद दिन भर केसरीनंदन के दर्शनों को भक्त जुटे रहे।

**जगह-जगह लगे भंडारे:** ज्येष्ठ माह के चौथे शनिवार पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। अपनी श्रद्धा के अनुसार भक्तों ने पूड़ी सब्जी, राजमा, छोला-चावल, आम का पना, गुणधनिया, बूंदी व शर्बत का वितरण किया। पक्कापुल स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के सामने कढ़ी-चावल, बूंदी और 51 किग्रा हलवे का वितरण किया गया। परिवर्तन चौक पर समन्वय सेवा समिति के मनीष शुक्ला की ओर से लगाए गए भंडारे पर पूड़ी, सब्जी व चावल का का वितरण किया गया।

बड़े बड़े पंडालों में भक्ति गीत बजते हुए शनिवार को भी प्रसाद बांटा गया।शनिवार के दिन शहर भर में जगह जगह पर भंडारे का आयोजन हुआ। गलियों से लेकर चौराहों तक भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के ज्यादातर हिस्सों में भंडारे व प्याऊ लगाये गये।कई व्यंजनों को प्रसाद के रूप में बांटा गया जिसमें पूड़ी सब्जी सबसे प्रमुख रही। राजधानी में लाखों लोगों ने प्रसाद का ग्रहण किया। हजरतगंज, गोमती नगर, अलीगंज, पुराना लखनऊ, चारबाग हुसैनगंज व शहर के प्रमुख इलाकों समेत हर जगह पर भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया।वहीं कपूरथला चौराहे के पास पूर्वाह्न 11 बजे से पूड़ी सब्जी का वितरण शुरू हुआ तो कृष्णानगर में पूड़ी सब्जी के साथ ही बूंदी का वितरण सुबह 10 बजे से शुरू हो गया।

**राष्ट्र कल्याण के लिए मंगल संयोग पर राम जानकी मंदिर में हुआ पूजन:** भारत वर्ष के उत्थान के लिए शनिवार 7 जून को ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को, चित्रा नक्षत्र और वरीयन योग और चंद्रमा के तुला राशि में संचरण के पावन अवसर पर गोकरण नाथ रोड पर साल 1902 में स्थापित प्रतिष्ठित राम जानकी मंदिर परिसर में पंडित हरि नारायण शुक्ल की अगुआई में पूजन अनुष्ठान किया गया। इसके साथ ही मंदिर परिसर में मंदिर के संस्थापक अयोध्या प्रसाद शुक्ल - नारद बाबा, उनके उत्तराधिकारी पंडित राम मनोरथ शुक्ला और मुन्ना लाल शर्मा को भी नमन किया गया।इस अवसर पर मंदिर के वर्तमान पंडित धनंजय शुक्ल सहित अन्य उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में प्रथम देव गणेश, सूर्य भगवान, कार्तिकेय, राधा कृष्ण, शिव पार्वती, दुर्गा मां, बजरंगबली, भैरव महाराज का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद विशाल भंडारा हुआ।

**विशाल भंडारे का आयोजन:** बड़े मंगल के पावन अवसर पर शनिवार को हरदोईया लाल नगर में औसान प्रसाद एवं श्रीमती राजकुमारी देवी द्वारा एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी मात्रा में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर प्रसाद का आनंद लिया। पूरी ?सब्जी, चने का हलवा, बूंदी व शीतल जल सहित विविध सामग्री से सुधा वितरण किया गया।स्थानीय निवासियों सहित आसपास के गांवों के लोग सुबह से ही बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने प्रसाद ग्रहण करते हुए हनुमान चालीसा एवं भजन कीर्तन में भाग लिया।इस अवसर पर सहयोग करने वालों में जितेंद्र, वीरेंद्र, रविंद्र देवल, सचिन देवल, रवि चौधरी, पूजा देवल, मानवी, संस्कार, तन्वी, ऋषभ, विधान एवं सभी क्षेत्र वासियों का सहयोग भरपूर मात्रा में भंडारे में रहा। बड़े मंगल पर भंडारे की यह प्रथा पीढ़ियों से चली आ रही है। जब नगर की दानशीलता और सामूहिक सेवा को लेकर बड़े पैमाने पर आयोजन हुआ करते थे। आज भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, भंडारे ने स्थानीय जनता में प्रेरणा और श्रद्धा की भावना को प्रबल किया।






## सदर में भंडारे का आयोजन, भक्तों को बांटा प्रसाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के शनिवार के पावन उपलक्ष्य पर सतवीर सिंह राजू ( पूर्व सह मीडिया प्रभारी अवध छेत्र भाजपा व अध्यक्ष सदर लखनऊ व्यापार मंडल ) ने भंडारे का आयोजन सदर चौराहे पर किया।

लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने आकर भगवान का आशीर्वाद लिया फिर श्रद्धालुओं में आलू पूरी व छोले चावल वितरित कर प्रसाद स्वयं ग्रहण किया।श्रीमति सुषमा ने बताया कि माना जाता है कि ज्येष्ठ महीने के मंगलवार व शनिवार को पूजा करने से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं और हर संकट दूर करते हैं।भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष श्री आनंद द्विवेदी जी ने आकर प्रसाद ग्रहण किया और बताया की मान्यता है कि जेष्ठ माह में गरीबों को अन्न दान करने और उन्हें भोजन कराने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं और लोगों के रुके कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होते हैं।

राजू व पूर्व एम.एल.सी. श्री गुड्डू त्रिपाठी ने बताया की हनुमान जी को भगवान शिव का 11वां रुद्र अवतार माना जाता है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,भगवान शिव ने हनुमान के रूप में अवतार लिया था ताकि भगवान राम की सेवा की जा सके और धर्म की स्थापना हो सके।

लखनऊ की पूर्व महापौर श्रीमति सैयुक्ता भाटिया जी ने आकर भी प्रसाद ग्रहण करा और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में मुख्य रूप से कैंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री अभिषेक राठौर,राजीव मिश्रा, अशोक तिवारी, सुधाकर त्रिपाठी, श्रीमती राजेश्वरी त्रिपाठी, श्रीमती अनिता अग्रवाल, राजू गांधी, राजेश सिंह गब्बर, अमित द्विवेदी, श्रीप्रकाश उपाध्याय, रणवीर सिंह, वरुण अग्रवाल कार्तिकेय मिश्रा तथा सभी प्रमुख गुरुद्वारों के कमिटी के लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बच्चों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा, हुए सम्मानित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य संग्रहालय, लखनऊ, संस्कृत विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 'खुशियों की पाठशाला' कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रॉ पेंट एंड प्ले कॉस्टर आर्ट ऑल डे विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 4 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के 35 बच्चों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में मुक्ति फाउंडेशन के साथ ही अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।बच्चों द्वारा कोस्टर मेकिंग मैं मछली फूल चिड़िया घर पृथ्वी पर्यावरण संरक्षण मोर इत्यादि की रूपाकारों को रंग एवं ब्रश की सहायता से लकड़ी के कैनवास पर उकेरा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को संग्रहालय के में संरक्षित कलाकृतियों के प्रति जागरूक कराना, उनसे परिचित कराना एवं उनमें सौंदर्य बोध एवं बौद्धिक क्षमता का विकास करने के सात ही खेल खेल में उनकी प्रतिभा को निखारना है। समस्त प्रतिभागियों को डॉ सृष्टि धवन निदेशक राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शैक्षिक प्रभारी डॉ मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक, श्रीमती प्रीति साहनी, पुस्तकालयअध्यक्ष श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव अभिरक्षक,प्रमोद कुमार सिंह फोटोग्राफर, श्री अरुण कुमार मिश्रा, श्री अनुराग श्रीमती पूनम आदि की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर सुश्री अलशाज फातमी, डॉ विनय कुमार सिंह, धनंजय कुमार राय, श्रीमती अनुपमा सिंह, एवं मुक्ति फाउंडेशन के सदस्य तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# आज से शनि और बुध मिलकर बना रहे शक्तिशाली योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 9 जून दिन सोमवार को शनि और बुध मिलकर एक शक्तिशाली केंद्र योग बना रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र में शनि और बुध के बीच यह एक महत्वपूर्ण घटना होने वाली है। 9 जून को दोपहर 4 बजकर 16 मिनट प शनि और बुध 90-डिग्री के कोणीय संबंध बनाएंगे, जो वैदिक ज्योतिष में एक केंद्र या चतुर्थांश संबंध बनाता है। इस समय बुध अपनी ही राशि मिथुन में हैं, जबकि शनि मीन राशि में विराजमान हैं। वैदिक ज्योतिष में, जब शनि और बुध जैसे दो प्रभावशाली ग्रह केंद्र योग बनाते हैं तो यह तर्क, डिसिप्लिन, मैच्योरिटी और बौद्धिक स्पष्टता का शक्तिशाली मिश्रण बनाता है। शनि मेहनत, जिम्मेदारी और ज्ञान के ग्रह हैं, जबकि बुध बुद्धि, संचार और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। शनि और बुध ग्रह से बन रहे शुभ योग का प्रभाव 4 राशियों पर अत्यधिक रहने वाला है, जिससे इन राशियों को जून मास में पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में अच्छा फायदा मिलेगा और धन की वजह से जो भी कार्य अटके हुए हैं, वह भी पूरे हो जाएंगे।

कर्क राशि वालों के लिए शनि-बुध ग्रह का केंद्र योग विशेष रूप से लाभकारी रहने वाला है। शुभ योग के प्रभाव से कर्क राशि वालों की बुद्धि और साहस में वृद्धि होगी, जिससे वे सही निर्णय ले पाएंगे और इन निर्णय की वजह से पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में अच्छा लाभ मिलेगा. प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों में एकाग्रता बढ़ेगी, जिससे पढ़ाई लिखाई आसान लगेगी. प्रशासन, फाइनेंस या कानून में नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए यह योग अत्यंत लाभकारी हो सकता है. जो लोग चुपचाप मेहनत कर रहे हैं, उन्हें अचानक उनकी उपलब्धियों के लिए पहचान मिल सकती है ।तुला राशि वालों के लिए शनि-बुध ग्रह का केंद्र योग शुभ रहने वाला है। तुला राशि वालों को अचानक धन की प्राप्ति हो सकती है और आपकी संपत्ति में भी इजाफा देखने को मिलेगा। मकर राशि के जातक कानूनी विवादों, कार्यस्थल की चिंताओं या स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार कर सकते हैं। आपके काम करने का तरीका अधिक अनुशासित और व्यवस्थित होगा और प्रफेशनल लाइफ में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे. स्मार्ट तरीके और निवेश से वित्तीय लाभ प्राप्त कर सकते हैं और बिजनस में तुला राशि वाले दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की करेंगे।शनि और बुध के प्रभाव से तुला राशि वालों की सभी सुख सुविधाएं बढ़ेंगी और हर कार्य को सफलता पूर्वक करेंगे।

# उमा कहउं मैं अनुभव अपना, सत हरि भजनु जगत सब सपना...

● अयोध्या के बाद मथुरा में होगा सुंदरकांड का पाठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में मासिक सामूहिक सुंदरकांड पाठ के उपरांत अब 19 जुलाई को मथुरा स्थित भगवान श्री कृष्ण के मंदिर परिसर में भी एक दिवसीय सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान किया जाएगा। यह जानकारी रविवार 08 जून को स्थानीय भूतनाथ मार्केट के, बी209, सावित्री प्लाजा में आयोजित मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी के दौरान सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने दी। स्थानीय स्तर पर जल्द ही संकटमोचन हनुमान सेतु मंदिर में सनातन मातृशक्तियों की ओर से 101 लड्डुओं का भोग भी लगाया जाएगा।इसके साथ ही पूज्य देवी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर, सत्य सनातन नारी शक्ति के सुंदरकांड महा अभियान बने भारतवर्ष की पहचान के तहत, 13 मई से 10 जून तक, ज्येष्ठ माह के सभी बड़े मंगलों पर 101 मंदिरों में वृहद स्तर पर, सुंदरकाण्ड पाठ और भंडारों का आयोजन भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने मासिक संगोष्ठी में उमा कहउँ मैं अनुभव अपना, सत हरि भजनु जगत सब सपना के माध्यम से यह संदेश दिया कि हरि का भजन ही सत्य है, यह सारा जगत मिथ्या है।उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक कार्य में योगदान देना और अपने जीवन को धर्म की सेवा में लगाना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा संचालित विभिन्न मातृशक्तियों के शक्तिपीठ, वास्तव में सनातनी बहनों के पारिवारिक सदस्यों जैसे सक्रिय समूह बन गए हैं। उनकी भक्ति ही नहीं उनका परस्पर अनुशासन भी समाज के लिए प्रेरणा और अनुकरण का माध्यम बनता जा रहा है।उन्होंने बताया कि नियमित सुंदरकांड के पाठ से भक्तों को कष्टों से मुक्ति मिल रही है।उनके अनुसार लखनऊ के झूलेलाल वाटिका से शुरू हुआ सुंदरकांड महा अभियान केवल एक साल की अल्पावधि में भारतवर्ष की पहचान बन गया है।बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के, बीते 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। सामूहिक सुंदरकांड का अभियान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वृहद रूप में निरंतर संचालित किया जा रहा है।इसके तहत नैमिषारण्य तीर्थ, उत्तराखंड कोटद्वार के प्रतिष्ठित प्राचीन मंदिर सिद्धबली परिसर और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर और प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर में भी सामूहिक सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान, सफलतापूर्वक आयोजित करवाया जा चुका है। इसके साथ ही अयोध्या जी जन्मभूमि परिसर में मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक मासिक सुंदरकाण्ड पाठ का सिलसिला बीते साल 11 सितम्बर से शुरू हो गया है।

# 33 साल बाद प्रो. सिंहल के 38 वाश चित्रों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ में कला संस्कृति साहित्य की एक पुरानी परंपरा रही है। जिसका एक बड़ा स्त्रोत लखनऊ के केशरबाग चौराहे से पहले अमीरुद्दौला लाइब्रेरी के बगल से एक रास्ता जिसका नाम प्रो सुखवीर सिंहल के नाम से रखा गया है। यह रास्ता सीधा प्रो सुखवीर सिंहल के कला वीथिका तक जाती है। प्रो सुखवीर सिंहल भारतीय चित्रकला पद्धति को जीवित रखने और समृद्ध बनाने वाले कलाकारो में एक विशेष योगदान दिया है। सिंहल के कृतियों का विशाल संग्रह इस वीथिका में प्रदर्शित है। सिंहल जी के अमूल्य धरोहर को संरक्षित करने और उन्हें जगह जगह प्रदर्शित करने और लोगों को उनके कला पद्धति के बारे में जागरूक करने के लिए सिंहल के परिवार में उनकी पुत्री, पोती ने बीड़ा उठाया हुआ है और भली भांति कर भी रहे हैं।

इसी क्रम में लगभग 33 साल बाद नई दिल्ली में सिंहल के 38 वाश शैली में बनी कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी सोमवार से लगाई जा रही है। यह प्रदर्शनी दिल्ली के एनेक्सी आर्ट गैलरी, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर एनेक्सी, लोधी एस्टेट में 17 जून तक प्रदर्शनी शीर्षक द साइलेंट कैनवस स्पीक अगेन लगाई जा रही है। जिसका उद्घाटन पंकज सिंह, विधायक नोएडा और भाजपा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष, चित्रकार पद्म भूषण जतिन दास, कला समीक्षक उमा नायर एवं कवि प्रयाग शुक्ल करेंगे। प्रदर्शनी की क्यूरेटर एवं सिंहल की पोती प्रियम चंद्रा ने बताया कि यह एक एकल पूर्वव्यापी प्रदर्शनी है जो एक भूले हुए कलागुरु की स्थायी प्रतिभा की पुष्टि करती है।और यह प्रदर्शनी एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि और एक शक्तिशाली पुनरुद्धार दोनों है, जो भारतीय सौंदर्यशास्त्र, दर्शन और आध्यात्मिक जांच के लिए समर्पित जीवन भर की कलाकृतियों का खजाना पेश करती है। कला समीक्षक भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि प्रो सुखवीर सिंहल अपने जीवन काल में वाश शैली को बहुत महत्व दिया। सैकड़ों की संख्या में वाश पेंटिंग बनाई है।इसके अलावा जल रंग में दृश्य चित्रण भी किया है जो कि बहुत ही सुंदर हैं और आज भी रंग ताजे लगते हैं।उनके ब्रश स्ट्रोक जबरदस्त है।

रंगो का मिश्रण भी अकल्पनीय है।उनके वाश पेंटिंग में एक, दो, तीन फिगर नहीं बल्कि ढेर सारे मानव के समूह आकृतियों को अलग अलग भाव भंगिमाओं में देखा जा सकता है मुझे लगता है सिंहल जी एक मात्र कलाकार रहे जिन्होंने एक वाश पेंटिंग में मानव के समूह आकृतियों को बनाते रहे हैं। कपड़ा, पेपर, लकड़ी के पैनल पर भी जल रंग में काम किया है।स्टाइल एक ही है।14 जुलाई 1914 को मुजफ्फरनगर जनपद (उ० प्र०) में जन्मे गांधीवादी, मानवतावादी प्रो० सुखवीर सिंहल यद्यपि चित्रकला और संगीत में बचपन से ही रुचि रखते थे, परन्तु कला साधना के क्षेत्र में इनका प्रवेश राष्ट्रीय आन्दोलन के माध्यम से हुआ। हुआ यह कि असहयोग आन्दोलन में सक्रिय भाग लेने के कारण हुई गिरफ्तारी से बचाने के लिये घर के लोगों ने इन्हें कही दूर जाने की सलाह दी।

# अवधी, बुंदेलखंडी व उत्तराखंडी नृत्य ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर में चल रहे समर कार्निवल में शनिवार को सांस्कृतिक मंच से भोजपुरी, मैथिली, अवधि, बुंदेलखंडी, ब्रिज, राजस्थानी, पंजाबी, उत्तराखंडी लोक नृत्य एवं गायन को बढ़ावा देने तथा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए निशुल्क मंच प्रदान किया जाता है और उन्हें निशुल्क पौधे, सर्टिफिकेट और मोमेंटम प्रदान किया जाता है।

समर कार्निवल 2025 के सांस्कृतिक मंच से आज पूरी मस्ती धमाल अपने रंग में छाया रहा। 100 से ज्यादा कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन करके अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। द म्यूजिक प्लेनेट, वृंदावन ब्रांच के डायरेक्टर अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में कीबोर्ड, हारमोनियम, भरतनाट्यम, वोकल सिंगिंग, गिटार, कत्थक, तबला, ढोलक, वेस्टर्न संगीत का जबरदस्त तड़का लगाकर उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कीबोर्ड पर शिवम, सम हितेश विवान, हर्षद, हषार्ली, आराध्या, अंश, भरतनाट्यम के लिए निमिषा, अगम्या, हारमोनियम पर राज नाथ तथा वैभव, वोकल के लिए शिवम ,सर्वेश ,राजीव, कत्थक के लिए एलीना, आराध्या, अनुराधा, छवि, पलक, दीपक गिटार के लिए तबला के लिए अनुराग, आनंद, आर्यन, वेस्टर्न डांस के लिए अनिका, अर्शी, साक्षी आकृति, शिवांशी, अनुराधा, ढोलक के लिए अदिति, राजीव, राधिका, आरती।टीचर्स जिन्होंने विशेष योगदान दिया।

**रॉक नाइट में मचा धमाल:** समर कार्निवल में रविवार को समर कार्निवल 2025 के सांस्कृतिक मंच पर आज नादरोग एण्ड ग्रुप द्वारा संडे रॉक नाइट के माध्यम से जबरदस्त परफॉर्मेंस करके उमड़ी जनता में उमंग और जोश पैदा कर दिया। रझानज दे यार बुलया, गेंदा फूल, बम लहरी जैसे सदाबहार गीतों पर अदिति, देवांश,वेद तिवारी, मानसऔर साथी कलाकार द्वारा संडे मस्ती पर खूब धूम मचाया गया। समर कार्निवल 2025 में आज विशेष रूप से आमंत्रित एमएसएमई उत्तर प्रदेश के फैकल्टी एवं विशेषज्ञ अखिलेश कुमार सिंह द्वारा रोजगार स्वरोजगार के अवसर, उद्यमिता रोजगार योजना विभाग द्वारा सीएम युवा स्कीम के लाभ, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा लोनयोजना, स्टार्टअप योजना, करियर काउंसलिंग के संबंध में युवाओं छात्रा छात्राओं रोजगार स्वराज स्वरोजगार के अवसर पर व्याख्यान दिया गया।

# कवि सम्मेलन संग शहर की कई विभूतियां सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उप्र के तत्वावधान में जननी सम्मान एवं कवि सम्मेलन का आयोजन सिटी मांटेसरी स्कूल, विशाल खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ के सभागार में किया गया, जिसमें अध्यक्षता डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा, द्वारा की गयी एवं मुख्य अतिथि के रूप में अमित कुमार घोष, प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन,पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य विभाग, उ0प्र0 शासन गरिमामयी उपस्थिति थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा आईएएस द्वारा कार्यक्रम के संबंध में बताया गया कि राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश न सिर्फ राष्ट्र हित हेतु साहित्य लेखन को प्रोत्साहित करता है बल्कि उक्त लेखनी को धरातल पर क्रियान्वयन कर साहित्यकारों को प्रोत्साहित भी करता है कि लेखनी के साथ साहित्यकार अपने विचार आचरण में भी लाए। संस्थान द्वारा उक्त उद्देश्य के क्रम में आज जननी सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन को मना रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा, आईएएस द्वारा किया गया।उक्त कार्यक्रम में संस्थान द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विद्वता, त्याग, कर्मठता एवं समर्पण से उल्लेखनीय कार्य करने वाली माताओं श्रीमती चमेला देवी, श्रीमती उर्मिला मिश्रा, श्रीमती मीना गौतम, श्रीमती दमयंती मिश्रा, श्रीमती कल्पना खरे, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती शारदा सिंह, श्रीमती गीता श्रीवास्तव, स्व. श्रीमती जानकी देवी, स्व. सरोज अवस्थी, श्रीमती गीता तिवारी, श्रीमती सन्तोष शर्मा, श्रीमती गौरी घोष एवं श्रीमती सुमित्रा दुबे को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न, नारियल, माला, रामचरितमानस, पगड़ी आदि देकर सम्मानित किया गया।साथ ही प्रोफेसर श्री राजेश प्रताप सिंह, प्राथमिक विद्यालय, कटरामऊ, निन्दूरा बाराबंकी, श्री अरुण कुमार वर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय, मधावर देवा, बाराबंकी, श्री कमलेश कुमार वर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय, हैदरगंज फतेहपुर, बाराबंकी एव अनिल कुमार वर्मा, गोसाईंगंज, लखनऊ को मोमेंटो, शाल, पुस्तक से सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त डॉ दीपा अवस्थी, आचार्य नरेन्द्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सीतापुर, डॉ अमित राय, शिया पीजी कॉलेज, डॉ बैजू अब्राहम, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, डॉरेशमा परवीन, उर्दू विभाग की विभागाध्यक्ष, खुनखुन जी गर्ल्स कॉलेज, डॉ शगुन रोहतगी, खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, डॉ चेतना सावंत तोमर, खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, डॉ मुकेश कुमार मिश्रा, कालीचरण पीजी कॉलेज, लखनऊ, प्रोफेसर डॉक्टर शीलधर दुबे, दीनदयाल उपाध्याय गर्ल्स कॉलेज लखनऊ, डॉक्टर कल्याणी द्विवेदी, कालीचरण डिग्री कॉलेज, लखनऊ, डॉ मीनाक्षी, कृष्णा देवी कॉलेज आलमबाग, लखनऊ, डॉ मनीषा उपाध्याय, खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, लखनऊ एवं प्रो. श्रवण कुमार, विद्यान्त पीजी कॉलेज आदि को उत्कृष्ट शिक्षा प्रसार कार्य हेतु सम्मानित किया गया।सम्मान के कार्यक्रम के पश्चात सुश्री शिखा शुक्ला,अजय त्रिपाठी,चंद्रदेव दीक्षित, डॉ0 उमेश आदित्य, डॉ सरला और डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा आईएएस आदि ने काव्य पाठ किया। सभी कवियों/कवयित्रियों को मानदेय, शाल, मोमेंटो एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।

# चार विभागों को एक कर विशेष शिक्षा विभाग बनाने का निर्णय

- पुनर्वास विश्वविद्यालय में विद्या परिषद की 36 वीं बैठक संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह की अध्यक्षता में विद्या परिषद (एकेडमिक काउंसिल) की 36 वीं बैठक संपन्न हुई, इस बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सुभाष चंद शर्मा ,अधिष्ठाता शैक्षिणिक प्रो. वी.के. सिह, कुलसचिव रोहित सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ अमित कुमार राय कुलानुशासक प्रो. सी के दीक्षित, अधिष्ठाता शोध एवं विकास प्रो. अश्वनी दुबे के साथ ही समस्त संकायों के अधिष्ठाता एवं समस्त विभागों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

विशेष शिक्षा संकाय का नामकरण एवं उसके अंतर्गत संचालित विभागों का पुनर्गठन किया गया। इसके अंतर्गत विशेष शिक्षा संकाय का नाम परिवर्तित करते हुए शिक्षा संकाय कर दिया गया और विशेष शिक्षा संकाय के अंतर्गत संचालित चार विभागों शिक्षा शास्त्र विभाग, दृष्टिबाधितार्थ विभाग, श्रवणबाधितार्थ विभाग एवं बौद्धिक अक्षमता विभाग को एक करते हुए विशेष शिक्षा विभाग किए जाने का निर्णय लिया गया। अब इस विभाग को विशेष शिक्षा विभाग के नाम से जाना जाएगा एवं दृष्टिबाधितार्थ, श्रवणबाधितार्थ एवं बौद्धिक अक्षमता में यह विभाग विशेषज्ञता प्रदान करेगा। विद्यालय में विशेष शिक्षा संकाय के अंतर्गत संचालित की जाने वाली पी -एच.डी. उपाधि के नामकरण में परिवर्तन किया गया अब यह उपाधि पी -एच.डी. एजुकेशन- स्पेशल एजुकेशन के नाम से प्रदान की जाएगी। इसके पूर्व यह उपाधि पी -एच.डी. स्पेशल एजुकेशन वी आई, पी -एच.डी. स्पेशल एजुकेशन एच आई, एवं पी -एच.डी. स्पेशल एजुकेशन आई डी के नाम से प्रदान की जाती थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी क्रेडिट एंड करिकुलम फ्रेमवर्क अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के अधीन विश्वविद्यालय के स्नातक रेगुलेशन 2024 के प्रावधानों के अंतर्गत एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स, वैल्यू एडेड कोर्स, मल्टी डिसीप्लिनरी कोर्स एवं स्किल एन्हांसमेंट कोर्स के संचालन हेतु निर्देश प्रदान किए गए। स्नातक स्तर पर सभी संकायों के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा एवं संप्रेषण में एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स करना होगा। तीसरे एवं चौथे सेमेस्टर में हिंदी भाषा एवं संप्रेषण एवं संस्कृत भाषा एवं संप्रेषण में से किसी एक भाषा का एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स करना होगा। इन तीनों भाषाओं में दो-दो क्रेडिट प्रति सेमेस्टर यानी कुल आठ क्रेडिट का पाठ्यक्रम स्ट्रक्चर बनाया गया है।

स्नातक लेवल प्रोग्राम में वैल्यू ऐडेड कोर्स को समाहित करने का निर्णय लिया गया। पहले सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को तीन क्रेडिट के पर्यावरणीय शिक्षा पाठ्यक्रमों (जलवायु परिवर्तन, अपशिस्ट प्रबंधन, जैव विवधता संरक्षण एवं सतत विकास) को अनिवार्य रूप से पढ़ना होगा। दूसरे सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को योग शिक्षा, खेल शिक्षा, डिजिटल एवं तकनीकी सॉल्यूशन एवं भारतीय संविधान में से किसी एक विषय को अनिवार्य रूप से चुनना होगा। स्नातक स्तर पर मल्टी डिसीप्लिनरी कोर्स के रूप में नेचुरल एंड फिजिकल साइंस, मैथमेटिक्स स्टेटिस्टिक्स एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन, ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, लाइब्रेरी इनफॉरमेशन एंड मीडिया साइंस में से किसी तीन को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर के अंतर्गत चुनना होगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने विषय से इतर विषय के बारे में जागरूकता प्रदान करना है। भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में बीएड स्पेशल एजुकेशन द्विवर्षीय पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 से 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया। स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय नियमावली 2025 को अनुमोदन प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत समावेशी विजन मिशन एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर ही स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में कोई भी व्यवस्था लागू की जाएगी। अब केंद्रीय पुस्तकालय प्रातः 9:30 बजे से रात्रि 7:00 तक विद्यार्थियों अध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए खुला रहेगा। पुस्तकालय स्मार्ट आई.डी. कार्ड तैयार करेगा जो आरएफआईडी सिस्टम में दस्तावेजों के स्व-जारी -वापसी के लिए सभी पुस्तकालय उपयोगकताओं के लिए आवश्यक होगा एवं इसे विश्वविद्यालय के आईडी कार्ड के रूप में भी मान्यता दी जाएगी। दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के साथ-साथ ऑर्थोपेडिक हैंडिकेप्ड (जिनके हाथ में दिक्कत है) उनके श्रुति लेखन हेतु मध्य सत्र परीक्षा में 200 तथा सत्रांत परीक्षा में 300 प्रति पाली मानदेय के रूप में भुगतान किए जाने का निर्णय लिया गया। यदि मध्य सत्र परीक्षा तथा सत्रांत परीक्षा एक साथ होती है ऐसी स्थिति में श्रुति लेखक को 300 मानदेय प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग रेगुलेशन 2018 के उपबंध 2.01 तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग गाइडलाइन 2008 के मानकों के अधीन विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्ति अध्यापक को 1 वर्ष के लिए रिक्त सीटों के सापेक्ष एवं 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक पुनर्नियुक्त किए जा सकेंगे इस हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय में संचालित डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक पाठ्यक्रमों एवं पी-एच.डी. कार्यक्रम के शोधार्थियों के साथ ही विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय एवं संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों के निर्धारित शुल्क को समर्थ पोर्टल के माध्यम से जमा किए जाने का निर्णय लिया गया। एम.पी.ओ. पाठ्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय स्वयं अपनी मेरिट के आधार पर लेगा। इसे किसी राष्ट्रीय संस्था या किसी प्रवेश एजेंसी को नहीं दिया जाएगा। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025 -26 हेतु शैक्षणिक कैलेंडर को अनुमोदित किया गया।

## प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान विपिन खण्ड गोमती नगर, लखनऊ, में बुद्ध पूर्णिमा व गोमती नगर मौर्य समाज उत्थान समिति लखनऊ का वार्षिकोत्सव, का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पूर्व में सामाजिक एवं ऐतिहासिक विषयों पर कुरायी करायी गयो परीक्षा व हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा गणमान्य विशिष्ट अतिथियों धनपति राम मौर्य विद्रोह (पूर्व राज्य मंत्री) 'विद्रोही', राज मौर्य (विशिष्ट समाज सेवी), भन्ने सुमित रत्न, अविनाश चन्द्र डॉ. परमात्मा मौर्य, भन्ते शील रत्न, आर. के. वर्मा डॉ. बृजमोहन मौर्य, श्रीमती आराधना मौर्य आदि के द्वारा सामाजिक चेतना जाएद करने हेतु अपने-अपने विचार किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोये समाज उत्थान समिति गोमती नगर के अध्यक्ष लालजी मौर्य तथा कार्यक्रम का संचालन उक्त समिति के महासचिव गौरी शंकर मोचे, एडवोकेट व रामकुमार ने की।

## लखनऊ में दो कोरोना के नये मरीज मिले

लखनऊ। लखनऊ में पिछले 24 घंटे में कॉविड के 02 नये मरीज मिले। जिसमें से पहला मरीज 22 वर्षीय महिला सदर निवासी एवं दूसरा मरीज 61 वर्षीय महिला गोमती नगर विस्तार लखनऊ निवासी है। उपरोक्त रोगी घर पर ही है एवं स्वस्थ है। राजधानी में अब तक कुल 11 कोविड धनात्मक रोगी पाए गए। शहर में एक्टिव कोविड केसेस की संख्या 07 है।

## जापान की राष्ट्रीय अन्तरिक्ष एजेन्सी की शैक्षिक यात्रा पर जायेगा सी.एम.एस. छात्र दल




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस का 8 सदस्यीय दल आगामी 13 जून को जापान की राष्ट्रीय अन्तरिक्ष ऐजेन्सी - जाक्सा (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेन्सी) की ग्यारह-दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर रवाना हो रहा है। इस छात्र दल का नेतृत्व सीएमएसराजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की शिक्षिका दीप्ती शुक्ला एवं प्रीति श्रीवास्तव करेंगी। जबकि छात्र सदस्यों में कनिष्क केसरवानी, मोहम्मद अली कुरेशी, प्रभात मिश्रा, समृद्धि तिवारी, रिद्धि सोनकर एवं कुंवर साहिब सिंह कालेर शामिल हैं। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र स्पेस टेक्नोलॉजी एवं एडवान्स रोबोटिक्स के विभिन्न पहलुओं से अवगत होंगे। इसके अलावा, सीएमएस छात्रों को अंतरिक्ष की खोज के विभिन्न पहलुओं जैसे लांचिंग पैड, लान्च व्हीकल एवं मॉडल उपग्रहों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा, साथ ही अंतरिक्ष अन्वेषण के गुर भी सीखेंगे। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सीएमएस छात्र ओसाका, हिरोशिमा एवं टोक्यो की यात्रा भी करेंगे और इस दौरान जापान के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों एवं रिसर्च इन्स्टीट्यूट का भ्रमण करेंगे। सीएमएस का यह दल 13 जून को जापान रवाना होगा एवं 23 जून को स्वदेश लौटेगा।

## शिव भोला ट्रस्ट मंदिर समिति ने किया भंडारे का आयोजन



**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार के अवसर पर लखनऊ, गोमती नगर स्थित शिव भोला ट्रस्ट मंदिर समिति के अध्यक्ष रंजीत यादव खलीफा के परिवार ने विशाल भंडारे का आयोजन किया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बजरंगबली के भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी ने माला एवं चुनरी देकर शिवपाल सिंह यादव को सम्मानित किया। रंजीत यादव खलीफा ने बजरंगबली की मूर्ति एवं बुके देकर श्री शिवपाल सिंह यादव को सम्मानित किया। इस अवसर पर संतोष यादव, ओम यादव, रिंकू यादव, शंकर यादव सहित सैकड़ों भक्तों ने बजरंगबली के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लखनऊ विजय बहादुर यादव कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी श्याम लाल पाल, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, राम सागर यादव, रमेश यादव, रवि, सूरज, दिनेश प्रधान, अधिवक्ता यादव आदि भंडारे में शामिल रहे। भंडारा शाम 5:00 बजे से देर रात 12:00 बजे तक चलता रहा।

# गर्मी में रेल पटरियों पर विशेष ध्यान दिया जाये : डीआरएम

- बारिश के दिना रेलवे यार्ड में ड्रेनेज व्यवस्था को बेतर बनाये
- डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने किया वाराणसी जं. स्टेशन का निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा का वाराणसी जं. रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। मार्ग में उन्होंने लखनऊ से वाराणसी रेलखंड की विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के माध्यम से संरक्षा मानकों की समीक्षा की।

वाराणसी जं. स्टेशन पहुंचने के उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेशन परिक्षेत्र में स्थित रेलपथ की संरक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रीष्मकाल के दौरान पटरियों पर पड़ने वाले प्रभावों को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता एवं सावधानी के साथ कार्य करने की बात कही। अपने निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, ट्रेन संचालन व्यवस्था एवं आधारभूत ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्क) की विस्तारपूर्वक समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वाराणसी स्टेशन के यार्ड में बरसात के दिनों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए स्टेशन यार्ड में किये जा रहे यार्ड ड्रेनेज के कार्य को देखा। उन्होंने वाराणसी कैंट स्टेशन के मास्टर प्लान के तहत किये जा रहे कार्यों एवं प्लेटफॉर्म संख्या 10 एवं 11 पर यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ करने और श्रद्धालुओं एवं आम यात्रियों को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मंथन किया। उन्होंने स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर यात्रियों हेतु अतिरिक्त शेड के निर्माण, वाटर बूथ और शौचालय बनाने, पार्किंग व्यवस्था को और बेहतर करने की बात कही। स्टेशन की सेकेंड व थर्ड एंट्री पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त लोहता स्थित वाशिंग लाइन का भी निरीक्षण किया। जिसके पश्चात उन्होंने काशी स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्यों व 04 लाइन ब्रिज के कार्य को देखा। उन्होंने ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं जैसे पेयजल, प्रतीक्षालय, फैन, साफ-सफाई आदि की जानकारी ली और इनके निरंतर विस्तार पर बल दिया।

## फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए साइकिलिंग का आयोजन



लखनऊ। आरडीएसओ में फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आरडीएसओ खेल संघ द्वारा साइकिल आन संडे कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच फिटनेस, स्वास्थ्य और सक्रिय जीवन शैली को प्रोत्साहित करना था। इस 3 किलोमीटर साइक्लिंग कार्यक्रम की शुरूआत आरडीएसओ स्टेडियम से हुई, जिसमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, बच्चों और फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से दैनिक जीवन मे शारीरिक गतिविधियों के महत्व को उजागर किया गया। उदय बोरवणकर महानिदेशक आरडीएसओ, पी. के. क्षत्रिय अपर महानिदेशक आरडीएसओ तथा पी. के. पांडे अध्यक्ष आरडीएसओ खेल संघ इस अवसर पर उपस्थित रहे एवं उन्होंने स्वयं भी इस साइकिल यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लिया। उदयबोरवणकर महानिदेशक आरडीएसओ ने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए साइक्लिंग को अपनाने हेतु प्रेरित किया। संडे आन साइकिल पहल को शानदार प्रतिक्रिया मिली और कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक एकता और उत्साह का जीवंत वातावरण देखने को मिला। यह आयोजन आरडीएसओ की अपने कर्मचारियों में फिट और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों के अनुरूप है।

## समर कैंप में छात्रों ने सीखी उत्तराखण्ड की लोक कला

लखनऊ। राजकीय हाईस्कूल मस्तेमऊ की छात्राओं ने समर कैंप में उत्तराखंड की लोककला ऐपण से आरती की थाली बनाना सीखा। स्कूल प्रधानाचार्या कुसुम वर्मा ने बताया कि ऐपण पारम्परिक कला जमीन पर गेरु से रंगकर चावल के आटे से बनाई जाती है। यह टिकाऊ नहीं होती। प्रशिक्षिका पूर्विका पाण्डेय ने स्टील की थाली को ऐपण डिजाइन द्वारा आरती की थाली बनवाई। समर कैंप में कई रचनात्मक चीजें सीखकर बनायी। इसके अलावा खेलकूद, योग, सांस्कृतिक और नवाचारी आधारित कई गतिविधियां आयोजित की गईं।

# अफसर ईमानदारी से रेलवे प्रणाली की दक्षता को बेहतर बनाये : योगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (यातायात) के 13 परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह ने संजय त्रिपाठी (अतिरिक्त महानिदेशक), शिशिर सोमवंशी (डीन) एवं अम्बर प्रताप सिंह (कोर्स निदेशक) के साथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारतीय रेलवे में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने की तैयारी कर रहे इन युवा अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आर्थिक विकास को गति देने, क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाने तथा समावेशी विकास को समर्थन देने, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश जैसे गतिशील और घनी आबादी वाले राज्य में, रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों से आग्रह किया कि वे नवाचार को अपनाएं और उभरती हुई तकनीकों का उपयोग करके यात्री सेवाओं, सुरक्षा और संपूर्ण रेलवे प्रणाली की दक्षता को बेहतर बनाएं। उन्होंने करियर में उच्चतम स्तर की ईमानदारी, पेशेवर प्रतिबद्धता और जनसेवा बनाए रखने के महत्व को भी रेखांकित किया। यह भेंट परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रही। संकाय सदस्यों ने मुख्यमंत्री को उनके बहुमूल्य समय और उत्साहवर्धक मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। यह संवाद भारतीय रेलवे के इन भावी अधिकारियों की पेशेवर यात्रा की शुरूआत में एक प्रेरक मील का पत्थर साबित होगा।

# आईआरसीटीसी करायेगा डैशिंग दार्जिलिंग और गंगटोक की सैर

- पांच रात व छह दिन का होगा भ्रमण
- हवाई यात्रा के साथ तीन सितारा होटल में ठहराने व खानपान की होगा व्यवस्था

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यात्रियों की अधिक मांग को देखते हुए, आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय लाया है लखनऊ से डैशिंग दार्जिलिंग और गंगटोक का हवाई टूर पैकेज। यह पैकेज 05 रात एवं 06 दिन का है। जिसमें कलिम्पोंग - दार्जिलिंग - गंगटोक का भ्रमण कराया जाएगा। यह पैकेज 20 जून से 25 जून तक होगा।


इस टूर की विशेषताओं में टूर में यात्रियों को लखनऊ से बागडोगरा आने-जाने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। साथ ही खाने - पीने एवं ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल में की गयी है। यात्रा के दौरान पाइन व्यू फ्लावर नर्सरी, गोल्फ कोर्स, डर्बिन धारा हिल्स, त्सोम्गो झील, बाबा हरभजन सिंह स्मारक, एनची मठ, हनुमान टोक, गणेश टोक, ताशी व्यू पॉइंट, पुष्प प्रदर्शनी शो, घूम मठ, बतासिया लूप, जापानी मंदिर, पी.एन. प्राणी उद्यान, तेनजिंग रॉक, चाय बागान आदि का भ्रमण कराया जायेगा।

पैकेज के तहत एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 86300 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 66600 रुपये, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 62600 रुपये, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 54700 रुपये, बेड सहित एवं मूल्य 51900 रुपये बिना बेड के होगा।

इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट्द्र१३३ङ्ग४१२ङ्ग पर ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये लखनऊ के इन 9236391911/8287930911/8287930902 मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते है।

# मस्जिदों में हुई नमाज, हर्षोल्लास के साथ मनी बकरीद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** शनिवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ लखनऊ सहित देश भर में मनाया गया। ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और इसके बाद कुर्बानी दी। ईदगाहों व मस्जिदों के पास बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किया गया था। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक के बाद एक कई राउंड में ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज पढ़ी और देश की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

बता दें नमाज और कुर्बानी के लिए पहले ही गाइडलाइन जारी कर दी गई थी और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। राजधानी लखनऊ में ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद और बड़े इमामबाड़े पर बकरीद की नमाज अदा की गई। शहर में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किया गया है।

राजधानी में सुबह सात बजे से 11 बजे तक ईद की नमाज का सिलसिला चलता रहा। लखनऊ के ऐशबाग मस्जिद, टीले वाली मस्जिद, आसिफी मस्जिद समेत कई जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस मुस्तैद रही। ईदुल अजहा यानी बकरीद के मौके पर इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के मौलाना राशिद फिरंगी महली ने अपील किया कि किसी प्रतिबंधित जीव की कुबार्नी न दें। खून को नालियों में न बहाएं, उसे जमीन में दफन कर दे। शांति और आपसी भाईचारा कायम रहे। इसके लिए यूपी सरकार और इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से जारी एडवाइजरी का पालन करें। मुफ्ती इरफान मियां फरंगी महली, शिया मौलाना कल्बे जवाद, मौलाना सैफ अब्बास ने भी लोगों से कहा कि आपसी एकता और भाईचारे के साथ त्योहार मनाए, कोई भी ऐसा काम न करे, जो किसी दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

**इबादत के बाद शुरू हुआ कुर्बानी का सिलसिला:** कुर्बानी के जज्बे के साथ ईद-उल-अजहा पर शनिवार को अल्लाह की बारगाह में लाखों सिर सजदे में झुके। प्रदेश भर में बकरीद पर अकीदतमंदों ने नमाज अदा की। राजधानी लखनऊ में ईद-उल-अजहा की सबसे बड़ी जमात ऐशबाग ईदगाह में अदा की गई। इबादत के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने नमाज पढ़ाया। शिया समुदाय की सबसे बड़ी जमात आसिफी मस्जिद में अदा हुई। यहां मौलाना सैयद सरताज हुसैन की इमामत में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 11 बजे अदा की गई। ईद उल अजहा की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आई। भारी संख्या में मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोग पहुंचकर ईद उल अजहा की नमाज अदा कर देश में अमन और शांति के साथ भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की बधाई भी दी।

# ग्रेटर नोएडा में बनेगा 125 करोड़ रुपये का फ्लैटेड कारखाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के तौर पर रूपांतरित करने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ग्रेटर नोएडा में 125 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक फ्लैटेड कारखाने का निर्माण कराएगी। इससे जुड़ी प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

राज्य सरकार ने रविवार को यहां बयान जारी कर कहा कि प्रदेश के कुटीर, लघु एवं मंझोले उद्योगों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत ढांचे के आधुनिक तरीके से विकास के लिए अब यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) एक बड़ी पहल करने जा रहा है। बयान में कहा गया कि इसके तहत गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण किया जाएगा। फ्लैटेड फैक्टरी परिसर के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान व अन्य रिपोर्ट्स के निर्माण पर काम चल रहा है।

बयान के मुताबिक, लगभग 125 करोड़ रुपये की लागत से 24 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। यह प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्टरी न केवल एमएसएमई क्षेत्र को गति देगी बल्कि नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रदेश सरकार ने कहा कि उसका उद्देश्य इस फ्लैटेड फैक्टरी परिसर के जरिए छोटे उद्यमियों को एक ही परिसर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस इकाइयां देना है ताकि उत्पादन कार्य बिना किसी बाधा के चल सके। यीडा का यह कदम न केवल निवेशकों को आकर्षित करेगा बल्कि क्षेत्र की तरक्की के साथ युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। यह परियोजना इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर होगी और इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। यह बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्टरी लगभग 38,665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और इसमें एमएसएमई उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त इकाइयां होंगी। प्रक्रिया के तहत, मुख्य भवन निर्माण के साथ ही परिसर को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक विकसित किया जाएगा। यहां आंतरिक जल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, अग्निशमन प्रणाली, एलिवेटर, एचवीएसी (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग) जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा परिसर की डिजाइन को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा। इसमें सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी, एक्सेस कंट्रोल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी लगाई जाएंगी।

संक्षेप

## जेल से रिहा हुए दुष्कर्म आरोपी को लगी गोली

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के परसौंडा गांव में दुष्कर्म के आरोपी अर्जुन वर्मा 28 को गोली लग गयी जिससे वह घायल हो गया। हाल ही में वह जेल से रिहा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायल का इलाज चल रहा है। अर्जुन वर्मा ने गांव के कुछ विरोधियों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। सीओ सदर राजवीर सिंह गौर ने बताया कि पीड़ित ने वादी पक्ष के लोगों को नामजद किया है। पुलिस नामजद सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूंछताछ कर रही है और सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। उन्होने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और जो व्यक्ति इसमें दोषी पाया जाएगा उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वृद्ध ने पेड़ में लटक कर दी जान

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नंदवारा गांव निवासी छोटेलाल राजपूत 80 ने गांव के बाहर खेतो में अर्जुन के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खेतों की तरफ पहुंचे गांव के लोगों ने जब छोटेलाल को झूलते हुए देखा तो घटना की सूचना परिजनों को दी। पुत्री मेड़ा और दामाद प्यारेलाल तत्काल मौके पर पहुंचे। पिता छोटेलाल को फांसी में लटकते देख दहाड़े मारकर रोने लगे। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची उपनिरीक्षक रक्षा देवी ने जांच और पूंछताछ की। इसके बाद फंदे में लटक रहे शव को नीचे उतरवाया। मृतक की लड़की और दामाद ने बताया कि वह शादी के बाद से लगातार यहीं रह रहे थे। उनको तकरीबन 28 वर्ष रहते हो गये। मृतक छोटेलाल को कोई परेशानी नहीं थी। बीते दो दिन से वह घर नहीं आये थे। मृतक का पुत्र बौरा लगभग पंद्रह वर्ष पहले ही घर छोड़कर चला गया था। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पुलिस ने तीन जुआरियों को धर दबोचा

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जिले में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम रजौला- लिधौरा रोड़ के किनारे, महुआ के पेड़ के नीचे से थाना मडावरा पुलिस ने रजौला निवासी आशाराम लोधी पुत्र धनसिंह, अनिल लोधी पुत्र अमर सिंह व मदनपुर के ग्राम ठनगना निवासी सोनू अहिरवार पुत्र छोटेलाल को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाते हुये धर दबोचा है। पुलिस ने जुआरियों के पास से जामा तलाशी के दौरान 3320 रुपये व माल फड़ से 27920 रुपये व 52 ताश के पत्तों की गड्डी बरामद की है। जुआरियों को पकड? वालों में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ शामिल रहे। पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 जी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पनारी में बनेगा वृहद तालाब

ललितपुर। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड जखौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत पनारी में भ्रमण कर तालाब हेतु दर्ज 75 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बताया गया कि उक्त गया संख्या 1481 भूमि 75 एकड़ 74 डिसमिल जो तालाब के नाम खतौनी में दर्ज है। तालाब की भूमि पर लगभग 1.5 किलोमीटर में पुराना स्पिलवे बना हुआ है, जो कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त है।

बताया गया कि पूर्व में कुछ ग्रामीणों द्वारा भूमि पर कब्जा कर फसल आदि बोई जाती रही है, जिसका संज्ञान लेकर जिला प्रशासन द्वारा मा.सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अवैध कब्जा हटवाकर उक्त भूमि को पुनः तालाब के रूप में खतौनी में दर्ज करवा दिया गया, जिसके पुनरोद्धार के लिए जिलाधिकारी ने उक्त भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तालाब पर बने हुए स्पिलवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराकर घाटों पर सघन वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए, इसके अलावा तालाब के पीछे की ओर खाई खुदवाई गई है, जिसमें बंदी का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे यह भूमि अन्य जमीनों से पृथक हो जाए और भविष्य में उस पर अतिक्रमण न हो सके। इसके पश्चात तालाब निर्माण हेतु अन्य कार्य कराए जाएंगे।

# दामाद को बंधक बना कर लाठी डंडे से पीटा मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

**शाही, बरेली।** पत्नी को वापस लिवाने ससुराल पहुंचे युवक के साथ ससुराल पक्ष ने मारपीट की। युवक को पहले कमरे में बंद कर पीटा गया, फिर गांव में दौड़ाया गया। बाद में जब वह जान बचाकर ननिहाल पहुंचा तो वहां भी दरवाजा तोड़कर हमला किया गया। इस दौरान एक रिश्तेदार घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की ओर से चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के मुताबिक फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के ग्राम धौंर सतुईया निवासी विक्की सिंह की शादी करीब एक वर्ष पूर्व जूनहाई गांव की युवती से हुई थी। विवाह के बाद से ही पारिवारिक विवाद चला आ रहा था। पत्नी पिछले एक माह से मायके में रह रही थी। शनिवार को विक्की पत्नी को लिवाने ससुराल गया था। परिजनों के अनुसार ससुराल पहुंचते ही विक्की की जेब से रुपये निकाल लिए गए। जब उसने विरोध करते हुए रुपये वापस मांगे तो पहले गाली-गलौज की गई और बाद में उसे कमरे में बंद कर लाठी-डंडों से पीटा गया। किसी तरह वह भागकर गांव में अपने ननिहाल पहुंचा, लेकिन वहां भी पीछा कर रहे ससुराल पक्ष के लोगों ने दरवाजा तोड़कर हमला कर दिया। इस हमले में विक्की के रिश्तेदार सोनू घायल हो गए, जबकि अन्य परिजनों को भी चोटें आईं। पीड़ित की मां रेखा देवी ने पुलिस को बताया कि विवाह के समय ससुर विनोद सिंह और मुन्ना सिंह ने एक लाख 15 हजार रुपये नकद लिए थे, जिसका वीडियो साक्ष्य भी मौजूद है। अब वे न तो रुपये लौटा रहे हैं, न ही पत्नी को भेज रहे हैं। उल्टा बेटे के साथ लगातार मारपीट कर रहे हैं।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने विनोद सिंह, मुन्ना सिंह, राहुल और अर्जुन के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गर्भवती महिला से मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से मिथुन उर्फ छोटू पुत्र नाथूराम निवासी बसंत बिहार कॉलोनी इलाइट चैराहा के पास के साथ रिलेशनशिप में थी। 07 जून 2025 को मिथुन ने उसे फोन कर हाईवे पर बातचीत के लिए बुलाया। जब महिला ने उसे अपनी गर्भवती होने की जानकारी दी, तो मिथुन ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके साथ मारपीट की। महिला के अनुसार, मिथुन ने उसके पेट में लात और घूंसे मारे, जिसके कारण उसे गर्भपात हो गया और पेट में तेज दर्द के साथ-साथ अन्य शारीरिक चोटें आईं। इसके अलावा, उसके बाएं हाथ में भी चोट लगी। जब आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, तो मिथुन मौके से भाग गया, लेकिन जाते समय उसने महिला को जान से मारने की धमकी दी। महिला की लिखित शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और आरोपी मिथुन उर्फ छोटू की तलाश में जुट गई है।

## तमंचा सहित तीन चोर गिरफ्तार, माल बरामद

बांदा। थाना मटौंध पुलिस ने सोलर प्लेट, बैटरी और गड्ढा खोदने वाली मशीन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को तमंचा के साथ रविवार को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के स्वराज कालोनी मुहल्ला निवासी नरेन्द्र कुमार ने थाना मटौंध में सूचना दी थी कि 2 जून को उसके खेत में लगे सोलर प्लेट, बैटरी व गड्ढा खोदने वाली मशीन चोर चुरा ले गये हैं। इस मामले पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। मटौंध पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपियों को ग्राम इंद्रापुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। कड़ाई से पूंछताछ में पता चला कि एक और साथी हरिकरण उर्फ भाऊ पुत्र मूलचंद्र निवासी इंद्रापुरवा मजरा दुरेड़ी थाना मटौंध चोरी में शामिल था। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर फरार आरोपी की गिरफ्तारी के पुलिस प्रयास कर रही है।

पकड़े गये आरोपियों में बिन्देश्वरी वर्मा उर्फ कलुवा, राकेश निषाद उर्फ मैनी पुत्र कल्लू निषाद, चुन्नू अनुरागी पुत्र सुदामा अनुरागी निवासी ग्राम दुरेड़ी हैं।

गिरफ्तार करने वाल पुलिस टीम में थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा, हेड कां0 विमल मिश्र, आदित्य अवस्थी, अश्वनी उपाध्याय व शिवम यादव रहे।

# पुलिस क्लब टीम ने डीसीए ग्रीन को 11 रनों से दी शिकस्त



जिला संवाददाता

**बांदा।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में पुलिस लाइन में चल रही त्रिकोणीय सीरीज का रविवार को तीसरा मैच पुलिस क्लब बांदा और डीसीए ग्रीन के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस क्लब ने पवन के 93, संजय के 72, डीआईजी राजेश एस के 10 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 226 रनों का लक्ष्य रखा। डीसीए ग्रीन की तरफ से राहुल यादव ने 3 और अन्नू ने 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए के 30 रनों पर ही 4 विकेट गिर गये लेकिन सलमान हासमी के शानदार 112, सुप्रीम त्रिवेदी के 45, राहुल यादव के 28 रनों की बदौलत लक्ष्य से थोड़ा दूर रहते हुए 215 रन ही बना सकी और यह मैच पुलिस क्लब ने 11 रनों से जीत लिया। अभी तक इस त्रिकोणीय सीरीज में तीनों टीमों ने अपना एक एक मैच जीता है। मैच के दौरान यूएई से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले शाहिद जमां खां ने सीनियर खिलाड़ी मनोज मिश्रा को बैट देकर सम्मानित किया। मैच में सचिव वासिफ जमा खां, कोच शिवप्रताप सिंह, विनय श्रीवास्तव, यूएई से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले शाहिद जमां, वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी सनील सक्सेना, महेंद्र कछवाह, धनंजय करवरिया, महेश साहिल, राजेन्द्र अवस्थी, ज्ञान यादव, शुभम् दुबे, सुधांशु खरे मौजूद रहे।

# उप निरीक्षक यातायात का तबादला, दी गई विदाई



जिला संवाददाता

**बांदा।** उप निरीक्षक यातायात संजय कुमार सिंह के पीएसी निदेशालय लखनऊ स्थानांतरित होने पर पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। संजय सिंह 5 फरवरी 2023 को उप निरीक्षक यातायात के पद पर नियुक्त हुए थे और 23 जून 2023 को प्रभारी यातायात का पदभार ग्रहण किया था। उन्होने कई जगह यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कार्य किया है। लगभग 2 वर्ष 4 माह का कार्यकाल यातायात विभाग में पूर्ण करते हुए पीएसी मुख्यालय लखनऊ में उनका स्थानांतरण हो गया है। जनपद की मुख्य तहसीलों बबेरू, अतर्रा की कमान भी इनके द्वारा संभाली गई जहां यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया गया। रविवार को यातायात मुख्यालय पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान यातायात निरीक्षक संजय मिश्रा, समाजसेवी पत्रकार सुनील सक्सेना, उप निरीक्षक यातायात इंद्रावली, निहाल सिंह, सब इंस्पेक्टर बुद्धिमान सिंह, हेड कांस्टेबल यातायात पुलिस, बलवीर सिंह, सर्वेश कुमार, कृष्ण प्रताप, गौतम सिंह, ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र कुमार, पाल, दुर्गा प्रसाद, विकेश नायक आदि ने उप निरीक्षक यातायात संजय कुमार सिंह को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी।

# सामुदायिक शौचालय में बदहाल सफाई व्यवस्था

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** नगर की मूलभूत सुविधाएं तो छोड़िए नगर पालिका परिषद शौचालयों तक की सफाई नहीं करा पा रही है। हालत बद से बदतर हो रहे हैं। नगर की सफाई, सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य भगवान भरोसे चल रहे हैं, केवल मलाईदार कार्य ही चहेतों से कराए जा रहे हैं, जिन कार्यों में कुछ

● शौचालयों की सफाई भी नहीं करा पा रही नगर पालिका

मिलना नहीं है, उन्हें छोड़ दिया जाता है। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित नेहरू नगर स्थित सामुदायिक शौचालय की सफाई व्यवस्था बदहाल हो चुकी है।

क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि महीनों से शौचालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसके कारण इसका उपयोग करना असंभव हो गया है। घनी आबादी वाले नेहरू नगर में यह शौचालय सैकड़ों परिवारों के लिए स्वच्छता का महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन वर्तमान स्थिति के चलते लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर बार-बार नगर पालिका और स्थानीय पार्षद से शिकायत की, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। निवासियों का आरोप है कि पार्षद ने इस मामले में कोई रुचि नहीं दिखाई और नगर पालिका प्रशासन भी इस दिशा में उदासीन बना हुआ है। नेहरू नगर की बस्ती में रहने वाले लोगों ने बताया कि यह शौचालय हमारी बस्ती के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन गंदगी के कारण इसका इस्तेमाल करना मुश्किल हो गया है। बच्चे और महिलाएं विशेष रूप से परेशान हैं। एक अन्य महिला ने कहा कि हमने कई बार पार्षद और नगर पालिका में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। महीनों से सफाई कर्मचारी यहां नहीं आए। क्षेत्र की घनी आबादी को देखते हुए सामुदायिक शौचालय की स्वच्छता और रखरखाव अत्यंत आवश्यक है। गंदगी के कारण न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोग इसे स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के खिलाफ मानते हैं।

## वन विभाग के पिंजरे में एक हफ्ते में दो गुलदार हुए कैद, ग्रामीणों ने की राहत महसूस



**बिजनौर।** वन विभाग द्वारा दो दिन पूर्व एक बंद पड़े ईंट भट्ठे पर लगाये गए पिंजरें में शनिवार-रविवार की रात एक गुलदार कैद हो गया। वन विभाग के पिंजरें में यह दूसरा गुलदार है जो एक हफ्ते में कैद हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर के आसपास क्षेत्र में गुलदार का आतंक बना हुआ है। गुलदार द्वारा आये दिन लोगो पर हमला व छुट्टा पशुओं को अपना निवाला बनाया जा रहा है। गुलदार के डर से खौफजदा ग्रामीण खेतों पर जाने से भी घबरा रहे थे। एक हफ्ते में दो गुलदारों के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही गुलदार का आतंक समाप्त हो जाएगा। वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार नर है और उसकी उम्र लगभग (5 वर्ष) है। गुलदार के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अधिकारियों के दिशा-निर्देश मिलने के बाद पकडे गए गुलदार को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाएगा। वन दरोगा सुनील राजौरा के अनुसार बंद पड़े ईंट भट्ठे की मोहरी में गुलदार का पूरा कुनबा छिपा हुआ है, जिसमें कुल चार गुलदार होने की आशंका है। दो गुलदार का रेस्क्यू कर लिया गया है, तथा अभी दो गुलदार और हैं जिन्हें शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा।

## मालवा एक्सप्रेस से महिला का पर्स चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला इंदौर अंतर्गत थाना सदर बाजार 223 बी. कमला नेहरू कालोनी किला रोड निवासी अंकित पाल पुत्र राकेश पाल ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 19 अप्रैल 2025 को वह ट्रेन संख्या 12920 मालवा एक्सप्रेस के कोच सं. एस-5 के बर्थ संख्या 41 व 44 पर अपनी पत्नी सीमा पाल के साथ लुधियाना से इन्दौर की यात्रा कर रहा था। बताया कि उसकी पत्नी यात्रा के दौरान अपना लेडीज पर्स सिरहाने रखकर सो गयी। ललितपुर रेलवे स्टेशन आने के पांच मिनिट पहले उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि पर्स गायब था। पर्स में एक तौला सोने की चैन, 12 रुपये की नकदी व एक मोबाइल फोन कुल सामान की कीमत करीब 73 हजार रुपये का चोरी हो गया। अंकित पाल की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# शान-ए-तालबेहट कहलायेगा मानसरोवर तालाब

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** तहसील तालबेहट स्थित मानसरोवर तालाब पर जिला पंचायत द्वारा इसकी जलकुम्भी और सिल्ट सफाई का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य 12 लाख 50 हजार की लागत से 700 मी लम्बाई, 300 मी चैड़ाई और 1.5 मीटर गहराई में सिल्ट सफाई कराई जा रही है। कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात तालाब में बोटिंग क्लब संचालित किया जाएगा, जिससे नगर पंचायत की आय में बृद्धि होगी। वर्तमान में तालाब का स्वरूप बदलता जा रहा है और लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

लोगों का कहना है कि तालाब 16वीं सदी के जमाने का बना हुआ है। इतिहास में चन्देलों के बाद चन्देरी के राजा भारतशाह ने इस पर अपना अधिकार कर, ताल की बीहट (पहाड़ी) पर किला बनवाकर प्राचीन तालाब का निर्माण किया था। किले का नाम ताल बीहट था, इसलिए बस्ती का नाम भी ताल बीहट पड़ा। भारत शाह के निर्माण के बाद लोग इसे भारत सागर भी कहने लगे थे। यह लम्बा-चैड़ा विशाल तालाब है। लगभग 35 एकड़ में बना यह तालाब किसी बांध से कम नहीं है। तालबेहट में एक समय था जब अकाल आया था और पानी की कमी हो गई थी। राजस्थान के कोई राजा यहां आए थे। उन्होंने उनको सलाह दी थी कि किले के पास जो भी जगह पड़ी हुई है इसमें तालाब खुदवाना चाहिए। तब राजा मर्दन सिंह ने यहां पर तालाब खुदवाया था ताकि उनकी प्रजा जो उनके यहां काम करती थी उनका भी निस्तार हो और तालबेहट की आसपास के लोग को पानी पर्याप्त मिल सके।

## बाल संरक्षण अधिकारी ने रुकवाई नाबालिग युवती की शादी, परिजनों को दी चेतावनी



**बिजनौर।** विवाह मंडप में चल रहे वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंची बाल संरक्षण अधिकारी रूबी गुप्ता ने दुल्हन बनी युवती को नाबालिग पाते हुए विवाह रुकवा दिया। बाल संरक्षण अधिकारी ने दोनों परिवारों को कार्रवाही की चेतावनी देकर बरात को बैरंग लौटा दिया।

जानकारी के अनुसार थाना शिवाला कलां के गांव निवासी परिवार बेटी की शादी करने विवाह मंडप में आए थे। बरात उत्तराखंड राज्य के रुड़की के एक गांव से आई थी। नाबालिग किशोरी की शादी की सूचना किसी ने बाल संरक्षण अधिकारी दे दी। खाने के बाद विवाह की रस्म शुरू होते ही सूचना पर बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। जांच के दौरान प्रमाण पत्रों के अनुसार दुल्हन के बालिग होने में तीन माह कम निकले। जिसके बाद शादी कार्यक्रम को रुकवा दिया। बिना किसी कार्रवाई के दोनों परिवारों को चेतावनी देते हुए घर भेज दिया गया, जिसके बाद बिना दुल्हन के दूल्हा बरात बैरंग लेकर लौट गया।

## ईद.उल.अजहा की नमाज के दौरान पुलिस और प्रशासन रहा सतर्क



**महोबा।** जनपद में ईद.उल.अजहा की नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की टीम के साथ ईदगाह पहुंचकर नमाज की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा नमाज सकुशल सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने धर्मगुरुओं एवं आमजन से मुलाकात कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का संदेश दिया।

## डॉ. अनुराग नामदेव ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर बढ़ाया जिले का गौरव



**महोबा।** छोटे से जिले महोबा की मिट्टी में जन्मे और पले.बढ़े डॉण अनुराग नामदेव ने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करते हुए जिले और समाज का नाम रोशन किया है। डॉण नामदेव ने प्रतिष्ठित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एमटेक और पीएचडी की डिग्रियां प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी पीएचडी का शोध क्षेत्र अत्यंत विशिष्ट और वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहाए जिसमें पॉलीमर कंपोजिट्सए ट्राईबोलॉजी तथा बायो कंपोजिट्स जैसे जटिल विषय शामिल हैं।

यह शोध न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैए बल्कि औद्योगिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों में भी इसकी उपयोगिता अत्यधिक है। डॉण अनुराग नामदेव वर्तमान में लखनऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने ज्ञान और अनुभव से छात्रों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। इनके पिता डॉण आसाराम नामदेव का भी समाज सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम रहा हैंए जिन्होंने जिला अस्पताल महोबा में अपनी सेवाएं दी थीं। पिता.पुत्र की इस विद्या और सेवा की परंपरा ने जनपद महोबा को गौरवान्वित कर दिया है। नामदेव समाज में डॉण अनुराग की इस उपलब्धि को लेकर हर्ष और गर्व की लहर

# जहां यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछे थे प्रश्न, अब बनेगा पर्यटन हब

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने की दिशा में देहात के आंवला क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक लीलौर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। महाभारत काल की यक्ष-०प्रश्न कथा से जुड़ी यह पौराणिक झील अब न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगी, बल्कि क्षेत्रीय युवाओं के लिए रोजगार का नया माध्यम भी सिद्ध होगी।रविवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने लीलौर झील का स्थलीय निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि झील के चारों ओर पौधारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही बोटिंग सुविधा और वाटर रीचार्ज सिस्टम की स्थापना के लिए कार्य तेज करने को कहा।गुणवत्ता पर जोर, पर्यावरण होगा प्राथमिकताःनिरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। नियमित साफ-सफाई व पर्यावरण हितैषी गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्रामीणों के साथ डीएम ने खुद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।युवाओं को जोड़ेगा सांस्कृतिक विरासत सेःडीएम सिंह ने कहा कि यह वही झील है जहां यक्ष ने युधिष्ठिर से जीवन के गूढ़ प्रश्न पूछे थे। यह स्थान नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। आने वाले समय में यह स्थल आध्यात्मिक पर्यटन का मुख्य केंद्र बन सकता है।निरीक्षण के दौरान डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत खुदाई से प्रभावित सड़कों की शीघ्र मरम्मत, झील बांध की मरम्मत, निराश्रित पशुओं को आश्रय स्थल भेजने और किसानों की फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान सीडीओ देवयानी, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, एसडीएम नहने राम सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## चीनी मिल में चल रहा है मरम्मत का कार्य

देवरनिया, बरेली। किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में मशीनों की मरम्मत आदि का कार्य तेजी से चल रहा है। जिलाधिकारी के आदेश पर एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह तथा एसडीएम बहेडी रत्निका श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।दोनों अफसरों ने मिल परिसर में बॉयलर हाउस, केन करियर, मिल हाउस, पावर हाउस में चल रहे कार्यों का सत्यापन किया गया। बदले गए मशीनों की गुणवत्ता की जांच की गई।

## ईदगाह पर चेयरपर्सन पुत्र शाहनवाज खलील व ईओ ने नमाजियों का किया स्वागत




**नगीना, बिजनौर।** ईद उल अजहा के मुबारक मोके पर ईदगाह पर बढ़ापुर रोड पर लगे नगर पालिका परिषद नगीना के सौजन्य से कैंप मे नगर पालिका परिषद नगीना की चेयरपर्सन ताहिरा खलील के पुत्र व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील व अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने ईदगाह पार आये नमाजियो का गले मिल कर व फूलो की वर्षा कर स्वागत किया। नगर पालिका ने ईदगाह पर लगाए गए कैंप मे पानी की बोतल वितरण की व जामा मस्जिद पर नगर पालिका परिषद नगीना की चेयरपर्सन ताहिरा खलील के युवा पुत्र शेख शहराज खलील ने नमाजियो का स्वागत गले लग कर किया व नगर पालिका की तरफ से जामा मस्जिद पर भी पानी की बोतल वितरण की गयी। इस मौके पर गुड्डू अंसारी, शेख जमशेद, शेख शददन, अंजार सैफी, जुनैद कुरैशी, सिद्दीकी मुल्तानी, जहीर पहलवान, पूर्व लिपिक मदनपाल सिंह, संदीप कुमार, नरेश कुमार, रोहित कुमार, तुषार वर्मा, अभिषेक आदि नगर पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

## महिला जनसुनवाई 11 जून को

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने जानकारी देते हुये बताया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक आवेदिकाओं की सुगमता हेतु 11 जून को प्रातः 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस मे सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल के द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका, महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा।

# सिंदूर पर सियासत

इसे हम भारतीय राजनीति की कमजोरी कह सकते हैं कि जब देश को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सेना के पराक्रम पर गर्व करना चाहिए तब निहित राजनीतिक स्वार्थ के कारण इस पर जमकर सवाल उठाये जा रहे हैं। पाकपरस्त आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर पर खूब सियासत हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी शहर-शहर जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। खूब तालियां और नारेबाजी बटोर रहे हैं। जबकि विपक्ष और खासकर कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर और मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम करार दे रही है। विपक्ष की व्याख्या है कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत अकेला रहा, जबकि पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्किये, अजरबैजान आदि देश सक्रिय रूप से जुड़े रहे। विपक्ष सेना के शौर्य, पराक्रम और प्रहारों की प्रशंसा कर रहा है, लेकिन सरकार को हर स्तर पर नाकाम बता रहा है। सरकार और सेना को विभाजित कैसे किया जा सकता है? सेना और सरकार सभी देश के हैं और सेना राजनीतिक नेतृत्व के निर्देश पर ही काम करती है। क्या कांग्रेस, तृणमूल, सपा, शिवसेना (उद्धव) और वामपंथी दल इसीलिए संसद के विशेष सत्र की मांग कर रहे हैं, ताकि उनके सवालों पर विमर्श को केंद्रित किया जा सके और वे शब्द संसदीय रिकॉर्ड में दर्ज किए जा सकें? ताकि विपक्ष प्रधानमंत्री समेत सत्ता-पक्ष की घेराबंदी कर सके? संसद लोकतंत्र का अंतिम और निर्णायक मंच है, लेकिन विशेष सत्र से देश को हासिल




क्या होगा? विपक्ष वही सवाल संसद में भी दोहरा सकता है, जो अब भी कर रहा है और मीडिया में खूब छप रहे हैं और टीवी चैनलों पर इस मुद्दे पर डिबेट भी हो रही है। यह सब तब हो रहा है जब सेना ने अभी ऑपरेशन सिंदूर को आधिकारिक रूप से समाप्त नहीं किया है। शायद अभी करना भी नहीं चाहिए क्योंकि भले ही सैन्य टकराव रुका गया हो लेकिन कूटनीतिक स्तर पर और पहलगाम हमले के आतंकियों को खोजने का अभियान जारी है। यह भी कि जब मानसून सत्र जुलाई के आखिर में प्रस्तावित है और इसमें सिर्फ डेढ़ माह बचे हैं, तो विशेष सत्र की मांग का कोई मतलब नहीं है। लेकिन विपक्ष इस पर अपनी सियासत चमकाने के लिए विशेष सत्र बुलाना चाहता है ताकि वह सरकार को अपने सियासी नैरेटिव के आधार पर घेर सके। आखिर इस विशेष सत्र से क्या हासिल होगा। सरकार कांग्रेस सरकारों की नाकामी दोहरायेगी ओर विपक्ष मोदी सरकार को पूरी तरह असफल बतायेगा। यही होना है। यह सब जानते हैं फिर विशेष सत्र की मांग की जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। बहुत से निष्कर्ष अभी हासिल किए जाने हैं। बेशक विपक्ष के विरोध का केंद्र प्रधानमंत्री मोदी ही हैं और विरोध के मद्देनजर फर्जी नेरेटिव भी गढ़े जा रहे हैं। सवाल है कि एक सशस्त्र ऑपरेशन चलाने, आतंकियों के 9 प्रमुख अड्डो को ध्वस्त करने, बड़ी संख्या में आतंकियों को मारने और आतंकवाद के खिलाफ भारत के नये दृष्टिकोण और कठोर रुख को स्पष्ट करने के बाद भी इतने सवाल क्यों पूछे जा रहे हैं। क्या आतंकवाद खत्म हो गया? क्या हाफिज सईद, मसूद अजहर सरीखे खूंखार आतंकी सरगनाओं को भारत को सौंपने की शर्त तय हुई है? यह सब अनर्गल है। बहरहाल सियासत के प्रतीक के तौर पर अब सिंदूर मिल गया है। भाजपा भी घर-घर जाकर महिलाओं को उपहार के तौर पर सिंदूर बांटेगी। क्या सिंदूर कोई भी, किसी भी समय, बांट सकता है अथवा यह वैवाहिक रस्मों की एक पवित्र प्रक्रिया है? भाजपा ने 9 जून से एक माह का राष्ट्रीय अभियान शुरू करना तय किया है। इस तारीख पर, बीते वर्ष 2024 को, प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उसी की सालगिरह मनाई जा रही है। अब सिंदूर ऐसा प्रतीक भाजपा के हाथ लगा है कि वह देश की जनता को सेना, युद्ध और आतंकवाद के आधार पर भावुक बना सकती है, लिहाजा पार्टी के पक्ष में एक राजनीतिक ध्रुवीकरण भी हो सकता है। भाजपा का नया जनाधार भी तैयार हो सकता है। विपक्ष को यही बात परेशान करती है। इस तरह देखा जाये तो कमियां दोनों तरफ है और सबको सुधार की जरूरत है। भाजपा ऑपरेशन सिंदूर का सियासी लाभ न उठाये और विपक्ष बेवजह सवाल न खडा करे। यही आदर्श स्थिति हो सकती है।

विचार

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

# रिजर्व बैंक का फोकस अब विकास पर



मनोज बाजपेयी




विमर्श

**देश के सामने बड़े आर्थिक लक्ष्य हैं और 2047 तक विकसित देश बनने के लिए यह जरूरी है कि देश आठ फीसद की दर से विकास दर्ज करे। फिलहाल इस समय देश 6.5 फीसद की दर से विकास कर रहा है। जीडीपी की वर्तमान दर विकसित भारत के लक्ष्य से कम है लेकिन एक बुरे दौर में 6.5 फीसद की विकास दर भी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।**

रूस और यूक्रेन युद्ध आरंभ होने के साथ ही दुनिया में ऊर्जा की कीमतें बढ़ने लगीं और आपूर्ति श्रृंखलाओं के प्रभावित होने से वैश्विक महंगाई का तांडव देखने को मिला। यह महंगाई की मार लगभग पूरी दुनिया ने महससू की। यह इतनी घातक थी कि कई देशों में महंगाई के खिलाफ लोग सड़क पर उतरे और सत्ता परिवर्तन भी हुआ। बढ़ती महंगाई और अस्थिर भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच तब आरबीआई ने देश में महंगाई को थामने के लिए 'कंजरवेटिव मौद्रिक नीति' अपनायी और चरणबद्ध तरीके से मौद्रिक नीति को सख्त करता गया। इससे मध्य वर्ग को विशेष कर उन लोगों को जो कार या घरों की ईएमआई भर रहे थे उनको परेशानी हुई। लेकिन जब वैश्विक स्तर पर महंगाई का तांडव चल रहा था तब भारत महंगाई के गंभीर झटकों से बचा रहा। करीब-करीब ढाई वर्षों तक आरबीआई महंगाई को लेकर सतर्क नजरिया अपनाता रहा जिससे ऊंची ब्याज दरें बनी रहीं। लेकिन अब महंगाई का संकट काफी तक टल गया है। मुद्रास्फीति का वार्षिक औसत चार-पांच फीसद के बीच है जो एक आदर्श स्थिति कही जा सकती है। महंगाई पर नियंत्रण के बाद आरबीआई ने अब पूरी तरह अपना ध्यान विकास पर केन्द्रित कर दिया है। इसी का परिणाम है ब्याज दरों में लगातार कटौती, वित्तीय प्रणाली में तरलता बढ़ाने का प्रयास और इस तरह सस्ती ब्याज दरों और कर्ज के लिए बैंकों को अधिक फंड मुहैया कराकर आरबीआई ने मौद्रिक नीति को पूरी तरह विकासपरक बना दिया है। वर्ष 2025 का यह छठवां महीना चल रहा है और आधे साल में ही तीन बार रेपो रेट में कटौती केन्द्रीय बैंक कर चुका है। बीते पांच-सात जून को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो रेट में 50 फीसद कटौती का फैसला किया गया। इसके साथ नकद आरक्षित अनुपात अर्थात सीआरआर में भी पूरे एक फीसद की कटौती कर दी गयी। आरबीआई के इस फैसले के बाद ब्याज दरों में कटौती का दौर शुरू हो गया। अब तक पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको बैंक सहित करीब-करीब सात-आठ बैंकों ने ब्याज दरों में कटौती कर दी है। इसी तरह सीआरआर को चार फीसद से घटाकर तीन फीसद करने से बैंकों के पास कर्ज बांटने के लिए 0000 करोड़ की अतिरिक्त पूंजी उपलब्ध होगी। जाहिर है जब सस्ते दरों पर कर्ज मिलेगा, बैंक क्रेडिट ग्रोथ बढ़ाने के आसान शर्तों पर कर्ज देंगे तो ऑटो इंडस्ट्री से लेकर हाउसिंग सेक्टर तक में नयी मांग सामने आयेगी और इससे हमारी अर्थव्यवस्था को नयी गति मिलेगी।

देश के सामने बड़े आर्थिक लक्ष्य हैं और 2047 तक विकसित भारत बनने और 30-32 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए यह जरूरी है कि देश आठ फीसद की दर से विकास दर्ज करे। फिलहाल इस समय देश 6.5 फीसद की दर से विकास कर रहा है। जीडीपी की वर्तमान दर विकसित भारत के लक्ष्य से कम है लेकिन एक बुरे दौर में 6.5 फीसद की विकास दर भी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है और हम यह कह सकते हैं भारत दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ी अर्थव्यवस्था है। अमरीकी संरक्षणवाद, ट्रंप की तुगलकी टैरिफ नीति और भू-राजनीतिक तनावों के इस दौर में दुनिया में बढ़ते टकरावों के बीच यह अच्छी खबर देश के लिए यह है कि हमारी अर्थव्यवस्था लगातार बेहतर कर रही है। बीते सप्ताह जारी आंकड़ों के मुताबिक 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वास्तविक अर्थों में 6.5 फीसदी बढ़ी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने भी अपने दूसरे अग्रिम अनुमानों में इसके इसी स्तर पर रहने की बात कही थी। दूसरी तिमाही में वृद्धि दर के 6 फीसदी से नीचे रहने के कारण चिंता की स्थिति बनी। लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था वर्ष की दूसरी छमाही में बेहतर स्थिति में आ गई। खासतौर पर अंतिम तिमाही में। चौथी तिमाही के दौरान सकल मूल्यवर्धन 6.8 फीसदी रहा और इसमें कृषि, विनिर्माण और सेवा जैसे क्षेत्रों का योगदान रहा। विनिर्माण क्षेत्र इस तिमाही में भी केवल 4.5 फीसदी की दर से बढ़ा। मांग की बात करें तो पूरे साल के दौरान निजी खपत व्यय 7.2 फीसदी बढ़ा जबकि इससे पिछले साल यह 5.6 फीसदी बढ़ी थी। निवेश में केवल 7.1 फीसदी का इजाफा हुआ जबकि इससे पिछली तिमाही में यह 8.8 फीसदी बढ़ा था। वर्ष की शुरूआत धीमी निवेश गतिविधि से हुई लेकिन दूसरी छमाही में इसने गति पकड़ ली। यह सही है कि वृद्धि 6.5 फीसदी रही लेकिन यह भी ध्यान देने लायक है कि यह 2023-24 के 9.2 फीसदी के मुकाबले काफी कम है। इसके अलावा 2021-22 में कोविड-19 महामारी की शुरूआत के बाद से इस वर्ष विस्तार की गति सबसे धीमी रही। वर्ष के दौरान कई अर्थशास्त्री कह चुके हैं कि महामारी के झटके से उबरने के बाद वृद्धि सामान्य स्तर पर लौट आई है। चालू वर्ष के लिए कृषि क्षेत्र से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। मॉनसून जल्दी आ गया है और बारिश के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद है। उच्च कृषि उत्पादन न केवल वृद्धि में सीधा योगदान करेगा बल्कि ग्रामीण आय में भी इजाफा करेगा। इससे मांग को समर्थन मिलेगा। कुल मिलाकर निजी खपत में सुधार के संकेत हैं लेकिन यह देखने की बात होगी कि यह टिकाऊ है या नहीं। चाहे जो भी हो, उच्च कृषि उत्पादन और कम खाद्य मुद्रास्फीति मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी को नीतिगत राहत का अवसर आगे भी देंगे। विशेषज्ञों का अनुमान है कि एमपीसी मौजूदा चक्र में नीतिगत ब्याज दरों में अभी और कटौती करेगी। वास्तविक कमी इस बात पर निर्भर करेगी कि एमपीसी आने वाली तिमाहियों में मुद्रास्फीति में किस प्रकार के उभार की उम्मीद करती है और संभावित वृद्धि को लेकर क्या अनुमान लगाती है। अगर मुद्रास्फीति के परिणाम लक्ष्य के करीब रहते हैं तो एमपीसी शायद नीतिगत समायोजन के साथ वृद्धि को गति देती रहे क्योंकि यह करना अब जरूरी हो गया है। बहरहाल, काफी कुछ इस बात पर भी निर्भर करेगा कि बाहरी माहौल क्या करवट लेता है? अमेरिका और अन्य जगहों पर उच्च बॉन्ड प्रतिफल भी एमपीसी के विकल्पों को प्रभावित कर सकते हैं। वास्तव में बाहरी वित्तीय और आर्थिक अनिश्चितताएं भारतीय अर्थव्यवस्था को कई प्रकार से प्रभावित करेंगी। इसमें सबसे अधिक ट्रंप प्रशासन की टैरिफ और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति है जो देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

दरअसल ट्रंप प्रशासन के कदमों से उत्पन्न वैश्विक व्यापार और आर्थिक अनिश्चितता आगे भी जारी रह सकती है। इस बीच विभिन्न देश अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों पर चर्चा कर रहे हैं। भारत भी अमरीका के साथ मुक्त व्यापार समझौते की निकट पहुंचग या है। यह तक तक फाइनल होगा यह देखने वाली बात होगी। ऐसे हालात में निर्यात और निवेश पर असर हो सकता है। इसका असर वृद्धि पर भी पड़ेगा। गत सप्ताह के आंकड़े यह भी बताते हैं कि सरकार गत वित्त वर्ष के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही। इस वर्ष भी उससे यही उम्मीद है। इससे सरकार को पूजींगत निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। फिलहाल वैश्विक अनिश्चितता का दौर जारी है। ऐसे में सरकार और आरबीआई को बेहतर घरेलू नीतियों के जरिए विकास दर को 6.5 से आगे ले जाना होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उच्च विकास के साथ ही रोजगार सृजन भी जरूरी है। इसके लिए निवेश बढ़ाना होगा और फिलहाल आरबीआई की मौद्रिक नीति अब इसी दिशा में पूरी तरह केन्द्रित है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

सोशल मीडिया

लोक कलाओं की ये खासियत होती है कि वो जमीन से जुड़ी होती हैं। इसलिए उसमें सत्य और विश्वसनीयता का पुट होता है, जबकि दरबारी कला में झूठा बखान होता है। अखिलेश यादव.



बिहार के युवाओं को अब झूठ बोलने, फेंकने हैंग होने और पलटने वाली सरकार नहीं चाहिए, बिहार के युवा नये दौर में, नये बिहार का निर्माण करने को आतुर हैं। तेजस्वी.



आज जनपद औरैया में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में सहभाग कर किसानों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र व चेक दिये। सीएम योगी.



# जीवन के उद्देश्य

अंतर्दृष्टि

विषय भोग की लिप्साएं मनुष्य को आकर्षित करती हैं। उनको कर्तव्य पथ से विमुख कर अपने में समाहित कर लेती हैं। मनुष्य जब विषय भोग में फंस जाता है तो फिर उसका निकलना बहुत मुश्किल होता है। विषयों में फंसकर मनुष्य अपने जीवन का उद्देश्य भूल जाता है या उससे भटक जाता है। यही कारण है कि ऋषि मुनियों ने मनुष्य को जीवन पथ पर दृढ़ता से अडिग रहते हुए मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। संसार के अधिकांश दुखों का कारण सांसारिक विषयों की कामनाएं और भोग लिप्सा ही होती है। इससे पीड़ित व्यक्ति के लिए वास्तव में यह संसार दुख कानन है। दुख से घिरे हुए व्यक्ति के अंदर केवल एक ही विचार कार्य करता है कि वह निरीह और घृणास्पद है। अन्य व्यक्ति न उसके प्रति आकृष्ट होते हैं और न हार्दिक संवेदना ही प्रकट करते हैं। और तो और उसका स्वयं अपने ही ऊपर से विश्वास हट जाता है। बात यही है कि दूसरों से न उसे सहसयता मिलती है न सांत्वना। पर उसके मन से यह बात अलग नहीं होती कि शायद किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसे दुख से छुट्टी मिल जाये। दुख के अवसर पर मन से किसी प्रकर की सहायता नहीं मिलती। क्योंकि उसकी अनर्गल इच्छाएं ही दुख उत्पन्न करती हैं। इच्छाओं से उत्पन्न सुख का तो वह आलिंगन करता है पर दुख के उपस्थित होने पर उसका कुछ सुने बिना ही वह उसे भगा देना चाहता है। परिस्थितियों के अनुकूल होने पर यदा-कदा उसे अपनी चाल में सफलता मिल जाती है ओर बुद्धि निस्सहाय होकर सुषुप्ति अवस्था में चली जाती है। दुख के विषय पर गंभीर विचार करने में असमर्थ हो जाती है। मन के चक्र में फंसा हुआ प्राणी इस प्रकार अधिक काल तक दुख भोगता रहता है। एक के बाद दूसरा इस प्रकार कितने ही जीवन ऐसे ही नष्ट हो जाते हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दुख की घड़ी उपस्थिति होने पर उस पर विचार करते हैं और सत्संग का आश्रय लेते हैं लेकिन अधूरे विचार और बाहरी सत्संग से उन्हें लाभ नहीं होताा। क्योंकि उसमें भी दुख भोगने के अतिरिक्त उनका कोई दूसरा अभिप्रायः नहीं होता। दुख पर विचार नहीं रहता। उनका मन सदा इधर-उधर भटकता रहता है और दूसरों की बातों में दुख से छुटकारा पाने के लिए समाधान खोजता है, जो उसे कभी नहीं मिलता है। कारण वह अपने इन्द्रिय सुखों को छोड़ना नहीं चाहता। दुख के अवसर जीवन में बार-बार आते हैं और जब-जब आते हैं, तब तब मनुष्य को गहरी चोट पहुंचाते हैं। मनुष्य उससे तिलमिला उठता है, रोता और चिल्लाता है। पश्चाताप करता है और उसके मन में भोगों से मुंह मोड़ने की भी इच्छा होती है, लेकिन पुरानी आदत अवसर आने पर उसे भोग भोगने के प्रति पुनः प्रवृत्त कर देती है।

# विकास का नारा दो, सत्ता हथिया लो

व्यंग्यलोक

हमारे देश को विकास की बीमारी आजादी के बाद ही लग गई थी। जो भी सत्ता में आया उसने विकास का नारा दिया। सो विकास की मारामारी ऐसी चली कि विकास चल निकला। हम विकासशील हो गये। यही विकास एक दिन मेरे गाँव भी आ गया। नये चंद सिरफिरों को पसन्द भी आ गया। उन्हें लगा कि विकास की यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है इसलिए वे भी विकासशील हो गये। इसे अपनाने वाले वे लोग थे जो बेकार थे, जिनके हाथ खाली थे। उन्होंने विकास को आजीविका के रूप में अपना लिया। वह विकास ही किस काम का जिसे अपनाने से सर्व प्रथम स्वयं का कल्याण न हो। बस दनादन पुख्ता मकानों की नींव धरी जाने लगी। अकाल अलग हो गया-इसलिए नेताजी ने जो राहत भेजी उसका खून गाँव के विकासशीलों के पृथक् से मुँह लग गया। इस तरह वे आबाद हो गये। गाँव के विकास के लिये 'नवयुवक मण्डल नाम से एक संस्था का गठन किया गया। जो चंद लोग शहर में विकास की चकाचौंध देख आये थे-वे तमाम उसके सदस्य थे। मण्डल की पहली बैठक हुई तो उसके एजेण्डा में-मेरा नाम स्थानान्तरित कराये जाने वाले लोगों में शामिल था। मैं घबरा गया कि यह नवयुवक मण्डल का गठन क्या मेरे लिए ही किया गया है। दौड़ कर मैं विकासशीलों के अध्यक्ष से मिला और बोला-' अमां यार तुम हमारे गाँव के हो और हमारा ही तबादला करवा रहे हो। गाँव में पड़े हैं। अपने बच्चों का लालन-पालन कर रहे हैं, यदि तबादला हो गया तो सारा घर अव्यवस्थित हो जायेगा। अध्यक्ष जी तो विकास की लहर के शिकार थे सो बोले-'गाँव के विकास के लिए आपका इस गाँव से स्थानान्तरण अत्यावश्यक है। मण्डल की बैठक में भी यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हो गया है, इसलिए अब कुछ नहीं किया जा सकता। 'लेकिन मैं विकास में आड़े कहाँ आ रहा हूँ और मैंने बिगाड़ा क्या है? मैंने पूछा। वे बोले- 'विकास में तुम ही तो सबसे बड़ी बाधा हो। दरअसल आपने ईमानदारी का प्रमाण-पत्र ले रखा है और हमें ईमानदारों से डर लगता है। स्कूल में जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसका सारा हिसाब-किताब आपके पास है। आप पूरी ईमानदारी से उसे निपटाते हैं। तीन वर्ष से कोई घपले के चांसेज नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में आपके खिलाफ चार्जेज लगाकर तबादला करवाने के अलावा हमारे पास और क्या विकल्प रह जाता है? 'लेकिन इसमें मैं बाधा कहाँ उत्पन्न कर रहा हूँ। यदि मैं हिसाब-किताब सही रखता हूँ तो इसमें विकास को बल ही मिलेगा। पूरा पैसा विकास में लगेगा। मैंने कहा। 'इसका मतलब आप विकास का अर्थ ही नहीं जानते। 'मैं तो विकास का अर्थ यही जानता हूँ कि जन-कल्याण अधिक-से-अधिक हो तथा लोगों को सभी प्रकार की सुख-सुविधाएँ मिले। मैंने कहा। इस पर वे दाँत पीस कर बोले- 'तो फिर आप अपने इस गाँव से बोरिया-बिस्तर बाँध लीजिए।



पूरन सरमा

# भारतीय इंजीनियरिंग का कमाल है चिनाब ब्रिज



तकनीक

बीते 6 जून को प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इस तरह करीब सवा सौ सालों की जद्दोजहद के बाद कश्मीर तक भारतीय रेल पहुंच गई। लेकिन यह सिर्फ इतनी भर उपलब्धि नहीं है। चिनाब नदी पर बना यह रेल पुल इंजीनियरिंग की दुनिया का एक कमाल है और इसके अस्तित्व में आने से भारत की पुल इंजीनियरिंग का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच इस पुल को बनने में पूरे 22 साल लगे, यह दुनिया का सबसे ऊंचा नदी पुल है। इसकी लंबाई सवा किलोमीटर से भी ज्यादा है और ऊंचाई 359 मीटर है यानी पेरिस के एफिल टावर से भी यह 29 मीटर ऊंचा है।

पुल की जब रूपरेखा बनी थी, तब के मुकाबले जब पुल बनकर निर्मित हुआ तो 6 गुना ज्यादा बढ़कर 1486 करोड़ रुपये में यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल अस्तित्व में आया है। 7 जून 2025 से पहली बार कटरा से श्रीनगर के लिए ट्रेन शुरू हुई है। हफ्ते में 6 दिन यह ट्रेन कटरा और श्रीनगर तक चलेगी। अभी यह ट्रेन कटरा से चलकर सिर्फ बनिहाल में रूकेगी और इसी तरह श्रीनगर से चलकर भी बनिहाल में ही रूकेगी। अन्य स्टॉपिज पर फैसला आने वाले दिनों में होगा। आजादी के इतने साल बाद भी बर्फबारी के सीजन में कश्मीर देश के बाकी हिस्से से कट जाता है। यही नहीं किसी सड़क के रास्ते से जम्मू से कश्मीर जाने में जहां 8 से 10 घंटे लगते हैं, वहीं कटरा-श्रीनगर रूट पर चलने वाली इस वंदे भारत ट्रेन से तीन घंटे ही लगेंगे। लेकिन चिनाब नदी पर निर्मित इस पुल ने इन ब्योरों के लिए नहीं बल्कि अचंभित कर देने वाली तकनीक के लिए पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। चिनाब ब्रिज का विचार सबसे पहले साल 2002 में अटल बिहारी बाजपेयी सरकार के समय रखा गया था। जब उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य कश्मीर घाटी को पूरे भारत से जोड़ना था। साल 2004 के बाद पुल की डिजाइनिंग शुरू हुई और 2008 तक डिजाइन को फाइनल करके निर्माण कार्य शुरू हो गया। लेकिन कभी भू-स्खलन, कभी सुरक्षा खतरे, कभी स्थानीय प्रतिरोध और कभी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण इस पुल के निर्माण में बार बार बाधाएं आती रहीं। 2010 में तो इसे एक बार अस्थायी रूप से स्थगित ही कर दिया गया था। लेकिन साल 2017 में मोदी सरकार ने इसे दोबारा से शुरू कराया और 20 वर्षों के बाद आखिरकार यह अद्वितीय पुल बनकर तैयार हो गया। इस पुल के निर्माण में भारतीय रेलवे की इंजीनियरिंग शाखा ने अपनी सारी प्रतिभा झोंक दी है। इस पुल पर 30 हजार मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल हुआ है। यह स्टील विशेष मौसम रोधी सामग्री और आधुनिक तकनीकी का कमाल है। इस पुल परियोजना में पिछले 900 दिनों से 24 गुणे 7 काम हो रहा था और इसके निर्माण में भारत की कई इंजीनियरिंग कंपनियों ने अतिरिक्त रूप से सहायता दी है। सैन्य विशेषज्ञ संस्थान डीआरडीओ और आईआईटीज विशेष रूप से शामिल रही हैं। चिनाब नदी पर बना यह पुल अभियांत्रिकी के इतिहास की अगर अभूतपूर्व उपलब्धि है तो इसके कई कारण हैं। एफिल टावर से भी ज्यादा ऊंचा यह पुल 8.0 तीव्रता तक के भूकंप के झटके को आसानी से सह लेगा और 260 किलोमीटर प्रतिघंटे की हवाएं चलेंगी तो भी इसका बाल बाका नहीं होगा। अर्धचंद्राकार यानी आर्च शेप का यह पुल दुनिया की अत्यंत जटिल संरचनाओं में गिना जायेगा। यह मेक इन इंडिया का एक चमकदार उदाहरण है।

इस पुल के निर्माण में जो स्टील और तकनीक इस्तेमाल की गई है, उससे भी भारत का मान बढ़ा है। इस पुल की निगरानी और मेंटेनेस के लिए अत्याधुनिक सेंसर और डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल किया जायेगा। कूटनीतिक दृष्टि से भी यह पुल बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसके निर्मित होते ही चीन और पाकिस्तान की नींदें उड़ गई हैं। चिनाब ब्रिज जम्मू से कश्मीर घाटी तक रेल संपर्क प्रदान करेगा, इसका मतलब यह है कि अब भारतीय सेना द्वारा भारी हथियार और रसद सामग्री किसी भी समय घाटी तक पहुंचायी जा सकती है। चाहे मौसम कैसा भी हो। अतः यह पुल भारत को अपने शत्रु देशों पर सामरिक बढ़त देता है। चीन-पाकिस्तान गलियारा जो गिलगित बाल्टिस्तान से होकर जाता है, जिसे भारत विवादित क्षेत्र मानता है। अब यह चिनाब ब्रिज इस पूरी परियोजना पर रणनीतिक बढ़त हासिल कर चुका है। इस पुल के बन जाने से कश्मीर अब पूरे साल शेष भारत के संपर्क में रहेगा।

**नरेंद्र शर्मा.**

## आप की बात

### युवा उद्यमिता अपनायें

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### अवैध निर्माणों पर लगायें लगाम

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं। अगर नगर निगम और प्राधिकरण के लोग अपनी जिम्मेदारी के प्रति सतर्क रहें, तो किसी भी सूरत में अवैध निर्माण या फिर मैप के विपरीत निर्माण नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय नियमित जांच होते रहना चाहिए।

**धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के रायपट्टी गांव निवासी 27 वर्षीय उमेश सिंह पुत्र अहिबरन सिंह की तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा शनिवार देर शाम 4 बजे के आसपास नदौली गांव के पास खाकी दास कुटी के सामने उस समय हुआ, जब उमेश अपनी बाइक से अमानीगंज की ओर से सतनापुर की तरफ जा रहे थे।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उमेश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उमेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन आसपास के ग्रामीणों ने उसका पीछा किया। नदौली गांव के आगे नहर की रेलिंग से पिकअप अनियंत्रित होकर टकरा गई, लोगों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मृतक उमेश सिंह के शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उमेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अविवाहित था। वह पोस्टमार्टम हाउस में संविदा पर नौकरी करता था।

# युवक को सशस्त्र हमलावरों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

जिला संवाददाता


**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाने से चंद कदम दूरी पर स्थित वंश हॉस्पिटल में जान बचाकर छिपे युवक को आधा दर्जन से अधिक हमलावरों द्वारा बर्बरता पूर्वक पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद घायल युवक को इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया गया। वहीं पीड़ित ने मामले में हमलावरों के खिलाफ कुमारगंज जान से मार डालने की धमकी देने लगे। जिसका विरोध करने पर उपरोक्त लोग उन्हें मारने पीटने लगे। नौशाद की बहन एवं घर वालों ने किसी तरह बीच बचाव किया। घटना के बाद नौशाद शिकायत करने थाने जा रहा था कि जयराम यादव अपने पुत्र अर्पित यादव सहित अपने साथियों लाल बहादुर ब शेर बहादुर निवासी इटौंजा एवं तीन अन्य अज्ञात युवकों के साथ पिकअप रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 44 एच 8192 से सवार होकर उसके पास पहुंच गए।

- कुमारगंज थाने से चंद कदम दूरी स्थित वंश हॉस्पिटल के सामने का मामला
- पीड़ित युवक ने प्रकरण में मुकदमा कायम किए जाने हेतु पुलिस को दी तहरीर
- कुमारगंज पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआईआर

पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार की है। पुलिस द्वारा अभी तक कोई प्राथमिकी नहीं दर्ज गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कुमारगंज अंतर्गत पूरे नेमा निवासी युवक नौशाद पुत्र सलामत ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते पांच जून को रात्रि करीब 10:00 बजे जयराम यादव एवं उनके बेटे अर्पित यादव उनके दरवाजे पर आए और उन्हें गालियां देते हुए उन्हें देख युवक नौशाद अपनी जान बचाकर करीब स्थित वंश हॉस्पिटल में जाकर छुप गया।

उपरोक्त लोगों ने युवक नौशाद को अस्पताल से बाहर खींच लिया और अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाकर पटक दिया और लाठी डंडों से जमकर पीटा। युवक का आरोप है कि उसकी जेब में रखा 82 हजार रुपए भी उक्त हमलावरों ने निकल लिए हैं, जिसका साक्षी अस्पताल में लगे सीसी



टीवी कैमरे के फूटेज से प्राप्त किया जा सकता है। घटना के बाद घायल युवक के परिजन नौशाद को लेकर थाने पहुंचे।

जहां युवक नौशाद ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां युवक का इलाज चल रहा है। फिलहाल मामले में कुमारगंज पुलिस ने हमलावरों के प्रभाव में आकर मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा है। जिसके चलते ही अब कुमारगंज पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगने लगा है।

## विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को दी बाल संरक्षण की जानकारी

**अयोध्या।** कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मानव विकास विभाग ने बाल संरक्षण दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम ग्राम सिधौना में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में हुआ। सामुदायिक विज्ञान संकाय की डीन डॉ. साधना सिंह और सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. एस.पी. मौर्य ने दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. साधना सिंह ने कहा कि हर बच्चे को सुरक्षित और स्नेहपूर्ण माहौल देना सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने अलग-अलग विषयों पर जानकारी दी। डॉ. एस.पी. मौर्य ने बाल अधिकारों की जानकारी दी। डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने बच्चों के पालन-पोषण पर चर्चा की।

डॉ. रागिनी मिश्रा ने बाल शोषण रोकने के उपाय बताए। डॉ. प्राची शुक्ला ने समुदाय की भूमिका समझाई। डॉ. श्वेता सचान ने सरकारी मदद और हेल्पलाइन की जानकारी दी। डॉ. मीनल ने परिवार-केंद्रित संरक्षण पर बात की। शोधार्थी ऋतिका पांडे और अनुराधा ने जोखिम में रह रहे बच्चों की पहचान और उनकी मदद के तरीके बताए।

## छापेमारी में 90 लीटर शराब बरामद



**बाराबंकी।** कच्ची शराब बनाने वाले माफियाओ पर शिंकजा कसने मे जुटे जनपद के आबकारी विभाग का विशेष प्रतर्वन अभियान जारी है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने-अपने क्षेत्र का छापेमारी कर अवैध भट्टियो समेत कच्ची शराब को बरामद किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मी चंद पाल की टीम ने थाना असन्द्रा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मझौटी, अशरफपुर, दिलावलपुर समेत 12 संदिग्ध स्थानो मे छापेमारी की। छापेमारी के दौरान धधक रही भट्टिया समेत 450 किलो तैयार लहन नष्ट किया गया। 45 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। तथा 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। छापेमारी टीम मे प्रधान सिपाही दीप नारायण वर्मा, सिपाही दीपक मिश्रा, विशाल सिंह, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे। तो वही दूसरी तरफ आबकारी निरीक्षक सर्किल फतेहपुर गजेन्द्र प्रसाद की टीम ने थाना कुर्सी अन्तर्गत ग्राम बेहड़पुरवा, बसारा व थाना घुंघटेर अन्तर्गत ग्राम गड़िया बाजार, पलिया नहर पुलिया, विरमपुर पुलिया समेत 12 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की। मौके पर 45 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत 3 अभियोग पंजीकृत किये गये। मौके पर 100 किलो तैयार महुआ लहन को नष्ट किया गया। इसके साथ ही आबकारी निरीक्षक ने टिकैतगंज एंव निंदूरा अन्तर्गत देशी एंव कंपोजिट दुकानो का निरीक्षण किया।

## रघु ठाकुर का आगमन कल

**बाराबंकी।** इमरजेंसी में सबसे भयावह यातना झेलने वाले मध्य प्रदेश के प्रखर समाजवादी चिन्तक, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संयोजक रघु ठाकुर के जीवन के 80 वसंत पूरे होने और आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर 10 जून को गांधी भवन में सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संयोजक राजनाथ शर्मा ने बताया कि रघु ठाकुर समाजवादी आन्दोलन दूसरी पीढ़ी के खांटी समाजवादी चिन्तक है। श्री ठाकुर के सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों पर केन्द्रित ह्यह्यरघु ठाकुर-विचार और वैचारिकी के आठ दशकह्व विषयक विचार संगोष्ठी का आयोजित होगी।

# सर्व समाज को जोड़कर ही पूरी होगी पीडीए की परिकल्पना: पारसनाथ

**अयोध्या।** रविवार को अयोध्या जनपद के गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मया ब्लॉक के जे बी इंटरनेशनल कॉलेज में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत व बूथ, सेक्टर व जोन के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सर्व समाज को जोड़कर ही पीडीए की परिकल्पना पूरी होगी। आज प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार के तानाशाही रवैये से जनता तंग आ चुकी है। प्रदेश की जनता उम्मीद भरी निगाहों से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की तरफ देख रही है। प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण किसान, नौजवान, बेरोजगार, महिलाएं, छात्र, मजदूर व समाज का सभी वर्ग परेशान है। प्रदेश




में आज भ्रष्टाचार चरम पर है और चारों तरफ जंगल राज कायम है इसलिए समाज के सभी वर्गों ने मन बना लिया है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है। प्रदेश की तरक्की, खुशहाली, आपसी भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने के लिए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना है। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडे ने बताया कि कार्यक्रम संचालन संदीप यादव सनी व अध्यक्षता सियाराम निषाद ने किया। कार्यक्रम का आयोजन मया ब्लॉक के अध्यक्ष विंदेश्वरी यादव के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश पटेल, धर्मवीर वर्मा, इंद्रपाल यादव, मायाराम वर्मा, जगन्नाथ पाल, रामबचन सैनी, नागेंद्र यादव, वैश्य अंसारी, राकेश चैरसिया, मुलायम यादव, भानु यादव, सियाराम यादव, राजितराम पटेल, पवन कुमार पाल, सभापति यादव, आदि उपस्थित रहे।

## श्री खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन आज

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज कस्बे में पहली बार श्री खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन के सोमवार को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी।

निशान यात्रा ठंडी सड़क स्थित राधा कृष्ण मंदिर से निकल कर तीनो बाजार भ्रमण करती हुई दशरथ वाटिका पहुंचेगी। आयोजक मंडल के सदस्य राजेश गुप्ता, नितिन गुप्ता, मोनू आदि ने बताया कि सोमवार को निशान यात्रा व मंगलवार को टिंकू म्यूजिकल ग्रुप द्वारा कीर्तन और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण इत्र वर्षा, अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, दिव्य दर्शन, छप्पन भोग, राधा रसोई व प्रसाद है।

बताया कि इस ऐतहासिक कार्यक्रम के आयोजक करने वाले श्याम कराने वाले श्याम है।

# अगले माह से मिल्कीपुर में भव्य मंदिर में होंगे विघ्नेश्वर महादेव के दर्शन



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का

- 1.73 करोड़ से यूपीपीसीएल करा रहा है सुंदरीकरण
- सीढ़ियों पर लग चुके हैं पत्थर, अब चल रहा है द्वार के सुपर स्ट्रक्चर का कार्य

केंद्र बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रमपुरवा गांव में स्थित ऐतिहासिक विघ्नेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से पूरा हो रहा है। उम्मीद है कि अगले माह से श्रद्धालु इस भव्य मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर सकेंगे। यूपीपीसीएल (यू०पी० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड) द्वारा 1.73 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे इस सौंदर्यीकरण कार्य में अब तक 85 फीसदी प्रगति हो चुकी है। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कार्य अंतिम चरण में है। मंदिर की सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। अब मुख्य द्वार के सुपर स्ट्रक्चर का निर्माण चल रहा है। इसके साथ ही मंदिर परिसर में ग्रेनाइट फ्लोरिंग और पूर्व निर्मित घाट की सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य भी पूर्ण हो गया है। परिसर को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए पाथवे निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जबकि टॉयलेट ब्लॉक और यात्री निवास की फिनिशिंग का काम भी तेजी से चल रहा है। विघ्नेश्वर महादेव मंदिर का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व अयोध्या के लिए विशेष है।

यह मंदिर न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बनने जा रहा है। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिले। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि इस परियोजना के तहत मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। टॉयलेट ब्लॉक और यात्री निवास की सुविधा यात्रियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगी। इसके अलावा पाथवे और ग्रेनाइट फ्लोरिंग से मंदिर परिसर की सुंदरता और उपयोगिता में और इजाफा होगा।

## गर्मी में यात्रियों की प्यास बुझाना सराहनीय कार्यः अमित



**बाराबंकी।** भीषण गर्मी में धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र संयोजक अमित अवस्थी के नेतृत्व मे धर्मसेवको ने सैदखानपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियो मे मिष्ठान-जल वितरण किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि जनपद में पिछले 4 वर्ष से धर्मसेवको द्वारा रेलमेघ यज्ञ कार्यक्रम चलाकर भीषण गर्मी मे यात्रियो की प्यास बुझाना सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम सुरेश चंद्र गौतम, पवन कुमार मिश्र, कृपा शंकर तिवारी, श्रवण सिंह, प्रदीप शुक्ला, रामसिंह, करुणा शंकर तिवारी, रामनरेश राम विश्वकर्मा, रितेश तिवारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**बहराइच।** आगामी 10 जून को चित्तौरा (को. देहात) में माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण जिलाधिकारी महोदय बहराइच श्रीमती मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच द्वारा आगामी 10 जून को चितौरा (को. देहात) में माननीय मुख्यमंत्री जी (उत्तर प्रदेश) के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर की जा रही सुरक्षा सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित

# सनातन समाज को मजबूत कर धर्म की रक्षा हो सकती है: डॉ. रवीन्द्र

**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की प्रेस क्लब से सिविल लाइन में संपन्न बैठक में उत्तर प्रदेश शासन के भारतीय जनता पार्टी के कल्याण सिंह सरकार के पूर्व मंत्री डॉ रवींद्र शुक्ला ने सनातन धर्म को मजबूत करने और राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए ब्रह्मणत्व को कायम रखने के लिए हिंदू समाज को आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज के लोगों को व्यवसाय करने नौकरी के पीछे ना भागने के साथ अपने बच्चों को वेद पाठी बनाने और पुरोहित बनने के लिए प्रेरित किया। राम मंदिर आंदोलन मे अग्रणी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी के उ प्र सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री रहे डॉक्टर शुक्ला ने अपना राष्ट्रगान का आदेश ना वापस ले कर मंत्री पद को त्याग कर इतिहास कायम करने का निर्णय लेकर हिंदुत्व को मजबूत किया। उनके द्वारा रचित गीत कोई पद चिन्ह बनाता है पद चिन्ह बनाने वाला ही देश मे पूजा जाता है अनुकरणीय




है। सेवानिवृत्ति जीएसटी कमिश्नर इंद्रप्रकाश तिवारी समाज के बच्चों को व्यवसाय करने और ब्राह्मण समाज को अपने बच्चों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और संस्कारवान बनाने की अपील की जिला महामंत्री शिव प्रकाश पाठक ने भी भाषण में ब्राह्मणों को एकजुट होने के साथ बच्चों को शिक्षित करने और व्यवसाय पर एक शिक्षा देने की सलाह दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष लखषणधर त्रिपाठी ने दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं। विश्व ब्राह्मण संयुक्त संघर्ष समिति का 2022 में अयोध्या से शुरूआत करने वाले पंडित कृपा विधान तिवारी में पांच बिंदुओं पर निर्णय लेकर मांग की गई आरक्षण आर्थिक आधार पर योग्यता आधारित पदों को छोड़कर सर्वण आयोग का गठन देश में समान नागरिक संहिता हिंदू सनातन धर्म के हिंदुओं को भगवान परशुराम के प्रकार के उत्सव पर एक दिन का अवकाश अयोध्या धाम ने भगवान परशुराम का भव्य मंदिर निर्माण सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया है। पूरे देश के ब्राह्मण एकजुट हो जाए तो सरकार बदल सकती हैं। ब्राह्मणों को एकजुट होकर संस्कारवान होकर देश को मजबूत करने के लिए समाज हित में आगे आना होगा। कार्यक्रम में परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक में सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदू समाज को जनसंख्या बढ़ाने के प्रोत्साहन हेतु ब्राह्मणों को 6 से अधिक पैदा बच्चा पैदा करने वाले ब्राह्मण को 101000 रू देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम मे राजपथ पुरस्कृत आचार्य श्री नारायण झा वैदिक आचार्य राम तेज पांडे संपादक जुर्म की दुनिया अशोक तिवारी रामभरत पान्डेय नंद कुमार पांडे शिवाकांत तिवारी उमाशंकर तिवारी रामकृष्ण तिवारी सूर्यनारायण दुबे उर्फ रज्जू राधेश्याम पांडे राघवेंद्र प्रताप मिश्रा डॉ विनय शंकर तिवारी उमाशंकर तिवारी उमाशंकर दुबे अंबिका प्रसाद तिवारी ज्ञान तिवारी शिव बहादुर दुबे दुख हरण शुक्ला गुडिया त्रिपाठी विनोद तिवारी देवी प्रसाद दुबे ओमप्रकाश तिवारी रामचरित्र पांडे राम सुरेंद्र मिश्र राज किशोर शर्मा भट्ट समाज के जिला अध्यक्ष आदि भारी संख्या में जिले के पदाधिकारी एवं विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा की बैठक आयोजित




**बहराइच।** आज दिनांक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर महाराजा सुहेलदेव पर्यटन स्थल/स्मार्क के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के आगमन पर जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे के अध्यक्षता में सभी जनप्रतिनिधि गणो एवं पार्टी के पदाधिकारी के साथ तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में जनमानस के आगमन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी विधायक, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, विधायक सदर बहराइच अनुपमा जायसवाल, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, एम एल सी पदम सेन, चौधरी कैसरगंज पूर्व भाजपा प्रत्याशी गौरव वर्मा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्यामकरन टेकरीवाल, जिला महामंत्री डॉक्टर जितेंन्द्र त्रिपाठी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, देवेंन्द्र कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

## दस उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल, कई चौकी प्रभारी बदले

**अयोध्या।** जिले में तैनात कुल दस उपनिरीक्षक की की तैनाती में फेरबदल हुआ है। कई पुलिस चैकियों पर नए चेहरों को कमान दी गई है और थान-कोतवाली में तैनात कुछ दरोगा चैकी का प्रभार पाने में सफल रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने दस उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र की खाली चल रही नवीन मंडी पुलिस चैकी पर अयोध्या कोतवाली के लक्ष्मण घाट चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक जयप्रकाश अवस्थी तथा रामनगर चैकी पर तारुन थाना क्षेत्र के रामपुर भगन चैकी का प्रभार देख रहे धर्मेंद्र सिंह को, विवेचना में लापरवाही के चलते निलंबित महराजगंज थाना क्षेत्र के चैकी प्रभारी पूराबाजार के पद पर अयोध्या कोतवाली के रायगंज पुलिस चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक वीरेंद्र पाल को तैनात किया है। नगर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक राहुल वाजपेई को चैकी प्रभारी कारागार, अभिषेक सिंह को रुदौली कोतवाली के नयागंज चैकी, उपनिरीक्षक कमलेश कुमार को चैकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र थाना कैंट, उपनिरीक्षक शेखर नाथ सिंह को चैकी प्रभारी रायगंज, कैंट थाना में तैनात उपनिरीक्षक रोहित पांडेय को चैकी प्रभारी लक्ष्मण घाट, बीकापुर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक चित्रेश प्रताप सिंह को चैकी देवगांव थाना खंडासा और उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार चैधरी को तारुन थाने के रामपुर भगन चैकी का प्रभारी बनाया है।

## जहरीले पदार्थ के सेवन के चलते युवती भर्ती

**अयोध्या।** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर निवासी युवती रेहाना (18) पुत्री स्व. बशीर अहमद ने रविवार की सुबह किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवती को उल्टियां होने लगी और उसकी हालत बिगड़ी तो परिवार को मामले की जानकारी हुई। आनन-फानन में परिवार ने उसको जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने के कारण इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने युवती को भर्ती कर उपचार शुरू किया है। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि युवती को उसका भाई सहीम लेकर अस्पताल आया था। युवती को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। युवती को लाने वाला उसका भाई कारण के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया। मामले की जाँच-पड़ताल और अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया गया है।

# महाराजा सुहेलदेव देश की अस्मिता और स्वाभिमान की पहचान हैं

**बहराइच।** राष्ट्र नायक वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव विजय महोत्सव समारोह आज पौराणिक चितौरा झील की रमणीक तट पर स्थित सुहेलदेव स्मारक स्थल पर श्रद्धा आस्था एवं राष्ट्र की एकता अखंडता व सनातन समाज को मजबूत करने केसंकल्प के साथ मनाया गया। महाराजा सुहेलदेव के अश्वरोही

- सनातन समाज को मजबूत करने केसंकल्प के साथ मनाया गया

प्रतिमा के समक्ष आर्य समाज की ओर से यज्ञ कार्यक्रम सम्पन्न कर सूर्य कुंड, सूर्य मंदिर मुक्ति आंदोलन के लिए हुंकार भी भरा गया तथा प्राचीनतम सूर्य मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया और जनजागरण अभियान चलाए जाने की कार्य योजना भी बनाई गई। कार्यक्रम मुख्य यजमान देवानंद सिंह देव सपत्नीक रहे। महाराजा सुहेलदेव स्मारक समिति की ओर से आयोजित विजय महोत्सव को संबोधित करते हुए संघ विचारक वरिष्ठ प्रचारक मिहिरज ध्वज सिंह (बाबा मुरारीदास) ने कहा कि, महाराजा सुहेलदेव देश की अस्मिता एवं स्वाभीमान की पहचान हैं जिन्होंने मध्यकाल में विदेशी आक्रांता लुटेरे मसूद गाजी को उसकी एक लाख से भी अधिक सेना सहित चितौरा झील तट पर मार गिराया था और सनातन धर्म का डंका पूरे विश्व में बजाया था।

उन्होंने सनातन समाज का आवाहन करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांता सैयद सलार मसूद गाजी के समर्थकों ने पौराणिक बालार्क सूर्य मंदिर को नष्ट कर मजार बनावा दिया था अब वहां पर पुनः सूर्य मंदिर की स्थापना के लिए जन- जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि हिन्दू समाज के गौरव की पुनः स्थापना हो सके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि, महाराजा सुहेलदेव राष्ट्रनायक थे जिन्होंने अपने पराक्रम से विदेशी लूटेरों को मार गिराया और सनातन समाज की पताका समूचे देश लहराई। हमें उनके विजयी यशोगन से शिक्षा ग्रहण कर सूर्य कुंड वा सूर्य मंदिर मुक्ति तक विशाल जागरण अभियान चलाना होगा।

महंत नगरौर (हनुमत धाम) विष्णु देवाचार्य जी महाराज ने राम चरित मानस के विभिन्न प्रसंगों का उद्धरण देते हुए कहा कि आक्रांता लुटेरे गाजी की मजार को ध्वस्त कर पौराणिक बालार्क सूर्य मंदिर के निर्माण हेतु मार्ग प्रशस्त करने के लिए आज सूर्य कुंड मुक्ति आंदोलन का संकल्प लिया गया है। सनातन समाज के लोग संयुक्त रूप से जन जागरण अभियान चलाएंगे और सूर्य मंदिर का निर्माण कराएंगे।

कार्यक्रम का संचालन सुहेलदेव स्वाभीमान संघ के राष्ट्रीय संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया।

अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राणा विजय भार शिव ने कहा कि, हम अब सनातन समाज के लोग मिलकर महाराजा सुहेलदेव के विजयी यशोगन से जन जन को अवगत कराएंगे तथा पौराणिक सूर्य मंदिर के पुनर निर्माण के लिए जन जागरण अभियान चलाएंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आर्य समाज के वेदपाठी आचार्य ओंकार नाथ शास्त्री, वीरेंद्र देव सिंह, विजय शास्त्री वा रामेंद्र देव सिंह के नेतृत्व में विशेष आहुतियां डालकर सूर्य मंदिर वा सूर्य कुंड मुक्ति का सामूहिक संकल्प दिलाया गया।

## पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने किया हमला, केस दर्ज

**सोहावल-अयोध्या।** थाना पूराकलंदर क्षेत्र के गोहनिया सलोनी में पुरानी रंजिश को लेकर के एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर हमला कर दिया। सुजीत कुमार पुत्र राम जियावन निवासी ग्राम गोहनिया सलोनी ने बताया कि मैं सुबह अपने घर के सामने झाड़ू लगा रहा था। पुरानी रंजिश के कारण मेरे पड़ोसी राम सागर पुत्र हीरा लाल, गुलशन कुमार व श्याम विशाल पुत्र राम सागर तथा उनकी लड़की वर्षा व पत्नी गीता ने गोल बंद हो करके प्रार्थी के दरवाजे पर आ करके भद्दी-भद्दी गलियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर मुझे जब मारना शुरू किया तो मेरी बहन मिथिलेश पत्नी प्रदीप कुमार जो प्रेग्नेंट है। बीच बचाव करने दौड़ी जिसको भी इन लोगों ने मारा पीटा। जिसके कारण पेट में व हाथ पैर में चोट लगी। जिसे देखकर मेरे चाचा राजेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय दुखी राम भी दौड़े तो तो उन्हें भी मारा और धमकी दिया कि यदि कहीं रिपोर्ट करने जाओगे तो तुम्हें जान से खत्म कर दूंगा। विपक्षी सर्कस दबंग तथा एक राजनीतिक पार्टी का नेता भी है। जिसकी लिखित शिकायत थाना पर किया गया। जहां प्राथमिक दर्ज कर ली गई है।

# मादा भेड़िया पिंजरे में कैद

जिला संवाददाता

**बहराइच।** बहराइच जिले में महसी तहसील क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को एक वयस्क मादा भेड़िए को पिंजरे में कैद किया गया है।

वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। महसी क्षेत्र के गदामार कलां गांव में दो और तीन जून

- जानवर के हमले में बच्चे की मौत के बाद शुरू हुई थी तलाश
- चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उसे उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चिड़ियाघर भेजा जाएगा

की दरम्यानी रात एक जानवर दो वर्षीय बच्चे को मां की गोद से उठाकर ले गया था और उसको मार डाला था। ग्रामीण इसे भेड़िए का हमला बता रहे थे। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अजीत प्रताप सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि दो और तीन जून जून की दरम्यानी रात जानवर के हमले से दो वर्षीय बच्चे की मौत के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश था। वन विभाग के कंजरवेटर मनोज कुमार सोनकर के नेतृत्व में देवीपाटन मंडल के तमाम वन प्रभागों की टीम हमलावर वन्यजीव की तलाश में लगातार गश्त पर थीं।

ड्रोन से भी तलाश जारी थी। शनिवार को ड्रोन पायलट सोहन गुप्ता को ड्रोन की मॉनिटर स्क्रीन पर भेड़िया दिखाई दिया।

वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर सिसैया चूड़ामणि गांव से दो-ढाई किलोमीटर दूर सरदार का पचासा गांव में गन्ने के एक खेत से भेड़िए को पिंजरे में कैद कर लिया है।

उन्होंने बताया कि पकड़ा गया वन्यजीव एक वयस्क मादा भेड़िया है तथा चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उसे उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चिड़ियाघर भेजा जाएगा।

संक्षेप

## एक दर्जन आईपीओ पेश होने के लिए तैयार

नयी दिल्ली। साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद, प्राथमिक बाजार में सुधार के संकेत दिख रहे हैं और एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पेश करने की तैयारी कर ली है, जो कि द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है। मर्चेंट बैंकरों ने यह कहा है। उन्होंने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीगल-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं। इसके अलावा, केडिला, एसके फाइनेंस, वेरिटस फाइनेंस, पारस हेल्थकेयर, सीआईएल एचआर सर्विसेज, एवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज, ड्रोफ-केटल केमिकल्स इंडिया, ब्रिगेड होटल वेंचर्स और श्रीजी शिपिंग भी अपने आईपीओ पेश करने की योजना बना रही हैं। इन सभी कंपनियों को पहले ही बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल चुकी है।

## एनसीएलएटी ने बायजू के समाधान पेशेवर की याचिका खारिज की

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने शिक्षा प्रौद्योगिकी ब्रांड बायजू की मूल कंपनी थिंक एंड लर्न (टीएलपीएल) के समाधान पेशेवर द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज में कंपनी की हिस्सेदारी के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश देने वाले एनसीएलटी के आदेश को चुनौती दी गई थी। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि चूंकि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का आदेश सहमति से और एक अंतरिम आदेश है, जो पक्षों के किसी भी अधिकार का फैसला नहीं कर रहा है, इसलिए इस स्तर पर अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। एनसीएलएटी ने कहा कि चूंकि विवादित आदेश एक मध्यवर्ती आदेश के रूप में है, जो पक्षों के किसी भी अधिकार पर निर्णय नहीं करता है। साथ ही तथ्य यह है कि यह आदेश एक सहमत आदेश का रूप लेता है, इसलिए इस स्तर पर अपने अपीलीय क्षेत्राधिकार के प्रयोग में इस न्यायाधिकरण द्वारा किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

## फ्लिपकार्ट ने किया फ्लैगशिप इवेंट ग्लैम अप फेस्ट का आयोजन

बंगलुरु। फ्लिपकार्ट ने अपने फ्लैगशिप इवेंट ग्लैम अप फेस्ट 2025 के तीसरे संस्करण का आयोजन किया। 6 और 7 जून को नेस्को, गोरेगांव, मुंबई में हुये भारत के सबसे बड़े ब्यूटी एक्सपीरियंस में शुमार इस दो दिवसीय आयोजन में 6,000 से ज्यादा इन्फ्लूएंसर्स एवं क्रिएटर्स, 100 से ज्यादा टॉप ब्यूटी एवं ग्रूमिंग ब्रांड्स और देश के लोकप्रिय सेलेब्रिटी साथ आए। इससे ई-कॉमर्स ब्यूटी स्पेस को गति देने की फ्लिपकार्ट की भूमिका और मजबूत हुई है। भारत में ब्यूटी प्रोडक्ट्स का परिदृश्य एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है और इस बदलाव की बागडोर जेन जेड के हाथों में है। हमारा फ्लैगशिप ग्लैम अप फेस्ट 2025 इसी बदलाव का उत्सव है, जहां एक इमर्सिव डिजिटल-फर्स्ट एक्सपीरियंस के माध्यम से ब्यूटी-फॉरवर्ड कंज्यूमर्स, ट्रेंडसेटिंग क्रिएटर्स और टॉप ब्रांड्स को साथ लाया गया है। इस फेस्ट के तहत 6 से 10 जून तक ग्लैम अप सेल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्यूरेटेड कलेक्शन, एक्सक्लूसिव प्रोडक्ट ड्रॉप्स और मेकअप, स्किनकेयर, फ्रेगरेंस व अन्य कैटेगरी मेंलिमिटेड टाइम डील का मौका मिल रहा है।

## देशव्यापी मानसून चेक-अप कैंप शुरू

बंगलुरु। अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा अनुभव देने की प्रतिबद्धता के तहत, देश की अग्रणी वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज देशभर में मानसून चेक-अप कैंप शुरू करने की घोषणा की। यह विशेष सेवा अभियान 6 जून से 20 जून 2025 तक चलेगा और 500 शहरों में फैले 1,090 से अधिक अधिकृत वर्कशॉप्स के जरिए ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा। मानसून के मौसम की शुरूआत के साथ, टाटा मोटर्स ने अपने ग्राहकों की सुरक्षा और गाड़ी की बेहतर कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के लिए यह कैंप शुरू किया है।

# कंपनियों की पूंजी में एक लाख करोड़ की उछाल



नयी दिल्ली। शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह कुल1,00,850.96 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा बढ़त हासिल की।

पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 737.98 अंक या 0.90 फीसदी चढ़ा। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ही पिछड़ी रही। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड को लाभ हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 30,786.38 करोड़ रुपये बढ़कर 19,53,480.09 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 26,668.23 करोड़ रुपये बढ़कर 15,15,853.85 करोड़ रुपये पर रहा। बजाज फाइनेंस ने 12,322.96 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका मूल्यांकन 5,82,469.45 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 9,790.87 करोड़ रुपये बढ़कर 10,41,053.07 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में टीसीएस का मूल्यांकन 28,510.53 करोड़ रुपये घटकर 12,24,975.89 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक मूल्यवान कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# एफपीआई शुद्ध विक्रेता बने, जून में इक्विटी से 8,749 करोड़ निकाले

नयी दिल्ली। मई में जोरदार निवेश करने के बाद विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले सप्ताह में भारतीय इक्विटी बाजारों से 8,749 करोड़ रुपये की निकासी की।



ऐसा अमेरिका-चीन के बीच नये सिरे से व्यापार तनाव बढ़ने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण हुआ। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले मई में 19,860 करोड़ रुपये और अप्रैल में 4,223 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 3,973 करोड़ रुपये, फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। ताजा निकासी के साथ, 2025 में अब तक कुल निकासी 1.01 लाख करोड़ रुपये हो गई है। अमेरिका-चीन के बीच व्यापार तनाव बढ़ने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी के चलते निकासी हुई है। मंदी की आशंका के चलते निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर जा रहे हैं। इसके अलावा, ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों का कथित रूप से उल्लंघन करने पर अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिका में जांच शुरू होने की खबरों ने भी निवेशकों के विश्वास को कम किया। हालांकि आरबीआई के रेपो दर में आधा प्रतिशत की कटौती से बाजार की भावना मजबूत हुई।

## गौतम अदाणी को 2024-25 में 10.41 करोड़ का वेतन मिला

नयी दिल्ली। भारत के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति गौतम अदाणी को 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 10.41 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक मिला। यह राशि उद्योग के उनके अधिकांश प्रतिस्पर्धियों और उनके अपने प्रमुख अधिकारियों से कम है। समूह की सूचीबद्ध संस्थाओं की ताजा वार्षिक रिपोर्ट से पता चला कि अदाणी (62) ने बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक फैसे अपने कारोबारी समूह की नौ सूचीबद्ध कंपनियों में सिर्फ दो से वेतन लिया। उनका कुल पारिश्रमिक 2023-24 में अर्जित 9.26 करोड़ रुपये के मुकाबले 2024-25 में 12 प्रतिशत अधिक था। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) से 2024-25 के लिए उनके पारिश्रमिक में 2.26 करोड़ रुपये का वेतन और 28 लाख रुपये के भत्ते, सुविधाएं और अन्य लाभ शामिल हैं।

इसके अलावा, उन्होंने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एपीएसईज़ेड) से 7.87 करोड़ रुपये लिये। इसमें 1.8 करोड़ रुपये वेतन और 6.07 करोड़ रुपये कमीशन के तौर पर मिले। अदाणी का वेतन भारत में लगभग सभी बड़े परिवार के स्वामित्व वाले समूहों के प्रमुखों से कम है। हालांकि सबसे धनी भारतीय मुकेश अंबानी कोविड-19 महामारी फैलने के बाद से वेतन नहीं ले रहे हैं।

# ओडिशा अब भारत का खनिज केंद्र नहीं बल्कि विविध औद्योगिक केंद्र बन रहा

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि प्रदेश अब भारत का खनिज केंद्र नहीं रहा, बल्कि यह एक विविध औद्योगिक शक्ति बन रहा है।

माझी ने अपनी सरकार की पहली वर्षगांठ से पहले लोक सेवा भवन में उद्योगपतियों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ओडिशा अब सिर्फ़ खनिज और धातु का केंद्र नहीं रह गया है। हम एक विविधतापूर्ण औद्योगिक केंद्र बन रहे हैं, जहां बंदरगाह से लेकर संयंत्र तक और शहरों से लेकर हर आकांक्षी जिले तक अवसरों का प्रवाह होता है। उन्होंने कहा कि राज्य 20 क्षेत्रों - खनन, धातुकर्म और धातु डाउनस्ट्रीम से लेकर रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान और वस्त्र में उभरते अवसरों तक में आगे बढ़ रहा है। माझी ने उद्योगों की मदद के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक साल पहले, ओडिशा के लोगों ने हम पर भरोसा जताया था कि हम एक ऐसा भविष्य बनाएंगे जो समावेशी, आकांक्षापूर्ण और परिवर्तनकारी होगा। आज, जब हम इस पहले वर्ष पर विचार करते हैं, तो हम अपनी प्रगति और आगे की यात्रा के लिए नई प्रतिबद्धता पर गर्व करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रही है और उद्योगपतियों से राज्य को औद्योगिक शक्ति बनाने की यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। पिछले वर्ष ही 206 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई - जो पिछले पांच वर्षों के औसत से लगभग दोगुनी है। इनका कुल निवेश मूल्य 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है और इनमें लगभग 2.9 लाख रोजगार की संभावना है। उत्कर्ष ओडिशा शिखर सम्मेलन के बाद से, 56 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जा चुका है।

## एयरटेल ने धोखाधड़ी का मुकाबला करने के लिए बैंकों को लिखा पत्र

नयी दिल्ली। दूरसंचार कंपनी एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए 40 से अधिक बैंकों के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से संपर्क किया है।

एयरटेल ने इसके लिए घनिष्ठ सहयोग और एकीकृत मोर्चा बनाने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें ज्ञात धोखाधड़ी वाले वित्तीय डोमेन के भंडार पर खुफिया जानकारी साझा करना शामिल है। एयरटेल ने एनपीसीआई से संपर्क किया है, और डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने के लिए बहुस्तरीय रक्षा बनाने के लिए करीबी सहयोग का प्रस्ताव दिया है। सूत्रों ने बताया कि सुनील मित्तल की अगुआई वाली इस दूरसंचार कंपनी ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एचडीएफसी और अन्य प्रमुख बैंकों के साथ भी इसी तरह की पहल की है। कंपनी ने धोखाधड़ी वाले ज्ञात वित्तीय डोमेन का संग्रह बनाने के लिए सहयोग के लिए आरबीआई से भी संपर्क किया है। मिले पत्र के अनुसार, एयरटेल ने नियामकीय परामर्श का भी समर्थन किया है, और आरबीआई को ऐसे ढांचे के निर्माण में अपना समर्थन देने की पेशकश की है जो ओटीटी मंचों को उपभोक्ता सुरक्षा के लिए, विशेष रूप से वित्तीय संचार के संदर्भ में जवाबदेह ठहराते हैं।

# अमेरिका से व्यापार वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा।




चौहान ने कहा कि हमारी प्राथमिकता अपने किसानों के हितों की रक्षा करना है। भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। हम अपने लाभ और हानि का आकलन करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। वे एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि अमेरिकी कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव के बीच भारत किसानों की सुरक्षा कैसे करेगा। वार्ताकार द्विपक्षीय सौदे के पहले चरण की व्यापक रूपरेखा के लिए खाके पर सहमत हो सकते हैं, जिस पर 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया। अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

# वैश्विक रुझान से तय होगी बाजार की चाल

नयी दिल्ली। इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह उम्मीद जताई। इसके अलावा, मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी।

मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि मानसून की प्रगति और बुवाई के रुझानों ने भी बाजार प्रभावित होगा, क्योंकि इनका असर ग्रामीण खपत पर होता है। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, व्यापार वार्ता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव से निवेशकों की भावना प्रभावित होगी। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,188.99 पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 पर बंद हुआ। हमें उम्मीद है कि भारतीय बाजारों में



धीरे-धीरे तेजी आएगी, जिसे आरबीआई द्वारा उम्मीद से अधिक ब्याज दरों में कटौती और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर आशावाद से समर्थन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस बीच, अमेरिकी शुल्क में अप्रत्याशित बदलाव और मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव सहित वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण अस्थिरता पैदा हो सकती है। मुद्रास्फीति में कमी और आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में की गई आक्रामक कटौती से वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का भरोसा बढ़ने की संभावना है।

## पेज एक का शेष

### टेक्सास नप

आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर डिस्ट्रिक्ट। की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं। एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया। स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

### मोदी सरकार

लेकिन ऐसा लगता है कि जब तक प्रधानमंत्री मोदी हैं, उनका कोई ठोस विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्वाई ने एक बार फिर राष्ट्रीय हित में काम करने वाले नेता के रूप में उनकी छवि को मजबूती प्रदान की है। कुमार ने कहा कि जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का सरकार का निर्णय राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मुद्दों को अपने पक्ष में करने में भाजपा की ताकत को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा जातिगत चिंताओं को दूर करने के लिए काम किया है और यह सुनिश्चित किया है कि जाति आधारित राजनीति उसके एजेंडे में न हो। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के इर्द-गिर्द निर्मित मोदी के कल्याण मॉडल से भाजपा को मदद मिली है और यह आगे भी मिलती रहेगी, क्योंकि पार्टी के पास प्रधानमंत्री के रूप में एक ऐसा लोकप्रिय करिश्माई और भरोसेमंद नेता है, जिनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं है। कुमार ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेता भी अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लोकप्रिय स्वीकृति के मामले में इसी स्तर के थे। संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित कराने में तेदेपा, जद(यू) और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) से मिले समर्थन और विधानसभा चुनावों में जीत के बाद भाजपा के निर्विवाद प्रभुत्व को रेखांकित किया। यदि भाजपा अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले वर्ष में आम चुनाव में विपक्ष से खोई अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाने में सफल होती दिखती है तो अगले वर्ष यह पता चलेगा कि क्या पार्टी अपने प्रतिद्वंद्वियों को और अधिक हैरान कर सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि विपक्ष के कई गढ़ जैसे तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल के अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित दो राज्यों असम और बिहार में भी विधानसभा चुनाव होने हैं।

### इजराइली गोलीबारी

लाया गया। साथ ही, 29 घायलों को लाया गया, जो मध्य गाजा में एक अन्य राहत सहायता केंद्र के पास घायल हुए थे।

### मोदी सरकार में

भर्तियां की हैं। हम 15 जून को देश के गृहमंत्री को बुलाकर एक साथ 60 हजार नौजवानों को प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाकर नियुक्ति पत्र देने वाले हैं। इतनी भर्ती पहले कभी नहीं हुई। आदित्यनाथ ने कहा, हमने लगभग एक लाख 60 हजार से ज्यादा शिक्षक भर्ती किए हैं। लोक निर्माण विभाग हो, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग हो अन्य सरकारी विभागों में नियुक्ति प्रक्रिया को हमने पूरी पारदर्शिता से आगे बढ़ाया है।

### सूडा के परियोजना

मिश्रा हरदोई में तैनात थे और अगले कुछ महीनों में रिटायर होने वाले थे। उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से वह अवसाद में थे। पुलिस ने पीड़ित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### समान नागरिक

फैसले लिए गए हैं, जिनमें किसान सम्मान निधि, न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करना शामिल है। उन्होंने बताया कि किसानों के हित में 14 हजार करोड़ की लागत से सात नई परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। साथ ही, बागवानी क्षेत्र में किसानों को 80% तक सब्सिडी दी जा रही है। गेहूं पर 20 रुपये प्रति क्विंटल बोनस तथा गन्ने के मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा 1200 करोड़ रुपये की लागत से नई सेब नीति, कीवी नीति और ड्रैगन फ्रूट नीति लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। हरिद्वार भूमि घोटाले में आईएएस और पीसीएस अधिकारियों तक के खिलाफ कठोर कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के लिए कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की। ग्राम सभा लिब्बरहेड़ी में महाराजा सूरजमल खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही मंगलौर से गुरुकुल होते हुए लंढौरा बाईपास (हरचंदपुर पुल तक) सर्की रजवाहे की पटरी पर सड़क निर्माण कार्य भी कराया जाएगा।रैली में मुख्यमंत्री का पारंपरिक पगड़ी पहनाकर और गदा भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, कार्यक्रम संयोजक व पूर्व कैबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना सहित अनेक नेताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रोहिला, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल, रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुखगण, मंडल अध्यक्षगण, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, एसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल, एडीएम दीपेंद्र सिंह नेगी, एसडीएम प्रेमलाल एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

### मंदिर, श्मशान और

हुए कहा कि संघ शाखाओं का विस्तार तो हो रहा है पर इसमें युवाओं की भागीदारी और बढ़ाने की जरूरत है। मोहन भागवत ने आगे कहा कि युवा ही ऐसी शक्ति होता है जो परिवार, समाज और राष्ट्र कार्यों को अपनी ताकत और निपुणता से पूरा कर सकता है। संघ का विचार भी यही है कि समाज विषमताओं से मुक्त हो, जहां जाति नाम की चीज न हो। संघ में स्वयंसेवक वर्षों साथ काम करते हैं पर वे एक-दूसरे की न तो जाति जानते हैं और न ही किसी से जाति पूछते हैं। युवाओं के जरिए राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रसेवा का भाव समाज में ले जाया जा सकता है। युवा स्वयंसेवक जब राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रसेवा के लिए समाज को जागरूक करेगा तो एक दिन समाज के हर व्यक्ति के दिल में राष्ट्रप्रेम की भावना जन्म लेगी। आम मानव में इस भावना का संचार होते ही सुदृढ़ राष्ट्र बनेगा।

भागवत ने कहा कि संघ की शाखाएं शहरों में अपार्टमेंट तो गांवों में खेतों और खलिहान तक लगें तो लगेगा कि संपूर्ण भारत में संघ का काम हो रहा है और यही सफलता भी है। संघ का विचार है कि जन-जन तक सेवा कार्य और विशेष तौर पर जो समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा कार्य पहुंचेंगे तो संघ का मकसद पूरा होगा। छत्रपति शिवाजी ने हिन्दू साम्राज्य की स्थापना इसी मकसद से की थी। संघ प्रमुख मोहन भागवत सोमवार को कानपुर से पटना रवाना होंगे। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में ट्रेन में सवार होंगे। इसके लिए जीआरपी प्रभारी ओएन सिंह, आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त विवेक ने टीम संग बैठ सुरक्षा की रणनीति तैयार की।

### गर्म पछुआ हवाओं

पश्चिमी हिस्सों की ओर बढ़ेगी। जैसे ही यह वर्षा प्रदेश में सक्रिय होगी, तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। इसके परिणामस्वरूप 11 जून के बाद लू जैसी स्थितियों से राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में प्रयागराज 43.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ जहां सबसे गर्म रहा, वहीं आगरा 43 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। ऊपरी क्षोभमंडल के प्रतिचक्रवात के संयुक्त प्रभाव से तापमान में दो से तीन डिग्री की और बढ़ोतरी होगी। ऐसे में नौ से 11 जून के दौरान दक्षिणी उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड, विंध्य आदि क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। 11 जून के बाद लू से राहत मिलने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी के अनुसार बुन्देलखण्ड (झांसी, महोबा, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा) तथा विंध्याचल (मिजार्पुर, सोनभद्र) क्षेत्र के कई हिस्सों में 9 से 11 जून के दौरान लू चल सकती है। लू की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक बढ़ जाता है, अथवा मैदानी इलाकों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया जाता है। फिलहाल इन इलाकों में तापमान पहले ही 43 डिग्री के करीब पहुंच चुका है।

### 66 अवैध

विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के साथ समन्वय में शुरू कर दी गई है। इन सभी लोगों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और वे वीजा एवं आप्रवासन नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। अधिकारी ने कहा कि एफआरआरओ इन सभी के निर्वासन से पहले कानूनी और दस्तावेज संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर रहा है। सभी को नियमानुसार बांग्लादेश भेजा जाएगा।

## पिछले वित्त वर्ष में 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल्टी कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ की संपत्ति बेची

नयी दिल्ली। भारत की 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 1.62 लाख करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज लगभग 30,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के साथ सबसे बड़ी कंपनी बन गई। बाजार पूंजीकरण के मामले में सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड 2024-25 के दौरान 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढ़ा ग्रुप), प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स और सिग्नेचर ग्लोबल हैं। निवेशकों की प्रस्तुतियों और शेयर बाजार से जुटाए आंकड़ों के अनुसार, 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने पिछले वित्त वर्ष में 20 प्रतशत से अधिक वृद्धि के साथ 1,61,722 करोड़ रुपये की संयुक्त बिक्री बुकिंग या बिक्री बुकिंग की सूचना दी। बिक्री बुकिंग का बड़ा हिस्सा आवासीय क्षेत्र खासकर लक्जरी घरों से आया, जबकि वाणिज्यिक संपत्तियों से योगदान कम मिला।

## बुनियादी ढांचे का विकास जम्मू-कश्मीर की तीव्र वृद्धि को कर रहा प्रोत्साहित : एलजी सिन्हा

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कठुआ जिले में एक विशाल औद्योगिक इकाई की आधारशिला रखते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास क्षेत्र की तेजी से आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जल्द ही एक विनिर्माण केंद्र, उत्तर का एक प्रमुख बाजार और सेवाओं का एक प्रतिस्पर्धी प्रदाता बन जाएगा। उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर के अविकसित क्षेत्रों में औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विकेंद्रीकरण और अवसर पैदा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास जम्मू-कश्मीर की तेजी से आर्थिक वृद्धि को प्रेरित कर रहा है, जो जल्द ही उत्तर का प्रमुख बाजार, एक विनिर्माण केंद्र और सेवाओं का प्रतिस्पर्धी प्रदाता बन जाएगा। उन्होंने कठुआ के डोहलियां जट्टन गांव में धुनसेरी पॉलीफिल्म लिमिटेड औद्योगिक इकाई की आधारशिला रखी।




# पुणे वारियर्स डबल्यूएमपीएल में पांच रन से जीता

## आखिरी ओवर में 12 रन का बचाव करते हुए सिर्फ छह रन खर्च कर वॉरियर्स को लगातार तीसरी जीत दिलायी

एजेंसी

पुणे। खुशी मुल्ला के हरफनमौला खेल से पुणे वारियर्स ने रविवार को महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्ल्यूएमपीएल) के मैच में स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रत्नागिरी जेट्स को पांच रन से हराया। खुशी ने 54 गेंद में 68 रन की अर्धशतकीय पारी खेलने बाद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 28 रन दिये।

उन्होंने आखिरी ओवर में 12 रन का बचाव करते हुए सिर्फ छह रन खर्च कर वॉरियर्स को लगातार तीसरी जीत दिलायी। खुशी और कप्तान अनुजा पाटिल (22 गेंद में 27 रन) के बीच 53 रन की साझेदारी से वॉरियर्स ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए रत्नागिरि जेट्स ने 26 रन तक चार विकेट गंवा दिये थे लेकिन मध्यक्रम में बल्लेबाजी के लिए आयी भारतीय उपकप्तान मंधाना ने छह चौके और तीन छक्के की मदद से 34 गेंद में 61 रन की पारी खेलकर टीम को मुकाबले में बनाये रखा। तेज गेंदबाज चिनमई बोरपाले (23 रन पर तीन विकेट) ने 15वें ओवर में मंधाना को आउट कर मैच में वॉरियर्स की वापसी कराई।

कप्तान अनुजा पाटिल ने भी 30 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले सोलापुर स्मैशर्स की कप्तान तेजल हसब्निस ने अर्धशतक (36 गेंद में 56 रन) के साथ अपनी टीम को रायगढ़ रॉयल्स पर सात विकेट से आसान जीत दिलाई। तेजल ने ईश्वरी सावकर (38 गेंद में 33 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े। हरफनमौला मुक्ता मागरे ने भी 27 गेंदों पर नाबाद 34 रनों की पारी खेली जिससे सोलापुर ने 17.2 ओवर में 130 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।



### उनादकर की अगुआई वाली अनमोल किंग्स हलार ने एसपीएल का पहला मैच जीता

राजकोट। भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की अगुवाई वाली अनमोल किंग्स हलार ने यहां सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग के उद्घाटन मैच में आर्यन सोरथ लायंस को छह विकेट से हरा दिया।

### बांद्रा ब्लास्टर्स टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में

मुंबई। सुवेद पारकर और विक्रांत औती की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की बदौलत बांद्रा ब्लास्टर्स ने रविवार को यहां एमएससी मराठा रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी और अंतिम टीम है। ईगल थाने स्ट्राइकर्स, सोबो मुंबई फाल्कन्स और एमएससी मराठा रॉयल्स ने पहले ही अंतिम चार का टिकट पक्का कर लिया है। ब्लास्टर्स ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर जीत के लिए मिले 151 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। पारकर और औती ने पहले विकेट के लिए 64 गेंद में 118 रन की आक्रामक साझेदारी कर ब्लास्टर्स को मजबूत शुरुआत दिलायी। पारकर ने 37 गेंद की पारी में 76 रन की पारी के साथ इस साझेदारी में बड़ा योगदान दिया। औती ने 56 रन का योगदान दिया। इससे पहले एमएससी मराठा रॉयल्स ने साहिल जाधव के 50 और आदित्य धूमल के 30 रन की मदद से आठ विकेट पर 150 रन बनाये थे।

### गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की। जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है।

श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

# भारत ए को पहली पारी में इंग्लैंड लॉयन्स पर 21 रन की बढ़त



नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड)। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए।

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (56 रन पर दो विकेट) और तुषार देशपांडे (62 रन पर दो विकेट) ने खलील का अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट चटकाए। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। सुबह के सत्र में जोर्डन कॉक्स (45) और कप्तान जेम्स रेव (10) ने मेजबान टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। कॉक्स ने शारदुल ठाकुर पर चौका जड़ा लेकिन खलील ने दिन के पांचवें और पारी के 51वें ओवर में उन्हें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराके अर्धशतक से वंचित किया। खलील ने 55वें ओवर में कप्तान रेव को करुण नायर के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर यॉर्कर पर जॉर्ज हिल (00) को बोल्ड किया। खलील ने अगले ओवर में क्रिस वोक्स (05) को विकेट के पीछे कैच कराके इंग्लैंड लॉयन्स के मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। फरहान अहमद (24) और मैक्स होल्डन (07) ने सतर्क होकर बल्लेबाजी की और विकेटों के पतन पर विराम लगाया। देशपांडे ने इसके बाद गेंदबाजी में वापसी की और होल्डन उनकी तेजी से अंदर आती गेंद को विकेटों पर खेल गए।

फरहान और जोश टंग (नाबाद 36) ने हालांकि इसके बाद लंच तक टीम को और झटके नहीं लगने दिए। लंच के बाद नितीश कुमार रेड्डी ने फरहान को लोकेश राहुल के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। फरहान ने 87 गेंद का सामना करते हुए दो चौके मारे। टंग और अपना दूसरा प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे 19 साल के एडी जैक (16) ने भारतीय गेंदबाजों को काफी परेशान किया। दोनों ने 10वें विकेट के लिए 48 रन की बहुमूल्य साझेदारी की। कंबोज ने जैक को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।

## संक्षेप

### ग्रैनोलर्स व जेबालोस ने फ्रेंच ओपन खिताब जीता

पेरिस। मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस ने अपनी उम्र को धता बताकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी लेकिन वह पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।

### केन ने एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज

बार्सिलोना। इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर।-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था। केन ने कहा हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे। अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

### दीक्षा तीसरे दौर के बाद भी शीर्ष 10 में

टेनेरिफ (स्पेन)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां अबामा गोल्फ में टेनेरिफ महिला ओपन के तीसरे दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेलकर शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा। दीक्षा का तीन दिन के बाद स्कोर पांच अंडर है और वह अकेले नौवें स्थान पर हैं। वह तीसरे दौर के बाद एकल बढ़त हासिल करने वाली सारा कोसकोवा (69) से तीन शॉट पीछे हैं। टेनेरिफ़ में कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय अवनि प्रशांत ने तीसरे दौर में इवन पार का कार्ड खेला और अब वह 43वें स्थान पर हैं।

# कुसाले व अलावेनिल की टीम में वापसी म्यूनिख विश्व कप में करेंगे अगुआई

एजेंसी

म्यूनिख। वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे। कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं।

महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे क्योंकि भारत इस साल के अंत में बड़ी चुनौतियों से पहले इन दो स्पर्धाओं में अपनी गहराई को परखने की कोशिश करेगा। विश्व कप में 78 देशों के ओलंपिक और विश्व चैंपियन



तथा खेल के दिग्गजों सहित कुल 695 निशानेबाज भाग लेंगे।

इस सत्र की शुरुआत दक्षिण अमेरिका में दो प्रतियोगिताओं के साथ हुई थी जिसमें भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते जिससे टीम अंक तालिका में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। हालांकि म्यूनिख चरण में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए काफी कड़ी चुनौती होगी। चीन के दिग्गज निशानेबाज ली यूहोंग और 20 साल के शेंग लिहाओ प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगे। यूहोंग मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में तीन बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। लिहाओ मौजूदा ओलंपिक, विश्व और एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। शुरुआती दो चरण का विजेता चीन अपने पुरुष एयर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन शेइ यू को 22 सदस्यीय टीम में लेकर आया है।

# भारत ने ताइवान ओनल एथलेटिक्स के दूसरे दिन जीते छह स्वर्ण

एजेंसी

ताइपे सिटी। भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा। विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे इस एथलीट को आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए कुछ उपयोगी रैंकिंग अंक हासिल करने में मदद मिली। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था। रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने दो मिनट 6.96 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता। कृष्ण कुमार ने पुरुषों के 800 मीटर फाइनल में एक मिनट 48.46 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल की।



उनका यह प्रदर्शन नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी है। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में अन्नू रानी ने 56.82 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। भारतीय खिलाड़ी अपने इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकीं लेकिन श्रीलंका की रजत विजेता हैटराबेज लेकामलागे (56.82 मीटर) और ताइपे की पिन-ह्सुन चू (53.03 मीटर) को पछाड़ने में सफल रहीं। महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में भारत की शैली सिंह (6.41 मीटर) और ऐंसी सोजन (6.39 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। ऑस्ट्रेलिया की डेल्टा अमिडजोवस्की (6.49 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीता।

**विथ्या, रोहित, पूजा और कृष्ण को ताइवान ओपन एथलेटिक्स में स्वर्ण**

ताइपे सिटी। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा और कृष्ण कुमार ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे इस एथलीट को आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए कुछ उपयोगी रैंकिंग अंक हासिल करने में मदद मिली। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था। रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने दो मिनट 6.96 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

एजेंसी

एंटवर्प (बेल्जियम)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां मेजबान बेल्जियम पर 3-2 से जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारत ने गीता यादव (11वें मिनट) के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने मैरी गोएन्स (25वें मिनट) के गोल से बराबरी हासिल कर ली। जल्द ही बेल्जियम ने लुईस वैन हेके (34वें मिनट) के गोल की मदद से स्कोर 2-। कर दिया।

भारत ने इसके बाद वापसी की और सोनम (40वें मिनट) के गोल से स्कोर 2-2 कर दिया। मेहमान टीम ने लगातार हमले जारी रखे और उनकी रणनीति कारगर साबित हुई जब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुआंगी (45वें मिनट) ने इसे गोल में बदलकर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस के साथ बेल्जियम को बराबरी हासिल नहीं करने दी। भारत अपने यूरोपीय दौरे के दूसरे मैच में 10 जून को फिर बेल्जियम से खेलेगा।

**नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम**

एम्सटलवीन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में पहले मैच में मिली हार से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। भारत ने शनिवार को पहले मैच में एक गोल की बढ़त गंवा दी और उसे ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से।-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी।



नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्ज़ा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे।

उन्होंने कहा इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में स्थान पक्का करने के लिए भारत का लक्ष्य शेष मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना तथा अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अधिकतम अंक हासिल करना होगा। भारत ने इस साल की शुरुआत में प्रो लीग का घरेलू चरण भुवनेश्वर में खेला था, जहां उसने आठ मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए थे।

**नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा भारत को**

एम्सटलवीन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा। भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ।-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्ज़ा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। उन्होंने कहा इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

# रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की हुई सगाई, कई हस्तियां हुई शामिल

लखनऊ । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू सिंह और उत्तर प्रदेश की सांसद प्रिया सरोज की रविवार को लखनऊ में सगाई हुई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के होटल में आयोजित भव्य सगाई समारोह में क्रिकेट, राजनीति और सिनेमा जगत की कई हस्तियां शामिल हुई। क्रीम कलर की शेरवानी पहने रिंकू सिंह और हल्के गुलाबी रंग के लहंगे में सजी प्रिया कार्यक्रम में मौजूद लोगों की मुबारकबाद और अभिवादन स्वीकार करते हुए मंच पर पहुंचे और उन्होंने एकदूसरे को अंगूठी पहनाई। इस दौरान प्रिया खासी भावुक नजर आईं। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर की केराकत सीट से सपा के विधायक और पूर्व सांसद तूफानी सरोज ने बताया कि इस अवसर पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव, उनकी सांसद पत्नी डिंपल यादव, पार्टी मुख्य महासचिव रामगोपाल यादव, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सपा सांसद अवधेश प्रसाद और मोहिबुल्लाह नदवी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सपा राज्यसभा सदस्य अभिनेत्री जया बच्चन और पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी प्रवीण कुमार और पीयूष चावला समेत अनेक हस्तियां मौजूद थीं। प्रिया सरोज के चाचा भगवती चंद सरोज ने बताया कि इस दौरान दोनों पक्षों के परिवारों के सदस्य, रिश्तेदार और आमंत्रित विशिष्ट लोग मौजूद थे।

# ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में जवानों को किया तैनात

## विरोध प्रदर्शनों को काबू करने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवान तैनात





एजेंसी

पैरामाउंट (अमेरिका)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शनों को काबू करने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात किया है जबकि गवर्नर गेविन न्यूसम ने संघीय सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। न्यूसम ने सैकड़ों प्रदर्शनकारियों और दंगारोधी पोशाक पहने संघीय आव्रजन अधिकारियों के बीच शनिवार को लगातार दूसरे दिन हुई झड़प के बाद एक बयान जारी कर ट्रंप प्रशासन के इस कदम का विरोध किया। लॉस एंजिल्स के दक्षिण में लातिन मूल के वर्चस्व वाले पैरामाउंट शहर में होम डिपो से सटे गृह विभाग के कार्यालय के सामने शनिवार को झड़पें हुईं। संघीय सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, फ्लैश-बैंग विस्फोटक एवं प्रभावित करने वाले गोले छोड़े जबकि जवाब में प्रदर्शनकारियों ने भी सीमा गश्ती वाहनों पर पत्थरबाजी की और सड़कों पर कूड़ा जला कर अवरोध पैदा किया। आव्रजन अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को की गई छापेमारी के बाद से इलाके में तनाव बढ़ गया है। अधिकारियों ने लॉस एंजिलिस के फैशन जिले और होम डिपो में छापेमारी भी शामिल थी। शहर में एक सप्ताह के दौरान गिरफ्तार किए गए आप्रवासियों की संख्या 100 से अधिक हो गई है।

एक प्रमुख यूनियन नेता को विरोध प्रदर्शन करते समय गिरफ्तार कर लिया गया तथा उन पर कानून प्रवर्तन में बाधा डालने का आरोप लगाया गया। व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि ट्रंप गार्ड को उस अराजकता से निपटने के लिए तैनात करेंगे जिसे पनपने दिया गया है। यह स्पष्ट नहीं था कि सैनिक कब पहुंचेंगे। डेमोक्रेट गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह जानबूझकर उठाया गया भड़काऊकदम है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा।

# विदेश मंत्री जयशंकर यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए जहां वह फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ वार्ता करेंगे ताकि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को पुनः पुष्ट किया जा सके। जयशंकर की यूरोप यात्रा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के एक महीने बाद हो रही है।

ऐसी अपेक्षा है कि जयशंकर यूरोपीय नेताओं को सीमा पार आतंकवाद से निपटने को लेकर नयी दिल्ली के दृष्टिकोण से अवगत कराएंगे। अपने दौरे के पहले चरण में जयशंकर फ्रांस जाएंगे। फ्रांस एक ऐसा देश है जो भारत का सदाबहार मित्र बनकर उभरा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, विदेश मंत्री पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे जहां वह यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बैरट के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। जयशंकर मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले मेडिटेरेनीयन रायसीना डायलॉग के पहले संस्करण में भी भाग लेंगे। जयशंकर ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कलास के साथ रणनीतिक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ की रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ साल में विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत हुई है तथा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा से इसे और बढ़ावा मिला है। जयशंकर थिंक टैंक और मीडिया के साथ बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में विदेश मंत्री बेल्जियम के नेताओं के साथ व्यापक बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और बेल्जियम के बीच मधुर एवं मैत्रीपूर्ण संबंध हैं तथा दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक साझेदारी भी है।

संक्षेप

## दिल्ली : सूटकेस में मिला बच्ची का शव

नयी दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। वहीं, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हम मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के दल गठित किये गए हैं। हम इस मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच कर रहे हैं। नेहरू विहार निवासी बच्ची के परिवार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। बच्ची के पिता ने बताया कि काफी समय तक उसके घर नहीं लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। बच्ची के पिता ने कहा वह केवल बर्फ देने गई थी।

## राहुल गांधी टिप्पणी पर संबित पात्रा के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी में युवा कांग्रेस के सदस्यों ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के आवास के बाहर राहुल गांधी के खिलाफ उनकी हालिया टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

अधिकारियों ने बताया कि पोस्टर और बैनर लेकर युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ता यहां कलिंग विहार स्थित पात्रा के आवास तक पहुंचे और घर में घुसने की कोशिश करने लगे, जिन्हें रोकने पर पुलिसकर्मियों के साथ उनकी झड़प हुई। पात्रा ने हाल ही में पुरी के पिपिली इलाके में एक जनसभा के दौरान आरोप लगाया था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी चीन या पाकिस्तान के पेड एजेंट हैं। भाजपा सांसद ने तीन जून को नयी दिल्ली में राहुल गांधी के बारे में इसी तरह की टिप्पणी की थी।

पात्रा ने यह टिप्पणी राहुल गांधी के मध्यप्रदेश दौरे के दौरान पार्टी के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सरेंडर (आत्मसमर्पण) करने का आरोप लगाये जाने के बाद की।

## अतिक्रमण : अदालत के आदेशों की अवहेलना नहीं की जा सकती

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि अधिकारी अदालतों द्वारा जारी किये गये ध्वस्तीकरण आदेशों की अवहेलना नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने कहा कि विस्थापित निवासियों को आवास मुहैया कराया गया है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा दक्षिणी दिल्ली में बारापुला के निकट मद्रासी कैंप झुग्गी बस्ती को ढहाये जाने तथा शहर के अन्य भागों में इसी प्रकार के ध्वस्तीकरण अभियान की आलोचना के बीच आई है। आप ने गुप्ता पर निशाना साधते हुए कहा कि विस्थापित लोगों को दूर नरेला में घर मुहैया कराए गए और वहां भी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। हैदरपुर क्षेत्र में एक झुग्गी बस्ती में जन सेवा शिविर के निर्माण के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, पिछले कुछ दिनों में अधिकारियों द्वारा लगभग चार बार ध्वस्तीकरण की कार्वाई की गई है, जैसे मद्रासी कैंप में, जहां न्यायालय ने बारापुला नाले के पास अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।

उन्होंने कहा कि बारापुला नाले के पास अतिक्रमण के कारण इसकी चौड़ाई कम हो गई है, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि गाद निकालने के लिए यह कार्वाई आवश्यक थी। उन्होंने कहाअगर अदालत ने झुग्गियों के लिए कुछ आदेश दिया है तो न तो सरकार और न ही प्रशासन कुछ कर सकता है। मद्रासी कैंप बारापुला नाले के किनारे बसाया गया था।

## सिक्किम : भूस्खलन में फंसे 28 लोगों को बीस सैन्यकर्मियों ने हवाई मार्ग से निकाला



एजेंसी

गंगटोक। उत्तरी सिक्किम के छातेन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से सड़क संपर्क टूट जाने के कारण फंसे कम से कम 28 लोगों और 20 सैन्य कर्मियों को रविवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक हेलिकॉप्टर ने पहली बार में छातेन से 28 नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिनमें नाबालिग, टैक्सी चालक और सरकारी अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि दूसरी बार में 20 सैन्यकर्मियों को पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर उतारा गया।

उन्होंने बताया कि एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने छातेन में तैनात भारतीय सेना के जवानों के लिए आवश्यक आपूर्ति भी पहुंचाई। अधिकारियों के मुताबिक, राज्य सरकार ने भूस्खलन से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाने और सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की थी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की और तीन नाबालिगों सहित 28 आम लोगों को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाल लिया गया।

सेना के 20 जवान भी हेलीकॉप्टर से यहां वापस लौटे। उन्होंने बताया कि सभी लोग पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गए। अधिकारी ने बताया कि यह राहत और बचाव कार्य राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे समन्वित प्रयासों का हिस्सा है, जो खराब मौसम और भूस्खलन के कारण प्रभावित इलाकों में सड़क संपर्क टूटने की स्थिति को देखते हुए किए जा रहे हैं। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आज (रविवार) सुबह पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई थी, जिसमें पहला हेलीकॉप्टर छातेन की ओर रवाना हुआ था ताकि वहां से लोगों को निकालने की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

## मोदी सरकार के अधीन संवैधानिक निकायों को हाईजैक किया गया

एजेंसी



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को हाईजैक करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा को तारीखों की घोषणा से पहले ही चुनाव कार्यक्रमों के बारे में पता चल जाता है। बिहार के उपमुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी ने यह भी दावा किया कि 2020 में हुए पिछले राज्य विधानसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं थे।

उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों को लेकर गठबंधन सहयोगी एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए संदेह का समर्थन किया। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले राजग के केंद्र में सत्ता में आने के बाद से सभी संवैधानिक निकायों को हाईजैक कर लिया गया है। यह काफी आश्चर्यजनक है कि भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ को निर्वाचन आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा किए जाने से पहले ही पता चुनाव कार्यक्रम के बारे में चल जाता है। हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्र रूप से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर वे प्रभावित होंगी तो लोग न्याय की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। राजद नेता ने कहा लोगों को पता है कि 2020 में विधानसभा चुनाव में प्रदेश में क्या हुआ था। हम सरकार बनाने वाले थे। निर्वाचन आयोग ने शाम को मतगणना रोकने के कारणों को उचित ठहराने के लिए तीन बार संवाददाता सम्मेलन किया।

लेकिन रात को इसे फिर से शुरू क्यों कर दिया गया। जिन महागठबंधन उम्मीदवारों को विजेता घोषित किया गया था, उन्हें बाद में हारा हुआ घोषित कर दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2024 के महाराष्ट्र चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था, जिसमें भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जीत हासिल की थी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक लेख में महाराष्ट्र चुनावों में मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया था।

## ग्रेटा थनबर्ग, कार्यकर्ताओं की नौका को रोकेंगे : इजराइल

तेल अवीव। इजराइल के रक्षा मंत्री ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं को ले जा रही राहत सहायता नौका को गाजा पट्टी तक पहुंचने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने रविवार को कहा कि इजराइल किसी को भी फलस्तीनी क्षेत्र पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की अनुमति नहीं देगा, जिसका उद्देश्य हमास को हथियार आयात करने से रोकना है। ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य कार्यकर्ता मैडलीन नामक नौका पर सवार हैं। इस नौका का संचालन संचालन फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन द्वारा किया जाता है।

इंटरटेनमेंट...

# 'हाउसफुल 5' ने दो दिनों में कमाए 56 करोड़



मुंबई। अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' ने रिलीज के दो दिनों में अब तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 56 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। मेकर्स की ओर से शेयर की गई जानकारी के मुताबिक,

- मास्क लगाकर रिव्यू लेने पहुंचे अक्षय कुमार; एक्शन-कॉमेडी के बाद हॉरर फिल्म में नजर आएंगे एक्टर?

फिल्म ने शनिवार को 32.38 करोड़ रुपए की कमाई की, जबकि पहले दिन यानी शुक्रवार को 24.35 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसी बीच अक्षय कुमार भी मास्क लगाकर आम लोगों के बीच पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने खुद थिएटर के बाहर खड़े होकर यह जानने की कोशिश की कि दर्शकों को फिल्म कैसी लगी। जैसे ही शो खत्म हुआ और लोग थिएटर से बाहर निकले तो अक्षय ने उनसे फिल्म का रिव्यू मांगा। दिलचस्प बात यह रही कि मास्क की वजह से कोई भी उन्हें पहचान नहीं पाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय कुमार जल्द ही डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद की एक हॉरर फिल्म में नजर आ सकते हैं, जो लोक कथाओं पर आधारित होगी। मिड डे की रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय को इस फिल्म की स्क्रिप्ट कुछ महीनों पहले मिल चुकी है।

उन्हें स्क्रिप्ट भी पसंद आ गई है। हालांकि, अभी उन्होंने फिल्म को आधिकारिक तौर पर साइन नहीं किया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि सिद्धार्थ आनंद की यह हॉरर फिल्म बाप-बेटी की कहानी पर आधारित होगी, जिसमें वीएफएक्स का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा। इसी के चलते इन दिनों अक्षय कुमार 'ओएमजी 3', 'जंगल' और मैडडॉक की हॉरर यूनिवर्स से जुड़ी एक फिल्म की तैयारी में भी जुटे हुए हैं। अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख के अलावा करीब एक दर्जन स्टार्स से सजी फिल्म 'हाउसफुल 5' आज रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 45 मिनट है।


## जॉनी लीवर की बेटी ने बयां किया दर्द

मुंबई। कॉमेडियन और एक्ट्रेस जेमी लीवर ने हाल ही में बताया कि किस तरह से बचपन से ही वो रंगभेद और बॉडी शेमिंग का शिकार होती रहीं। हॉटरफ्लाय को दिए इंटरव्यू में जेमी ने कहा, मैं बचपन में बहुत मोटी थी। मेरा शरीर बड़ा था। ऐसे में हमेशा लंबा कुर्ता या टी-शर्ट पहनती थी ताकि अपने शरीर को ढक सकूं। जेमी लीवर ने कहा, घरवाले भी कहते थे कि लंबा कुर्ता पहनो, हिप्स छुपाओ। ये सब सुन-सुनकर मैं अपने शरीर से नफरत करने लगी थी। मुझे शर्म आने लगी थी। मैं अपने आप को पसंद नहीं करती थी। मैं एक पेअर शेप वाली लड़की हूं, इसमें मेरा क्या कसूर? जेमी लीवर को 'काली है', 'चुड़ैल लगती है', जैसे कमेंट्स सुनने पड़े जेमी लीवर ने ये भी बताया कि उन्हें स्किन कलर को लेकर भी खूब ट्रोल किया गया।

## अनुराग कश्यप ने नेटफ्लिक्स सीईओ को कहा बेवकूफ

**मुंबई।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने एक बार फिर नेटफ्लिक्स और उसके सीईओ टेड सारेंडोस पर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने टेड सारेंडोस को बेवकूफ कह दिया है। दरअसल, टेड सारेंडोस ने हाल ही में एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा मौका मिलता तो वो भारत में सेक्रेड गेम्स से शुरूआत नहीं करते। उनकी नजर में कोई ज्यादा पॉपुलर शो ज्यादा अच्छा काम करता। यही बात अनुराग कश्यप को बुरी लग गई। अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। एक वेबसाइट की एक खबर का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए अपनी बात रखी। उस हेडलाइन में लिखा था।

# अल्लू अर्जुन की हीरोइन बनेंगी दीपिका पादुकोण



मुंबई। दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खूब चर्चा में हैं। उन्हें फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर कर दिया गया था। इसी बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस को 'कल्कि 2' से भी हटाया जा सकता है। हालांकि, कुछ लोगों ने इन खबरों को फर्जी करार दिया है।

इस बीच अल्लू अर्जुन और एटली कुमार की आने वाली फिल्म में दीपिका को कास्ट कर लिया गया है। खास बात यह है कि अब इस फिल्म में उनकी फीस को लेकर कई तरह के दावे सामने आ रहे हैं, जिन्हें कुछ लोग एक सोची-समझी रणनीति भी बता रहे हैं। तो चलिए, जानते हैं आखिर यह पूरा मामला क्या है। दरअसल, फिल्म 'स्पिरिट' के दौरान दीपिका ने आठ घंटे की शिफ्ट और 35 दिनों की शूटिंग के लिए 25 करोड़ रुपए की मांग की थी। इतना ही नहीं, उन्होंने प्रॉफिट में 10 प्रतिशत हिस्सा भी मांगा था। यह बात मेकर्स को पसंद नहीं आई और उन्होंने दीपिका को फिल्म से बाहर कर दिया। अब तेलुगु 360 वेबसाइट के मुताबिक, दीपिका ने 'कल्कि 2' के मेकर्स के सामने भी वही शिफ्ट और शर्तें रख दी हैं, जिससे निमार्ता अश्विनी दत्त और स्वप्ना दत्त परेशान हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक्ट्रेस के साथ समझौते की कोशिश जारी है, लेकिन अगर वह अपनी मांगों पर अड़ी रहीं, तो उन्हें फिल्म से बाहर कर किसी और को कास्ट किया जा सकता है।

इसी बीच, बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म की शूटिंग अभी शुरू ही नहीं हुई है, तो सेट पर मतभेद (फ्रिक्शन) कैसे हो सकते हैं? बताया गया है कि शूटिंग लगभग एक साल बाद शुरू होगी। हालांकि, इस पर अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। भले ही दीपिका के हाथ से एक और फिल्म निकल सकती थी, लेकिन उन्हें अल्लू अर्जुन और एटली कुमार की अपकमिंग फिल्म एए22 #ए6 में कास्ट कर लिया गया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com